RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16
मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net
वर्ष 33 ■ अंक 292 ■ मुंबई, बुधवार 14 मई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00
संरक्षक : आरएन सिंह

## भव्य लोकार्पण सोहळा

## KIMS Manavata HOSPITAL

**350** बेड्स चे अद्यावत हॉस्पिटल

**100** 24 x 7 अति दक्षता क्रिटिकल केअर बेड्स

**60** सर्व सुपर स्पेशॅलिटी विभागांसाठी अनुभवी डॉक्टर

**24X7** उच्च-जोखमीच्या गर्भधारणेसाठी विशेष आपत्कालीन विभाग

**04** एंडोस्कोपी सूट्स डेडिकेटेड ERCP, कोलांजिओस्कोप आणि एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाऊंड

**15** अत्याधुनिक तंत्रज्ञानाने सुसज्ज मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर

**54** बाह्यरुग्ण क्लिनिक (ओ पी डी)

EBUS तंत्रज्ञानाने सुसज्ज उत्तर महाराष्ट्रातील एकमात्र पल्मोनोलॉजी विभाग

CRRT आणि किडनी प्रत्यारोपणाच्या सुविधांसह सर्वात मोठे डायलिसिस युनिट

लहान मुलांपासून ते प्रौढांसाठी उत्तर महाराष्ट्रातील सर्वात प्रगत कॅथ लॅब

सर्वात मोठे ट्रॉमा युनिट पॉलीट्रॉमा व न्युरोसायन्सेससह

उत्तर महाराष्ट्रातील सर्वात मोठे व प्रगत तंत्रज्ञाने सुसज्य मेडिकल हेल्थ कॅम्पस

लेव्हल ४ NICU आणि ॲडव्हान्स्ड PICU

रोबोटिक सांधे प्रत्यारोपण विभाग

उत्तर महाराष्ट्रातील सर्वात मोठे आपत्कालीन विभाग

एयर एम्बुलेंस सुविधा असलेले हॉस्पिटल




## कुटुंबातील प्रत्येकासाठी अत्याधुनिक व गुणवत्तापूर्ण आरोग्यसेवा !!!

KIMS Manavata HOSPITAL | KIMS CUDDLES™ MOTHER & CHILD CENTRE

बुधवार | 14 | मे 2025

स्थळ: मानवता हेल्थ कॅम्पस, नाशिक

उद्घाटन वेळ: सकाळी 11:00 वा.

www.kimsmanavata.org 1800-268-3333 Folow us on

ओपन हाऊस - दि. 14 मे रोजी सकाळी 10 ते रात्री 10 | मानवता कॅम्पस मधील आधुनिक वैद्यकीय तंत्रज्ञानाची माहिती मिळवा गाईडेड टूरच्या माध्यमातून

# सरकार ने मोबाइल टीम योजना को मंजूरी दी

महानगर संवाददाता
मुंबई




मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे,उपमुख्यमंत्री अजित पवार और मंत्रिमंडल के सदस्य उपस्थित थे।

**प्रथम चरण में 31 मोबाइल वैन लगाई जाएगी**

सड़क पर रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए राज्य में मोबाइल टीम योजना को मंजूरी दी गई है। प्रथम चरण में 29 नगर निगम क्षेत्रों में 31 मोबाइल वैन लगाई जाएगी। इसके लिए करीब 8 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए है। 'होम स्वीट होम' योजना के तहत नागपुर स्मार्ट सिटी परियोजना के लाभार्थियों को आवंटित घरों के पट्टा दस्तावेजों पर स्टाम्प शुल्क देना पड़ता था। अब इसे घटाकर सिर्फ 1 हजार रुपए कर दिया गया है।

कृत्रिम रेत (एम-सैंड) नीति को मंजूरी- उद्योग विभाग प्रत्येक जिले में 50 व्यक्तियों/संगठनों को एम-सैंड इकाईयां स्थापित करने के लिए रियायतें देगा। इसमें प्रति इकाई 50 लाख रुपये की रियायत मिलेगी। एम-सैंड का उत्पादन करने वाली इकाई को प्रति ब्रास 200 रुपये का भुगतान किया जाएगा। इससे पर्यावरण को रहे नुकसान से बचा जा सकेगा।

### ITI को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा

राज्य वेतन घाटा निवारण समिति की रिपोर्ट भी स्वीकार कर ली गई। राज्य सरकार 80 करोड़ रुपए का भार वहन करेगी। राज्य में सरकारी आईटीआई के सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से आधुनिकीकरण की नीति आईटीआई को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य इसे एक केन्द्र के रूप में परिवर्तित करना है,जिससे उद्योग और आईटीआई के बीच समन्वय के माध्यम से रोजगार क्षमता बढ़ेगी। साथ ही व्यावहारिक शिक्षा के साथ ज्ञान और कौशल शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति होगी। इसके साथ ही बैठक में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के महाराष्ट्र उप-केंद्र के लिए चिंचोली (तेल. कामठी), जिला नागपुर में 20.33 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

### बीमारी से तंग आकर महिला ने की आत्महत्या

**मुंबई।** दहिसर इलाके से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। मंगलवार दोपहर एक 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने बीमारी से तंग आकर सातवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू की।

मृतका की पहचान मर्लिन मेनन के रूप में हुई है,वो पिछले छह महीनों से न्यू हेरिटेज बिल्डिंग की सातवीं मंजिल पर अकेली रह रही थीं। बताया गया है कि उनके पति का निधन कुछ महीने पहले हो गया था। पुलिस के अनुसार,महिला लंबे समय से बीमारी से जूझ रही थीं और मानसिक रूप से भी परेशान थीं। उन्होंने एक सुसाइड नोट छोड़ा है जिसमें उन्होंने अपनी बीमारी और मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या करने की बात लिखी है। घटना का पता तब चला जब सोसायटी के चौकीदार ने खून से लथपथ शव को बिल्डिंग के नीचे देखा,उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। एमएचबी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि महिला की मौत के बाद आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया गया है, मामले की जांच जारी है।

# पशुपालन मंत्री पंकजा मुंडे का ऐतिहासिक निर्णय

## अब पशुपालन विभाग में तबादले काउंसलिंग के माध्यम से होंगे

महानगर संवाददाता
मुंबई



पशुपालन मंत्री पंकजा मुंडे ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए घोषणा की है कि अब पशुपालन विभाग के पशुधन विकास अधिकारी और सहायक आयुक्त जैसे पदों पर तबादले काउंसलिंग की प्रक्रिया के माध्यम से किए जाएंगे। राज्य के विभिन्न भागों में सीमित तबादला-योग्य कर्मियों और बड़ी संख्या में रिक्त पदों को ध्यान में रखते हुए, यह कदम मानव संसाधन का संतुलन बनाए रखने और तबादला प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए उठाया गया है। यह काउंसलिंग प्रक्रिया 15 और 16 मई को आयुक्त, पशुपालन विभाग, महाराष्ट्र राज्य, पुणे में आयोजित की जाएगी। इस दौरान लगभग 650 अधिकारियों के तबादले किए जाएंगे। पशुपालन और दुग्ध व्यवसाय विभागों के पुनर्गठन के बाद कई नए पदों का सृजन हुआ है,जिससे विभाग में रिक्त पदों की संख्या में वृद्धि हुई है। इन पदों को भरने के लिए महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग को 3000 से अधिक पदों की मांग भेजी गई है और निकट भविष्य में इन पदों को भरा जाना प्रस्तावित है।

### पारदर्शिता के साथ, पसंद के अनुसार तबादले

राज्यभर में संतुलित रूप से मानवबल उपलब्ध हो सके, इसके लिए पशुधन विकास अधिकारी और सहायक आयुक्त संवर्ग में प्राथमिकता वाले पदों की पहचान की गई है। इन पदों पर तबादले के लिए अधिकारियों को उनकी पसंद के स्थान चुनने का अवसर काउंसलिंग के माध्यम से दिया जाएगा। इस प्रक्रिया में वरिष्ठता और वरीयता के आधार पर अधिकारी उपलब्ध पदों में से अपनी पसंद के स्थान का चयन कर सकेंगे। यह जानकारी पशुपालन मंत्री पंकजा मुंडे ने दी।

काउंसलिंग के जरिए तबादलों की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाएगा।

# कोस्टल रोड पर सुरक्षा उपायों की अनदेखी

## एक साल में हो चुकी है 9 दुर्घटना



**मुंबई।** मरीन ड्राइव से वर्ली सीलिंक तक बने कोस्टल रोड को वाहनों के लिए मार्च 2024 से चरणबद्ध रूप में खोला दिया गया है। मनपा ने कोस्टल रोड को वाहनों के लिए जरूर खोला लेकिन सुरक्षा को लेकर नजरअंदाज कर दिया गया। मार्च 2024 से अब तक इस मार्ग पर कुल नौ सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी है। जिनमें कुछ लोग घायल भी हुए हैं। एक दुर्घटना के दौरान वाहन में आग लगने की भी घटना घटी। इन दुर्घटनाओं का मुख्य कारण तेज रफ्तार और स्टंटबाजी बताया गया है। इस मार्ग पर तेज गति को नियंत्रित करने के लिए न तो सीसीटीवी कैमरे लग पाए है और न ही सुरक्षा बल। आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन केंद्र जैसे सुरक्षा उपाय अभी तक लागू नहीं किए गए हैं। मुंबई कोस्टल रोड का निर्माण प्रिंसेस स्ट्रीट फ्लाईओवर से लेकर बांद्रा वर्ली सी लिंक के वर्ली छोर तक किया गया है। इस मार्ग का पहला चरण बिंदू माधव ठाकरे चौक (वर्ली) से मरीन ड्राइव साउथबाउंड दिशा में 11 मार्च 2024 को खोला गया था।

# मनपा स्कूलों के दसवीं कक्षा का परिणाम 92.92 प्रतिशत

## 89 स्कूलों का 100 प्रतिशत रहा परिणाम

महानगर संवाददाता
मुंबई




महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मंगलवार को दसवीं का परिणाम घोषित किया गया। मुंबई मनपा के दसवीं का परिणाम 92.92 प्रतिशत रहा है। जबकि मनपा के 89 स्कूलों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा और 118 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। इस साल 14,966 छात्रों ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा दी थी, जिनमें से 13,907 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। मनपा के वर्ली सी फेस माध्यमिक स्कूल की छात्रा अक्षरा अजय वर्मा ने 96.80 प्रतिशत अंक लेकर मनपा के सभी स्कूलों में पहला स्थान प्राप्त किया। गजधर पार्क माणेकजी स्कूल की नंदिनी शगुन लाल यादव ने 96.20 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया । गुंदवली मुंबई पब्लिक स्कूल की सेजल शेर बहादुर यादव ने 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया है। पिछले तीन वर्षों के परिणामों की तुलना करें तो मार्च 2023 में 84.77 प्रतिशत, मार्च 2024 में 91.56 प्रतिशत और इस वर्ष मार्च 2025 में 92.92 प्रतिशत परिणाम रहा है। पिछले वर्ष 79 स्कूलों का परिणाम शत-प्रतिशत था। जबकि इस साल यह संख्या बढ़कर 89 हो गई है। इस सफलता के पीछे महानगरपालिका के शिक्षा विभाग की विशेष योजना और 'मिशन मेरिट' अभ्यास पुस्तिका का योगदान रहा है। परीक्षा की तैयारी के लिए छात्रों को मॉडल पेपर हल कराए गए स्कूल में मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए गए और 10वीं कक्षा की परीक्षा की तर्ज पर स्कूल स्तर पर अभ्यास प्रश्न पत्र हल कराए गए।

**सीबीएसई बोर्ड का परिणाम भी 82% रहा :** मनपा का एक मात्र सीबीएसई स्कूल का परिणाम 82 प्रतिशत रहा। पूनम नगर सीबीएसई स्कूल की 10वीं कक्षा के 38 छात्रों ने परीक्षा दी थी जिनमें से 13 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। छात्रा मिसबाह फारुखी ने 91 प्रतिशत अंक हासिल किया।

### अवर लेडी ऑफ वेलंकनी हाईस्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत

भायंदर । पिछले 31 वर्षों से शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत अवर लेडी ऑफ वेलंकनी हाईस्कूल का एसएससी का इस वर्ष का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा हैं। महाराष्ट्र एसएससी बोर्ड के परिणाम घोषित किये गए हैं।

स्कूल की अध्यक्षा निर्मला माखीजा ने बताया की जुली मिश्रा 93% अंकों के साथ प्रथम ,खुशी गुप्ता 87.40% अंकों के साथ द्वितीय एवं पलक सिंह 86.80% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही हैं। स्कूल के कुल 58 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे जिसमे सभी सफल हुए।जुली ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्कूल के टीचर्स व माता पिता को दिया हैं। स्कूल की अध्यक्षा निर्मला माखीजा, पिंकी सत्संगी, विवेक सत्संगी व युथ फोरम के अध्यक्ष दीपक जैन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं।

# कमलादेवी पब्लिक स्कूल ने हासिल किया 100% एसएससी परिणाम

**कल्याण।** कमलादेवी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए बहुत ही खास और यादगार दिन है। महाराष्ट्र राज्य बोर्ड द्वारा 2024-25 के एसएससी (10वीं कक्षा) परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया और स्कूल ने पूरे 100% परिणाम के साथ शानदार सफलता हासिल की है। इस वर्ष स्कूल का हर एक छात्र पास हुआ है, जो स्कूल के लिए गर्व और उत्सव का विषय है। स्कूल के कुछ टॉप छात्रों की उपलब्धियों ने पूरे संस्थान का नाम रोशन किया। प्रथम स्थान प्राप्त किया है शेखर साहा ने, जिन्होंने 96.40% अंक प्राप्त किए। वे एक शांत, मेहनती और पढ़ाई में पूरी तरह समर्पित छात्र माने जाते हैं। उनका सपना है कि वे एक दिन एक सफल आईएस ऑफिसर बनें। उनका यह परिणाम केवल अंक नहीं है, यह उनके समर्पण और अनुशासन की कहानी है। शेखर की यह उपलब्धि पुरे कल्याण पूर्व क्षेत्र में प्रथम स्थान पर हैं। दूसरे स्थान पर रहीं रोशनी कर्मोलकर, जिन्होंने 90% अंक प्राप्त किए। वे हमेशा से अकाउंट्स और बिजनेस स्टडीज़ में रुचि रखती रही हैं और अब वे कॉमर्स क्षेत्र में आगे पढ़ाई करके चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का सपना देख रही हैं।

# शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट को बड़ा झटका

## तेजस्वी घोसालकर ने शिवसेना यूबीटी से इस्तीफा दिया



**मुंबई।** मनपा चुनाव से पहले शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट को बड़ा झटका लगा है। ठाकरे परिवार से अच्छे संबंध रखने वाले विनोद घोसालकर की बहू तेजस्वी घोसालकर ने शिवसेना यूबीटी से इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि स्थानीय नेतृत्व से असंतोष के कारण उन्होंने इस्तीफा दिया। उनके ससुर विनोद घोसालकर उत्तर मुंबई में शिवसेना यूबीटी का चेहरा हैं और ठाकरे परिवार से उनके निजी संबंध हैं। तेजस्वी दिवंगत शिवसेना (यूबीटी) पार्षद अभिषेक घोसालकर की पत्नी हैं, जिनकी फरवरी 2024 में फेसबुक लाइवस्ट्रीम के दौरान व्यवसायी मौरिस नोरोन्हा ने गोली मारकर हत्या कर दी थी, जो उनसे रंजिश रखते था। अपने इस्तीफे में तेजस्वी ने स्थानीय नेतृत्व पर नाराजगी जताई है। वह शिवसेना यूबीटी के लिए दहिसर विधानसभा की महिला शाखा की प्रभारी थीं। उन्होंने अपना इस्तीफा ब्लॉक प्रभारी को व्हाट्सएप के जरिए भेजा। सूत्रों के अनुसार वह भाजपा या शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हो सकती हैं। आगामी बीएमसी चुनावों के मद्देनजर शिवसेना यूबीटी को अपनी पार्टी को एकजुट रखने के लिए कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। तेजस्वी को इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए मातोश्री बुलाया गया और पार्टी पदाधिकारियों ने उन्हें अपना इस्तीफा वापस लेने के लिए मनाने का प्रयास किया।

# काले जादू की सामग्री से कुएं प्रदूषित करने पर दंपती और तांत्रिक के खिलाफ केस दर्ज

**नवी मुंबई।** अपनी बेटी का प्रेम संबंध तोड़वाने के लिए काले जादू का सहारा लेने वाले नवी मुंबई के एक दंपती और एक स्वयंभू तांत्रिक के खिलाफ रेवदांडा पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। आरोप है कि इन लोगों ने मुरुड तालुका के कई सार्वजनिक कुओं में काले जादू से जुड़ी सामग्री फेंककर पानी को प्रदूषित किया और इलाके में दहशत फैलाई। रविवार सुबह,नेरुल सेक्टर 23 निवासी एक दंपती ने अपनी बेटी को एक कथित अवांछित रिश्ते से अलग करने के लिए एक तांत्रिक की मदद ली। पुलिस के अनुसार तांत्रिक ने उन्हें पांच जादुई ईंटें", विभूति (राख), ताबीज और अन्य संदिग्ध वस्तुएं दीं। इसके बाद तीनों ने नेरुल से मुरुड के रास्ते में सालाव पुल से लेकर ताडवाड़ी तक कई सार्वजनिक कुओं में ये सामग्री फेंक दी। स्थानीय लोगों ने तीनों को कुओं में संदिग्ध वस्तुएं डालते हुए देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। रेवदांडा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, ये सामग्री लोगों में डर फैलाने और सार्वजनिक जलस्रोत को नुकसान पहुंचाने के इरादे से डाली गई थी।

### गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

पुलिस ने तीनों आरोपियों पर महाराष्ट्र अंधश्रद्धा उन्मूलन व अमानवीय, अघोरी प्रथा और काला जादू विरोधी कानून 2013, और भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 279 (सार्वजनिक जल स्रोत को जानबूझकर प्रदूषित करना) के तहत मामला दर्ज किया है। रविवार रात तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया, और आगे की जांच जारी है।

# अमरूद और मटर के दाम छूने लगे आसमान

## रसोई का बजट बिगाड़ रही महंगाई

**ठाणे।** बेमौसम बारिश ने एक बार फिर आम आदमी की थाली से सब्जियां गायब करनी शुरू कर दी हैं। बाजार में अमरूद, मटर और हरी मात्र जैसे रोज़मर्रा के इस्तेमाल की सब्जियां 100 रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गई हैं। हरी फली की कीमतें तो 150 रुपए किलो तक जा पहुंची हैं, जिससे गृहणियों की चिंता बढ़ गई है।

बता दें कि सब्जी विक्रेताओं के मुताबिक,लगातार बदलते मौसम और बारिश से फसलें खराब हुई हैं, जिससे सब्जियों की आवक कम हो गई है। ठाणे के सब्जी विक्रेता भगवान तुपे ने बताया कि हरी मटर पहले जहां 60 से 70 रुपए में मिल रही थी,अब 125 से 150 रुपए किलो बिक रही है। मटर,राजमा और आलू भी 100 से 120 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। हालांकि कुछ सब्जियां अभी भी राहत दे रही हैं। लाल कद्दू,खीरा और गाजर जैसे उत्पाद 40 से 60 रुपए किलो में उपलब्ध हैं। वहीं, बड़ी भिंडी 50 से 60 रुपये किलो और छोटी भिंडी 80 रुपये किलो में बिक रही है। बाजार में हाहाकार मचा है और आम उपभोक्ता सब्जियों की बढ़ती कीमतों से परेशान हैं। अगर मौसम का यही हाल रहा, तो आने वाले दिनों में रसोई का बजट और अधिक गड़बड़ा सकता है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज आईडी क्र. | 2025_एमसीजीएम_1178535_1 |
| विषय | आपातकालीन स्थिति में प्रमुख अस्पतालों की गंदी चादरों की मनपा पॉवर लॉन्ड्री में यांत्रिक निजी लॉन्ड्री से धुलाई का कार्य. |
| निविदा का शुल्क | रु. 3300/- (+ 18% जीएसटी) |
| ई-निविदा का शुल्क (अनुमानित लागत) | आइटम दर निविदा |
| बोली सुरक्षा जमा / ईएमडी | रु. 20,000/- |
| निविदा जारी करने और बिक्री की आरंभ तिथि | 13.05.2025 को शाम 16:00 बजे से |
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | 19.05.2025 को शाम 16:00 बजे तक |
| लिफाफा ए, बी एवं सी जमा करना (ऑनलाइन) | 19.05.2025 को शाम 16:00 बजे तक |
| लिफाफा ए का खुलना (बोली खुलना) | 20.05.2025 को शाम 16:00 बजे के बाद |
| लिफाफा बी का खुलना (बोली खुलना) | 20.05.2025 को शाम 16:00 बजे के बाद |
| लिफाफा सी का खुलना (बोली खुलना) | 22.05.2025 को शाम 16:00 बजे के बाद |
| संपर्क का पता | कार्यालय – ई.ई. मेके. (दक्षिण) बीएमसी मनपा वर्कशॉप, आर. एस. निमकर मार्ग, भायखला, मुंबई – 400008 |
| बोली खोलने का स्थान व संपर्क व्यक्ति | ऑनलाइन, ए.ई. (मनपा पॉवर लॉन्ड्री) के कार्यालय में |
| एम) नाम | श्री एन. टी. जाधव |
| एन) मोबाइल क्र. | 9769005647 |
| मनपा वेबसाइट | https://portal.mcgm.gov.in / https://mahatenders.gov.in |
| ई-मेल पता | aempl.me@mcgm.gov.in |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है. मनपा के पास बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विषय हेतु प्राप्त किसी भी अथवा सभी आवेदन को निरस्त करने अथवा किसी भी आवेदन को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है.

हस्ता./-
कार्य. अभि. यांत्रिक (दक्षिण) विभाग

पीआरओ/396/विज्ञा./ 2025-26

कहीं भी पानी जमा ना होने दें, मच्छरों को आमंत्रित ना करें.


# एल एंड टी के कर्मी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु

**मुंबई।** बांद्रा पुलिस थाने की हद में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान टुनटुन कुमार शाह (38) के रूप में हुई है, जो एल एंड टी कंपनी में कार्यरत था। सड़क पर कराटे वक्त एक अज्ञात चालक ने उसे टक्कर मार दी और बिना कोई इलाज दिलाये मौके से फरार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिसकर्मी और अधिकारी नियमित ड्यूटी पर बांद्रा पुलिस स्टेशन के वायरलेस मोबाइल वाहन पर गश्त कर रहे थे। तभी शाम 5:02 बजे उन्हें कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि बांद्रा-वर्ली सी-लिंक टोल प्लाज़ा के पास एक सड़क हादसा हुआ है और वहां पुलिस सहायता की आवश्यकता है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति सड़क के बीचोंबीच खून से लथपथ अवस्था में पड़ा था। उसके सिर में गहरी चोट थी और नाक, कान और मुंह से खून बह रहा था। छाती और पेट पर भी गंभीर चोटें थीं। उसे तुरंत पुलिसकर्मियों ने उठाया और जांच के लिए उसे तुरंत भाभा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया।

# कौशल विकास विभाग की नई पीपीपी नीति


## महाराष्ट्र इंस्टिट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन (मित्रा) होगा रणनीतिक भागीदार

महानगर संवाददाता
मुंबई




महाराष्ट्र की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) को वैश्विक स्तर की प्रशिक्षण संस्थाओं में रूपांतरित करके उद्योगों की आवश्यकता अनुसार अत्याधुनिक प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने के उद्देश्य से कौशल, रोजगार और नवाचार विभाग द्वारा तैयार की गई सार्वजनिक-निजी भागीदारी अर्थात पीपीपी नीति को आज राज्य मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी। इस नीति के माध्यम से अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण, संस्थाओं की बुनियादी सुविधाएं, वैश्विक स्तर की कंपनियों में सीधा अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण और कंपनियों की भागीदारी के कारण प्रशिक्षणार्थियों को आर्थिक रूप से सक्षम बनानेवाले रोजगार के वैश्विक अवसर उपलब्ध होंगे। उक्त नीति के अंतर्गत समयानुकूल, नवाचारी पाठ्यक्रम पढ़ाए जाएंगे और 2 लाख आईटीआई विद्यार्थियों को इसका लाभ होगा, ऐसा कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री श्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने मंत्रालय के वार्ताहर कक्ष में पत्रकारों से संवाद करते हुए बताया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मनीषा वर्मा भी उपस्थित थीं। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं (आईटीआई) राज्य की व्यावसायिक शिक्षा प्रणाली का अभिन्न भाग रही हैं। इन संस्थाओं को अब वास्तव में वैश्विक औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र बनाकर महाराष्ट्र में कुशल मानव संसाधन तैयार करने हेतु सार्वजनिक-निजी भागीदारी अर्थात पीपीपी नीति की आवश्यकता है, ऐसा कौशल, रोजगार और नवाचार विभाग के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने मंत्रिमंडल बैठक के पश्चात स्पष्ट किया।

# भाजपा के 58 जिला अध्यक्षों की हुई नियुक्ति



**मुंबई।** महाराष्ट्र भाजपा संगठन चुनावों को गति देते हुए मुंबई समेत 58 जिला अध्यक्षों का ऐलान कर दिया है। भाजपा ने नागपुर महानगर की जिम्मेदारी दयाशंकर तिवारी को सौंपी है। इसी प्रकार पार्टी ने मीरा भाईंदर में दिलीप जैन को पार्टी की कमान दी है। पार्टी ने कल्याण में नंदु परब और उल्लासनगर में राजेश वधारिया को अध्यक्ष बनाया है। पुणे शहर में जिला अध्यक्ष का पद धिरज घाटे को दिया है। महाराष्ट्र में प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी अभी राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के पास है। पार्टी ने पूर्व मंत्री रवींद्र चव्हाण को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। उन्हें ही बावनकुले के उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जा रहा है। भाजपा ने आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में मुंबई,ठाणे,कल्याण डोंबिवली सहित राज्य के नगर निगमों पर जीत हासिल करने की रणनीति तैयार की है। विधानसभा चुनाव में जनता ने महागठबंधन की सहयोगी भाजपा को अकेले दम पर सरकार बनाने का सौभाग्य दिया। विधानसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद भाजपा नेताओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और भाजपा ने अपना ध्यान आगामी स्थानीय निकाय चुनावों पर केंद्रित कर दिया है। भाजपा ने अब राज्य के सभी जिलों में कुल 58 जिलाध्यक्ष नियुक्त किए हैं। मुंबई में उत्तर मुंबई, उत्तर पूर्व मुंबई और उत्तर मध्य मुंबई के लिए क्रमशः दीपक तावड़े, दीपक दलवी और विरेंद्र म्हात्रे को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्य में मंडल और तालुका अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद भाजपा ने जिला अध्यक्ष के नाम पर मुहर लगा दी है। भाजपा द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार कोकण, पश्चिम महाराष्ट्र, उत्तर महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, विदर्भ और मुंबई सहित राज्य के 36 जिलों में कुल 58 जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई है। यह पूरी नियुक्ति प्रक्रिया मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मार्गदर्शन और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले व कार्याध्यक्ष रविंद्र चव्हाण के नेतृत्व में पूरी की गई है।

# कर्नाक ब्रिज बनाने का आखिर गर्डर घटनास्थल पर पहुंचा

## ठेकेदार पर देरी को लेकर लगा 1.80 करोड़ का जुर्माना

**मुंबई।** कर्नाक ब्रिज के निर्माण कार्य में मुख्य गर्डर समय पर नहीं पहुंचने से काम में देरी हो रहे है। अब जाकर गर्डर घटनास्थल पर पहुंच गया है। मनपा ने गर्डर आने में देरी होने पर ठेकेदार को 1.80 करोड़ का जुर्माना लगाया है। मनपा का अनुमान है कि कर्नाक ब्रिज का काम 10 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। ब्रिज का काम पूरा होने पर ब्रिज को किसी भी समय वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। मनपा अधिकारियों के अनुसार जो गर्डर्स 30 अप्रैल तक पहुंचने थे, वह आखिरकार पिछले सप्ताहांत में घटनास्थल पर पहुंचे। यद्यपि बहुमूल्य समय नष्ट हो गया, परन्तु क्षति अपूरणीय नहीं है। जब देरी की बात मनपा के ध्यान में आने लगी तो पिछले सप्ताह दमन स्थित गर्डर निर्माण स्थल पर मनपा के एक इंजीनियर को गर्डर के निर्माण से लेकर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए तैनात किया गया। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि "जब 30 अप्रैल तक गर्डर्स नहीं पहुंचे, तो हमने 1 मई से ठेकेदार पर जुर्माना लगाना शुरू किया। पहले दो दिनों तक जुर्माना 10 लाख प्रतिदिन था। तीसरे दिन 10 मई से यह बढ़कर 20 लाख प्रतिदिन कर दिया गया, जिससे ठेकेदार पर कुल जुर्माना 1.80 करोड़ लगाया गया। मनपा ने 10 जून तक ब्रिज के निर्माण होने की संभावना व्यक्त की है।

RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 33 ■ अंक 292 ■ मुंबई, बुधवार 14 मई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह



भारत के सामने कमजोर पड़े चीनी हथियार

पेज-4



कानपुर चिड़ियाघर अगले कुछ दिनों तक बंद, इंफेक्शन फैलने का खतरा

पेज-6



घुड़सवार अनुष अग्रवाल का ड्रेसर्टेज ग्रां प्री में शानदार प्रदर्शन

पेज-9



कार्तिक आर्यन ने अनुराग बसु की शेड्यूल को किया पूरा

पेज-10

# आतंकी हमले का जवाब अपनी शर्तों पर देंगे

## 'निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा–तबाही और महाविनाश'

## पाक में ऐसा कोई ठिकाना नहीं, जहां आतंकी चैन से रह सकें, घर में घुसकर मारेंगे

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जालंधर में आदमपुर एयरबेस का दौरा किया। यहां उन्होंने सेना के जवानों और वायु योद्धाओं का हौसला बढ़ाया। पीएम मोदी ने यहां सिर्फ जवानों के साथ तस्वीरें ही नहीं खिंचवाईं, बल्कि इससे पाकिस्तान के झूठ को दुनिया के सामने बेनकाब कर दिया। उन्होंने जवानों से बात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत माता की जय यह सिर्फ उद्घोष नहीं है, यह देश के हर उस सैनिक की शपथ है, जो मां भारती की मान मर्यादा के लिए जान की बाजी लगा देता है। यह देश के हर उस नागरिक की आवाज है जो देश के लिए जीना चाहता है। यह मैदान में भी गूंजती है और मिशन में भी।

पीएम मोदी ने कहा कि जब भारत के सैनिक मां भारत की जय बोलते हैं तो दुश्मन के कलेजे कांप जाते हैं। जब हमारी मिसाइलें सनसनाती हुईं निशाने पर पहुंचती हैं, तब दुश्मनों को सुनाई देता है- भारत माता की जय। जब रात के अंधेरे में भी हम सूरज उगा देते हैं तो दुश्मन



को दिखाई देता है- भारत माता की जय। जब हमारी फौज परमाणु बम की धमकी हवा निकाल देती है तो आकाश से पाताल तक एक ही आवाज गूंजती है भारत माता की जयकार। आप सभी ने कोटि-कोटि भारतीयों का सीना चौड़ा कर दिया। हर भारतीय का माथा ऊंचा कर दिया। आपने इतिहास रच दिया। मैं आपके दर्शन करने आया हूं। उन्होंने कहा कि जब वीरों के पैर जमीन पर पड़ते हैं तो धरती धन्य हो जाती है।

### वो कायरों की तरह छिपते रहे

पीएम मोदी ने कहा कि वो कायरों की तरह छिपते रहे, वो भूल गए कि उन्होंने जिसे ललकारा है, वह हिंद की सेना है। आपने उन्हें सामने से हमला करके मारा। आपने आतंक के तमाम बड़े अड्डों को मिट्टी में मिला दिया। नौ आतंकी ठिकाने बर्बाद कर दिए। सौ से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई। आतंक के आकाओं को अब समझ आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का एक ही अंजाम होगा- तबाही। भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा- विनाश और महाविनाश।

आज से अनेक दशक बाद भी जब भारत के पराक्रम की चर्चा होगी तो उसके सबसे प्रमुख अध्याय आप और आपके साथी होंगे। आप सभी वर्तमान के साथ ही देश की आने वाली पीढ़ियों के लिए भी नई प्रेरणा बन गए हैं। मैं वीरों की इस धरती से वायुसेना, थलसेना, नौसेना के सभी जांबाजों और देश के शूरवीरों को सैल्यूट करता हूं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की गूंज सुनाई दे रही है। हर भारतीय की प्रार्थना आपके साथ है। हर देशवासी अपने सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञ है। ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है।

शेष पेज 7 पर

### आतंकवादियों को बचने का एक भी मौका नहीं देंगे

पीएम मोदी ने कहा कि जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की थलसेना, वायुसेना और नौसेना ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। आपने पाकिस्तानी फौज को भी बता दिया कि पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे।

# पहले PoK खाली करे पाकिस्तान

- तभी होगी द्विपक्षीय वार्ता, तीसरा कोई दखल ना दे
- 'ऑपरेशन सिंदूर के बाद नहीं हुआ ट्रेड का जिक्र'

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत सरकार ने साफ किया है कि जम्मू-कश्मीर से जुड़ा कोई भी मुद्दा केवल भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय तरीके से सुलझाया जाएगा, किसी तीसरे पक्ष की इसमें कोई भूमिका नहीं होगी। इसके साथ ही भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता को लेकर किसी तीसरे पक्ष की दखल को भी खारिज कर दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पाकिस्तान को अवैध रूप से कब्जा किए गए कश्मीर (PoK) को खाली करना ही होगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि भारत की यह नीति लंबे समय से रही है और इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है।



### 'तुर्किए की गतिविधियों को किया है नोट'

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच तुर्किए ने पाक सेना को समर्थन दिया था और वैश्विक मंचों पर भी पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखा था। इसे लेकर ने विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने तुर्किए की गतिविधियों को भी दर्ज किया है।

### 'कश्मीर पर हमारी नीति में बदलाव नहीं'

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि भारत का रुख कश्मीर पर नहीं बदला है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से जुड़े किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय रूप से सुलझाना होगा, यह नीति नहीं बदली है। लंबित मामला पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान ने औद्योगिक स्तर पर आतंकवाद को बढ़ावा दिया है। भारत द्वारा नष्ट किए गए आतंकवादी ढांचे न केवल भारतीयों की बल्कि दुनिया भर में कई अन्य निर्दोष लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार थे। अब यह एक नया दस्तूर चलन में आया है और जितनी जल्दी पाकिस्तान को इसकी आदत हो जाए, उतना ही बेहतर है।

### ट्रंप और व्यापार पर क्या बोला विदेश मंत्रालय?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और व्यापार पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, '7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत हुई। इनमें से किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा।'

शेष पेज 7 पर

## Short News एक नजर

### दरगाह ध्वस्त; सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में एक रजिस्टर्ड वक्फ संपत्ति को ध्वस्त करने के मामले में एक अवमानना याचिका पर राज्य के अधिकारियों से जवाब मांगा है। याचिका में दलील दी गई है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को चुनौती देने के मामले में केंद्र की ओर से शीर्ष अदालत को भरोसा दिए जाने के बावजूद देहरादून में दरगाह को बिना किसी नोटिस के ही जमींदोज कर दिया गया। यह घटना 25-26 अप्रैल की मध्यरात को हुई।

### चुनाव आयोग ने 20 साल पुरानी समस्या का निकाला हल

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने समान नंबर वाले मतदाता पहचान-पत्रों के मुद्दे का समाधान निकाल लिया है। ऐसे कार्ड धारकों को नए नंबर वाले नए मतदाता पहचान-पत्र जारी किए गए हैं। सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि 20 साल पुरानी समस्या का हल निकाल लिया गया है। उन्होंने कहा कि समान मतदाता फोटो पहचान पत्र या ईपीआईसी संख्या के मामले अत्यंत कम थे जो चार मतदान केंद्रों में औसतन करीब एक हैं। सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र स्तरीय सत्यापन के दौरान पाया गया कि समान ईपीआईसी संख्या वाले लोग अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों और अलग-अलग मतदान केंद्रों के वास्तविक मतदाता थे।

# 10वीं का रिजल्ट जारी



छाया : कुणाल कासार

**विभागवार परिणामों का प्रतिशत**

| | |
|---|---|
| कोंकण | 98.82 टक्के |
| कोल्हापुर | 96.78 टक्के |
| मुंबई | 95.84 टक्के |
| पुणे | 94.81 टक्के |
| नासिक | 93.04 टक्के |
| अमरावती | 92.95 टक्के |
| संभाजीनगर | 92.82 टक्के |
| लातूर | 92.77 टक्के |
| नागपुर | 90.78 टक्के |

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

महाराष्ट्र बोर्ड 10वीं एसएससी 2025 के विभाग अनुसार नतीजों की घोषणा हो चुकी है। महाराष्ट्र में पिछली बार की तरह इस बार भी लड़कों की अपेक्षा लड़कियों ने बाजी मारी है। पास होने वाली लड़कियों का प्रतिशत 96.14 रहा है, जबकि लड़कों का प्रतिशत 92.21 रहा है।

**कोंकण निकला आगे, नागपुर पिछड़ा**

इस साल महाराष्ट्र का 10वीं का रिजल्ट 94.10 प्रतिशत रहा है। इस साल 12वीं बोर्ड में कोंकण ने बाजी मारी थी। इसी सिलसिले को बरकरार रखते हुए कोंकण ने 10वीं में भी कोंकण क्षेत्र अव्वल आया है। लेकिन इस मामले में नागपुर को निराशा हाथ लगी है। महाराष्ट्र एसएससी 10वीं बोर्ड में नागपुर इस बार पिछड़ गया है। नतीजों में कोंकण क्षेत्र सबसे ऊपर और नागपुर क्षेत्र सबसे नीचे रहा है।

## सीबीएसई बोर्ड के 10वीं-12वीं के नतीजे घोषित

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने मंगलवार को कहा कि वह किसी भी अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणामों में न तो कोई मेधावी सूची घोषित करेगा और न ही छात्रों की उत्तीर्ण श्रेणी इंगित करेगा। बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा के परिणाम मंगलवार को घोषित किए गए। दसवीं कक्षा की परीक्षा में 93



प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण प्रतिशत 88.39 प्रतिशत रहा। दोनों परीक्षाओं में लड़कों के मुकाबले लड़कियों ने बाजी मारी है। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, ''बोर्ड द्वारा पहले लिए गए निर्णय के अनुसार, विद्यार्थियों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए, सीबीएसई द्वारा कोई मेधावी सूची तैयार और घोषित नहीं की गई है। इसके अलावा, बोर्ड ने अपने छात्रों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी नहीं दी है।''

## भारत पर 15 लाख साइबर अटैक हुए, सिर्फ 150 कामयाब

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

महाराष्ट्र साइबर सेल ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी हैकरों ने भारत में 15 लाख साइबर



अटैक किए। इनमें से सिर्फ 150 ही कामयाब रहे। सेल ने ये हमले करने वाले सात एडवांस्ड परसिसटेंट थ्रेट (APT) ग्रुप्स की पहचान की है। सेल ने बताया कि सीजफायर के बाद भी भारतीय वेबसाइटों को पाकिस्तान, बांग्लादेश और सेंट्रल-ईस्ट देशों से साइबर अटैक का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, सेल ने मुंबई एयरपोर्ट से डेटा चुराने, एविएशन, म्यूनिसिपैलिटी सिस्टम और चुनाव आयोग की वेबसाइट हैक करने के दावे खारिज कर दिए। वहीं, कनफ्लिक्ट से जुड़ी 5 हजार से ज्यादा फर्जी खबरें भी हटाईं।

## जम्मू-कश्मीर में लश्कर के तीन आतंकी ढेर


तीनों शोपियां के थे

**महानगर नेटवर्क**

**श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के शोपियां में मंगलवार को लश्कर-ए-तैयबा के 3 आतंकी मारे गए। शाम 4.30 मुठभेड़ खत्म हुई। इसे ऑपरेशन केलर नाम दिया गया था। शुकरू के जंगली इलाकों में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी।

शोपियां में मारे गए लश्कर के 3 आतंकियों में से पहला आतंकी शाहिद कुट्टे शोपियां के चोटिपोरा हीरपोरा का रहने वाला था। यह 08 मार्च, 2023 को लश्कर में शामिल हुआ था। शाहिद 08 अप्रैल, 2024 के डेनिश रिजॉर्ट गोलीबारी (2 जर्मन टूरिस्ट, 1 ड्राइवर घायल), 18 मई, 2024 को भाजपा सरपंच की हत्या में शामिल था। उस पर 03 फरवरी,



2025 को बेहीबाग, कुलगाम में टेरिटोरियल आर्मी पर्सन की हत्या में शामिल होने का भी शक था।

वहीं, दूसरा आतंकी अदनान शफी शोपियां के वंदुना मेल्होरा का रहने वाला था। वह 18 अक्टूबर, 2024 को वाची, शोपियां में अप्रवासी मजदूर की हत्या में शामिल था। इस ग्रुप में पहलगाम हमले के गुनहगार आतंकी शामिल नहीं हैं।

## पंजाब में जहरीली शराब से अब तक 17 की मौत

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर जिले के मजीठा क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से मरने वाले लोगों की संख्या 17 हो गई है। जबकि, 8 लोगों की हालत गंभीर है। इनका अमृतसर के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। बीमारों में 4 की हालत इतनी गंभीर है कि वे बोलने की स्थिति में भी नहीं हैं। मृतकों में भंगाली कलां, मराडी कलां, पातालपुरी, थ्रिएवाल, तलवंडी खुम्मन और करनाला के लोग शामिल हैं। घटना के बाद पुलिस हरकत में आई और जहरीली शराब बेचने के आरोप में अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## 6 दिन बाद खुला श्रीनगर एयरपोर्ट

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के 6 दिन बाद मंगलवार को श्रीनगर एयरपोर्ट के फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हो गए हैं। दिल्ली से एअर इंडिया की फ्लाइट दोपहर 12:49 बजे लैंड हुई। भारत-पाक तनाव के चलते एयरपोर्ट 7 मई से बंद था। दिल्ली एयरपोर्ट से चंडीगढ़, अमृतसर और श्रीनगर जाने वाली कई फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने पहले बताया था कि सुरक्षा कारणों की वजह से फ्लाइट शेड्यूल में बदलाव हो सकता है। एयरलाइन कंपनी एअर इंडिया ने भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से सटे 8 शहरों में आने-जाने वाली अपनी सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर



दी हैं। इनमें जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट शामिल है। सोमवार देर रात राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में ड्रोन दिखने के बाद इंडिगो ने भी 6 शहरों में सभी उड़ानें रद्द कर दीं। इनमें जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़, लेह, श्रीनगर और राजकोट एयरपोर्ट शामिल हैं। भारत-पाक सीजफायर के बाद सोमवार को 32 एयरपोर्ट्स खोल दिए गए थे।

## रिटेल महंगाई घटकर 3.16% पर आई

**नई दिल्ली।** भारत की रिटेल महंगाई अप्रैल में घटकर 3.16% पर आ गई है। ये महंगाई का 69 महीनों का निचला स्तर है। जुलाई 2019 में महंगाई 3.15% रही थी। खाने-पीने के सामान की कीमतों में लगातार नरमी के कारण रिटेल महंगाई घटी है। इससे पहले मार्च महीने में रिटेल महंगाई 3.34% रही थी। ये महंगाई का 67 महीने का निचला स्तर था। मंगलवार 13 मई को सरकार की ओर से रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए गए हैं।

## लोकल ट्रेन के यात्रियों की लगेगी लॉटरी

### रेलवे हर दिन एक लकी यात्री को 10,000 रुपए का पुरस्कार देगी



**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**


मुंबई लोकल ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। रेलवे की लकी यात्री योजना के तहत अब हर दिन एक लकी यात्री को 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार और हर हफ्ते 50,000 रुपये का एक बंपर पुरस्कार दिया जाएगा। मुंबई लोकल ट्रेन में सफर करने वालों के लिए रेलवे की तरफ से शुरू की गई यह योजना 20 मार्च से शुरू की गई है। योजना को आने वाले 8 सप्ताह तक चालू रखा जाएगा, रेलवे की इस योजना का मकसद खास कर उन लोगों को टारगेट करना है जो बिना टिकट यात्रा करते हैं, जिससे रेलवे को नुकसान होता है। ऐसे में रेलवे का मकसद यात्रियों को टिकट के लिए प्रोत्साहित करना भी है।

### 4 से 5 हजार से ज्यादा यात्री बिना टिकट यात्रा करते हैं

डेटा के मुताबिक मुंबई लोकल ट्रेन में हर दिन 4 से 5 हजार से भी ज्यादा यात्री बिना टिकट यात्रा करते हैं, ऐसे में योजना के लालच में यात्री टिकट खरीदकर यात्रा करेंगे। इस योजना के तहत विजेता का चयन स्टेशनों पर टिकट चेकर के चयन तरीके से किया जाएगा। मध्य रेलवे के प्रवक्ता स्वप्निल नीला ने कहा, ''भाग्यशाली यात्री को अपना वैध टिकट या सीज़न पास दिखाना होगा, टिकट की जांच के बाद, नकद पुरस्कार तुरंत सौंप दिया जाएगा। योजना सभी यात्रियों के लिए खुली है, चाहे वे डेली टिकट के साथ यात्रा कर रहे हों या सीजन पास के साथ।'' सेंट्रल रेलवे पर रोज़ाना औसतन 40 लाख यात्री सफर करते हैं, अनुमान के मुताबिक, इनमें से करीब 20% यात्री बिना टिकट यात्रा करते हैं। नियमित जांच अभियानों के दौरान हर दिन 4,000 से 5,000 टिकटलेस यात्रियों को पकड़ा जाता है। इस योजना के जरिए सेंट्रल रेलवे का मकसद टिकटलेस यात्रा को हतोत्साहित करना और वैध टिकट के साथ यात्रा करने की आदत को बढ़ावा देना है।

### ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर के बाद सर्वे

## देश का मूड मोदी के साथ



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत में दहशतगर्दी फैलाने वाले पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को मोदी सरकार ने एक बार फिर ना सिर्फ घर में घुसकर मारा बल्कि दुनियाभर में उसे जलील भी किया। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर और तीन दिन तक पाकिस्तान के साथ युद्ध जैसी स्थिति के बाद लागू सीजफायर को लेकर देश की सोच क्या है? कितने लोग पाकिस्तान के खिलाफ मोदी सरकार की कार्रवाई से संतुष्ट हैं और कितने लोगों को इसे स्थगित करना पसंद नहीं आया, इन्हीं सवालों को लेकर सी वोटर ने सर्वे के नतीजे पेश किए हैं।

इंडिया टुडे पर पेश किए गए सी वोटर के सर्वे के मुताबिक, टेलिफोनिक तरीके से लोगों से पूछा गया कि क्या वे सरकार की कार्रवाई से संतुष्ट हैं? तो 68.1 फीसदी ने 'हां' में जवाब दिया। 5.3 फीसदी लोगों ने कहा कि वे संतुष्ट नहीं हैं तो 15.3 अनिर्णय की स्थित में रहे। वहीं 63.3 फीसदी ने कहा कि वे सीजफायर से अब भी संतुष्ट हैं, जबकि ऐक्शन रुकने से 'नहीं' कहने वालों की संख्या बढ़कर 10.2 फीसदी हो गई। 17.3 फीसदी तय नहीं कर सके।



# भारत के सामने कमजोर पड़े चीनी हथियार

ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के आतंकी शिविरों पर सर्जिकल तो था ही साथ ही इस मिशन ने चीन की बेकार डिफेंस सिस्टम को भी बेनकाब किया, जिसके बलबूते पाकिस्तान भारत को आंख दिखाने की हिमाकत करता था। लेकिन भारत के सटीक हमलों के आगे चीनी हथियार बेदम नजर आए। भारत ने अपने लक्ष्य पर हमला किया, लेकिन चीनी रक्षा उपकरण उसे रोकने में पूरी तरह विफल रहे।




चीन के रक्षा उपकरणों की विफलताओं को भारत के ऑपरेशन सिंदूर ने उजागर कर दिया है। यह जो लड़ाई हुई, वह अप्रत्यक्ष रूप से चाइना के साथ थी। देखिए,कैसे चीनी डिफेंस सिस्टम की विफलताओं को उजागर करता है और कैसे भारत ने बीजिंग के हथियार निर्यात में वैश्विक विश्वास को चकनाचूर कर दिया है। भारत का ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के आतंकी शिविरों का सर्जिकल विध्वंस था और चीन की बेकार डिफेंस सिस्टम का निर्दयतापूर्वक पर्दाफाश किया था। पाकिस्तान को चीन द्वारा सप्लाई किया गया HQ-9 और LY-80 एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से बेकार साबित हुआ और भारत के सटीक हमलों के आगे ध्वस्त हो गया। इससे चीनी हथियारों पर नज़र रखने वाले देशों में हड़कंप मच गया है। 7, 8, 9 और 10 मई, 2025 को भारत ने सर्जिकल सटीकता के साथ पाकिस्तान और POK में कई आतंकी शिविरों और PAF ठिकानों को नष्ट कर दिया। 1. लक्ष्य पर हमलाः बहावलपुर सहित पाकिस्तान के 180 किलोमीटर अंदर तक गहरे हमले। 2. चीनी सिस्टम का पतनः HQ-9 और LY-80, जो 100 से अधिक लक्ष्यों को ट्रैक करने का दावा करते थे, किसी भी भारतीय मिसाइल का पता लगाने या उसे रोकने में विफल रहे। इस भयावह विफलता ने चीन के रक्षा उद्योग को वैश्विक स्तर पर हंसी का पात्र बना दिया है। 1. HQ-9 जिसका रेंज 100 किमी है, वह एक कागजी जुमला निकाला, भारतीय मिसाइलों के प्रति पूरी वफादारी निभाते हुए अंधे बने रहे। लेकिन पाकिस्तान इसकी काल्पनिक क्षमताओं को अतिरंजित करके उछलकूद मार रहा था। 2. LY-80 यह भी समान रूप से बेकार है, पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र को रक्षाहीन बना दिया था। 3. J-10C और JF-17 फाइटर जेट के इंजन की लगातार विफलताओं और रडार की गड़बड़ियों से अपंग और युद्ध परिदृश्यों में एक अविश्वसनीय पात्र बना दिया था। भारत के राफेल के जवाब में पाकिस्तान ने चीन से इस J-10C को ख़रीदा था। 4. PL-15 मिसाइल पाकिस्तान द्वारा भारत पर दागी गई थी, वह भी डबल डिजिट में, लेकिन भारतीय सुरक्षा के खिलाफ यह भी धराशायी हो गई। भारत की धरती पर पाए गए इसके मलबे से इसकी निरर्थकता की पुष्टि हो गई है। चीन के 10 बिलियन डॉलर हथियार निर्यात बाजार को खतरे में डाल दिया हैं जिससे इसकी चीनी तकनीक कबाड़ बन गई है। 1. पाकिस्तान के शस्त्रागार में मौजूद चीनी J-10C लड़ाकू विमान ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय विमानों से भिड़ने में विफल रहे, संभवतः रडार और इंजन की खराबी के कारण, जिससे उनकी बेकारता उजागर हुई। 2. पाकिस्तान के भंडार में मौजूद चीनी CH-4 ड्रोन कथित तौर पर खराब पाए गए, इसके बाद पाकिस्तान ने टर्की से ड्रोन लिया, वह भी भारतीय ड्रोन हमलों का मुकाबला करने में विफल रहे। 3. भारत की आकाश-NG सिस्टम ने पाकिस्तानी जवाबी हमले के दौरान चीन द्वारा सप्लाई किए गए JF-17 जेट और F-16 को नष्ट कर दिया जिससे चीन की घटिया तकनीक और ज्यादा उजागर हुई। F-16 इस फेस टू फेस लड़ाई में काफी देर तक मुकाबला करता रहा, परंतु A-NG की अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का वह सामना नहीं कर पाया परन्तु JF-17 ने तो बिना लड़े ही अपने पीछे लाल आग का गोला पाकिस्तानी कामरेडों को दिखा दिया। भारत के रक्षा सिस्टम ने पाकिस्तान के चीनी उपकरणों को देखते ही नष्ट कर दिया। 1. सुदर्शन चक्र S-400 पाकिस्तान के बड़े ड्रोन और मिसाइलों को निष्क्रिय कर दिया जिससे चीन का HQ-9 अपनी बेहतर रेंज और सटीकता के साथ अप्रासंगिक हो गया। 2. आकाश-NG, चीनी PL-15 मिसाइलों और पाकिस्तानी गोला-बारूद को 99% एक्यूरेसी से सटीक तरीके से रोका जिससे चीन की वायु रक्षा तकनीक को शर्मसार होना पड़ा। 3. DRDO का लेजर सिस्टम, जिसे हाल ही में परीक्षण किया गया था, इसने चीन निर्मित निगरानी ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया जिससे भारत के अत्याधुनिक निर्देशित ऊर्जा हथियारों का प्रदर्शन और परीक्षण भी हो गया। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए चीनी हथियारों की ऐसी कब्र खोदी कि अब वैश्विक खरीदार चीनी हथियारों के सौदे से पीछे हट रहे हैं। 1. अफ्रीकी राष्ट्रः नाइजीरिया और अल्जीरिया, जो कभी JF-17 जेट विमानों पर नज़र रखते थे, अब चीन की इस सिद्ध की गई क्षमताओं से घबराकर रूसी, भारत या पश्चिमी प्रणालियों की ओर रुख कर रहे हैं। इसकी विशिष्ट तौर पर पुष्टि नहीं हुई है लेकिन बाजार की हिचकिचाहट से स्पष्ट हो रहा है। 2. मध्य पूर्वः सऊदी अरब और UAE, HQ-9 प्रणालियों पर विचार कर रहे थे, अब पाकिस्तान में चीनी माल की पराजय के बाद विश्वसनीय अमेरिकी पैट्रियट या फिर रूसी S-400 प्रणालियों का विकल्प चुन सकते हैं। 3. दक्षिण पूर्व एशिया में दोषपूर्ण चीनी VT-4 टैंकों से परेशान थाईलैंड घटिया धातु विज्ञान और टूटे हुए घटकों के कारण आगे के ऑर्डर रोक दिया है, यह अपुष्ट खबर है। भारत की इस सर्वोच्चता ने चीन की महत्वाकांक्षाओं को पैरों तले रौंद दिया है। 1. बेजोड़ मारक क्षमता, सुदर्शन चक्र S-400, आकाश-NG और DRDO के लेजर सिस्टम ने चीन के कबाड़ को मात दे दी, जिससे भारत को कोई नुकसान नहीं हुआ। 2. भारतीय हथियार ने न केवल आतंकी ढांचे एव सामरिक ठिकानों को निशाना बनाया, बल्कि आम नागरिकों को बख्शा, इसी सटीकता के लिए यह वैश्विक प्रशंसा अर्जित कर रहा है। 3. रणनीतिक विजय। चीन की तकनीक को एक दिखावे के रूप में उजागर किया, जिससे भारत बीजिंग के लुप्त होते प्रभाव के प्रति एक प्रतिकार के रूप में स्थापित हुआ। चीन के जियोपोलिटिक्स के यह घाव खुद ही लगाए गए हैं। 1. CPEC खतरे में, संघर्ष से पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति और खराब हो गई है, जिससे चीन के 60 बिलियन डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निवेश को बहुत बड़ा खतरा लटक गया है। 2. वैश्विक स्तर पर चीनी टेक्नोलॉजी उपहास का पात्र बना। चीन की चालबाजी J-10C के इस्तेमाल की जानकारी से इनकार कर देना, उसकी शर्मिंदगी को उजागर करता है।

**– शिवानन्द मिश्रा**

## अनियंत्रित सोशल मीडिया

पहलगाव हमले के बाद, ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर घोषित होने के दौरान जो शब्दों के, तस्वीरों के और विडियों रील्स के हमले सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर चल रहे है, उनको देख कर कई बार लगता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध को सोशल मीडिया पर चल रहे वैचारिक युद्ध ने और अधिक तनाव वाली स्थिति ला दी और अधिक जटिल व खतरनाक बना दिया है। सोशल मीडिया, जहाँ एक ओर सूचना और विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम है, वहीं दूसरी ओर यह अनियंत्रित होने पर गलत सूचना, नफरत और हिंसा को बढ़ावा देने का जरिया बन रहा है। भारत-पाक तनाव के दौरान, सोशल मीडिया का अनियंत्रित उपयोग न केवल दोनों देशों के बीच तनाव को बढ़ा रहा है बल्कि सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय सुरक्षा और व्यक्तिगत जीवन पर भी गंभीर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। सोशल मीडिया ने पिछले दो दशकों में भारतीय समाज सहित पूरे विश्व को पूरी तरह से बदल दिया है। फेसबुक, ट्विटर (अब X), इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स ने लोगों को एक-दूसरे से जोड़ा है और सूचनाओं को तुरंत साझा करने की सुविधा प्रदान की है। भारत में जहां इंटरनेट की पहुंच ग्रामीण क्षेत्रों तक फैल चुकी है, सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। 2025 तक, भारत में लगभग 900 मिलियन से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं जिनमें से अधिकांश सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं।भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण कश्मीर विवाद, आतंकवाद, और सीमा पर गोलीबारी, इन मुद्दों पर दोनों देशों की सरकारें और नागरिक अपने-अपने दृष्टिकोण रखते हैं। सोशल मीडिया ने इन दृष्टिकोणों को व्यक्त करने का एक खुला मंच प्रदान किया है लेकिन यह मंच अक्सर अनियंत्रित और गैर- जिम्मेदाराना तरीके से उपयोग किया जाता है। तनाव के दौरान सोशल मीडिया पर गलत सूचनाएं तेजी से फैलती हैं। पहलगाम हमले के बाद से दोनों देशों में सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो, तस्वीरें और खबरें वायरल हुईं जिनमें से कई का उद्देश्य लोगों को भड़काना था। ऐसी सामग्री न केवल दोनों देशों के बीच तनाव को बढ़ाती है बल्कि आम लोगों में डर और अविश्वास का माहौल भी पैदा करती है। सोशल मीडिया पर कुछ उपयोगकर्ता एक-दूसरे के खिलाफ नफरत भरे भाषण और अपमानजनक टिप्पणियां करते हैं। यह न केवल सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाता है बल्कि दोनों देशों के बीच शत्रुता को और बढ़ाता है। कुछ लोग सोशल मीडिया का उपयोग प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए करते हैं। कुछ समूह और संगठन सोशल मीडिया पर ऐसी सामग्री साझा करते हैं जो उनके अपने एजेंडे को बढ़ावा देती है। इसके अलावा, साइबर युद्ध के रूप में हैकिंग, फर्जी अकाउंट्स और ट्रोलिंग भी आम हो गया है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री कभी-कभी वास्तविक हिंसा को जन्म देती है। भारत में कुछ मामलों में सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों के कारण सांप्रदायिक दंगे हुए हैं। सोशल मीडिया पर फैली गलत सूचनाओं ने हिंसक प्रदर्शनों को हवा दी है। भारत बहु-सांस्कृतिक और बहु-धार्मिक समाज है। सोशल मीडिया पर फैलने वाली नफरत भरी सामग्री इन समाजों में सांप्रदायिक और धार्मिक तनाव को बढ़ा रही है। भारत में समुदाय विशेष के खिलाफ नफरत भरे भाषणों का बढ़ना चिंता का विषय बन गया है। कई बार गलत सूचनाएं और प्रोपेगेंडा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर देते हैं। सीमा पर तनाव के दौरान फैलाई गई फर्जी खबरें सैन्य रणनीतियों को प्रभावित कर सकती हैं या जनता में घबराहट पैदा कर रही हैं। सोशल मीडिया पर लगातार नकारात्मक और भड़काऊ सामग्री का सामना करने से लोगों में तनाव, चिंता और अवसाद बढ़ा रहा है। विशेष रूप से युवा, जो सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताते हैं, इस तरह की सामग्री से आसानी से प्रभावित हो रहे हैं। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा बलों को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने लश्कर के तीन आतंकियों को मार गिराया है। मंगलवार को शोपियां में सेना ने बड़ा अभियान चलाया और सफलता हासिल की। जानकारी के अनुसार, दक्षिण कश्मीर के शोपियां के शुकरू केलर इलाके में मंगलवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ हुई। मंगलवार की सुबह शोपियां जिले में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के दहशतगर्दों को घेरा। अनियंत्रित सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए कई कदम उठाए जाने चाहिए, इनमें सरकारी नीतियां, तकनीकी समाधान और सामाजिक जागरूकता शामिल हैं। सोशल मीडिया पर गलत सूचना और नफरत भरे भाषण को नियंत्रित करने के लिए, कठोर कानून लागू करने की आवश्यकता है। भारत में पहले से ही सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत कुछ प्रावधान हैं लेकिन इन को और प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है। साथ ही, सोशल मीडिया कंपनियों को जवाबदेह बनाना जरूरी है। फेसबुक, ट्विटर, और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अपनी सामग्री निगरानी प्रणाली को मजबूत करना चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मानव मॉडरेटर के संयोजन से भड़काऊ सामग्री को तुरंत हटाया जा सकता है। इसके अलावा, इन कंपनियों को स्थानीय भाषाओं में सामग्री की निगरानी के लिए अधिक संसाधन आवंटित करने चाहिए। डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना जरूरी है। लोगों को गलत सूचनाओं को पहचानने और सत्यापित करने की शिक्षा दी जानी चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में डिजिटल साक्षरता को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। सरकारी, गैर-सरकारी संगठनों और मीडिया को मिलकर सामाजिक जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। इन अभियानों का उद्देश्य लोगों को सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग के बारे में शिक्षित करना और नफरत भरे भाषण से बचने के लिए प्रेरित करना होना चाहिए। सरकार, सोशल मीडिया कंपनियों, और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। साथ ही अनियंत्रित सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए कठोर नियम, तकनीकी समाधान, और सामाजिक जागरुकता जरूरी है।

### कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*ललुआ गायब हो गया, पप्पू कहां बुतान*
*ओवैसी से सीखिए, देना तनिक बयान*
*देना तनिक बयान, कहां हैं टोंटी भइया*
*ममता दीदी भूल गई हैं भूल भुलइया*
*कह सुरेश अब दिखे नहीं दिल्ली का कलुवा*
*सबके प्रवचन बंद, कहां है संजय ललुआ*

# ऑपरेशन सिंदूर : मोदी संबोधन के निहितार्थ

ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की शक्ति, साहस और शौर्य की गौरवगाथा है। सर्वविदित है कि पिछले लगभग ढाई दशक से भारत सहित विश्व के अनेक देश आतंकवाद की विभीषिका झेल रहे हैं। अनेक देशों में कितने ही निर्दोष लोग आतंकवादियों के द्वारा मौत के घाट उतारे जा चुके हैं। ऐसे वातावरण में विभिन्न विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाएं प्रभावित होती रही हैं। यह भी सत्य है कि अनेक देश चोट खाकर भी आतंकवाद के खिलाफ मौन बने रहे। कोई ठोस कार्रवाई करने से बचते रहे। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री का दायित्व संभालते ही नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद मुक्त भारत का संकल्प प्रस्तुत किया और आरंभ से ही आतंकवाद के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। वर्ष 2014 से ही उन्होंने नया भारत, समर्थ भारत, आत्मनिर्भर भारत और समृद्ध भारत जैसे अनेक संकल्प भी प्रस्तुत किए। 15 अगस्त 2015 के लालकिले की प्राचीर से अपने संबोधन में उन्होंने कहा- एक मोमेंटम खड़ा करना चाहिए... स्वाभिमानी, गौरवशाली, समृद्ध राष्ट्र के लिए हमें सक्षम भारत बनाना है, समृद्ध भारत बनाना है, स्वस्थ भारत बनाना है, सुसंस्कृत भारत का सपना हमें पूरा करना है। स्वाभिमानी भारत बनाना है, श्रेष्ठ भारत बनाना है। स्पष्ट है कि इस प्रकार के स्वप्न और संकल्पों की पूर्ति हेतु उन्होंने अनेक योजनाएं बनाई। मजबूत अर्थव्यवस्था, संतुलित विकास,विभिन्न क्षेत्रों में आधुनिक विज्ञान और तकनीकी को बढ़ावा देना और भिन्न-भिन्न रूपों में नेक्स्ट जेनरेशन इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण आदि ऐसी महत्वपूर्ण बातें हैं जिससे विगत एक दशक में भारत अनेक क्षेत्रों में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2016 व 2019 और अब वर्ष 2025 में हुए आतंकी हमले के विरुद्ध नरेंद्र मोदी ने पूरी सूझबूझ एवं ताकत के साथ आतंकवाद के नेटवर्क को सीमा पार जाकर ध्वस्त करने का काम किया है। पहलगाम के आतंकी हमले में निर्दोष लोगों को धर्म के आधार पर निर्ममता से मौत के घाट उतारा गया। इस हमले ने यह सिद्ध कर दिया कि आतंकवाद का भी धर्म होता है और उसे पोषित करने वाले इसी धर्म पर चल रहे हैं।



भारत में भी कुछ तथाकथित और सेक्युलर लोग गुड़ टेररिज्म और बेड टेररिज्म का राग अलापते रहे हैं। अब समय आ गया है कि ऐसे लोगों के साथ भी दंडात्मक कार्रवाई करते हुए कठोरता से निपटा जाए। क्योंकि ऐसे लोग भी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद के समर्थक ही हैं। पहलगाम आतंकी हमले के कुछ दिन पहले ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने सार्वजनिक रूप से भारत के विरुद्ध नफरत भरा भाषण दिया, जिससे पुनः भारत के संबंध में पाकिस्तान की मानसिकता उजागर हुई। पहलगाम हमला सामान्य घटना नहीं थी,यह मानवता को शर्मसार करने वाला कृत्य था,जिसकी भारत सहित समूचे विश्व ने घोर निंदा की। पूरे देश में आतंकवाद के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा था। आज जन भावना आतंकवाद के समूल खात्मे की ओर बढ़ रही है। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने सेना और समूचे तंत्र के साथ समुचित योजना बनाकर जन भावना का सम्मान करते हुए आतंकवाद के गढ़ पर सबसे पहले प्रहार किया। तदुपरांत भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्यवाई आरंभ हो गई, जिसमें भारतीय सेना ने तकनीक का प्रयोग करते हुए न केवल पाकिस्तान के भारत पर आक्रमण करने के नापाक मंसूबों को ध्वस्त किया बल्कि उनके कई सैन्य ठिकानों को भी तहस-नहस किया। इसके साथ ही रणनीतिक रूप से सिंधु जल समझौता, आपसी व्यापार एवं वीजा आदि को भी तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया। दोनों ओर से चार-पांच दिनों की सैनिक कार्रवाही में स्वयं को कमजोर पड़ता देख और भारी नुकसान उठाने के बाद पाकिस्तान संघर्ष विराम हेतु बात करने के लिए गिड़गिड़ाने लगा। यह मोदी नेतृत्व की रणनीतिक और सामरिक जीत का सबसे बड़ा प्रमाण है। सीजफायर से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है अगर वहां से गोली चलेगी तो यहां से गोला चलेगा। मतलब स्पष्ट है कि अब सीमा पार से किसी भी प्रकार के दबाव अथवा आतंकवाद को भारत सहने वाला नहीं है। यह भी सर्वविदित है कि पाकिस्तान में विभिन्न स्थानों पर आतंकी ठिकाने बने हुए हैं। भारत सहित विश्व के अनेक देशों में इन्हीं ठिकानों से आतंकी तैयार करके भेजे जाते हैं। उन पर भारतीय सेना द्वारा प्रहार करना निश्चित रूप से बड़े साहस एवं योजना का प्रमाण है। ऑपरेशन सिंदूर में 100 से अधिक खूंखार आतंकवादियों का मारा जाना बहुत बड़ी सफलता है। आतंकियों के खिलाफ भारत की कार्रवाई पर पाकिस्तानी सेना ने भारत के स्कूल, कॉलेज एवं सीमावर्ती गांवों में हमले किए। इसके अतिरिक्त ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में सरकार व सेना के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जिससे आतंकवाद को पोषित करने के मुद्दे पर पाकिस्तान वैश्विक फलक पर बेनकाब हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में आतंकवाद की स्थिति, भारतीय सेना के पराक्रम और तकनीकी क्षेत्र में मजबूती का विस्तार से वर्णन किया है। नरेंद्र मोदी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि पाकिस्तान सीमा पर वार करेगा तो भारत पाकिस्तान के सीने पर वार करने की क्षमता रखता है। तीन-चार दिन में ही पिटने और थकने के बाद पाकिस्तान समझौते के लिए गुहार लगाने लगा और किसी भी प्रकार की आतंकवादी व सैन्य कार्रवाई न करने की घोषणा कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मजबूती के साथ यह स्पष्ट किया कि हमने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों पर अपनी जवाबी कार्रवाई को अभी सिर्फ स्थगित किया है. आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि वो क्या रवैया अपनाता है।... ऑपरेशन सिंदूर अब आतंक के खिलाफ भारत की नीति है। स्पष्ट है कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ एक नई लकीर अथवा नया पैमाना है।

**– डॉ.वेदप्रकाश**

## युद्ध में कवियों का योगदान

इतिहास से वर्तमान तक भारतीय साहित्य और संस्कृति में 'वीर रस' का स्थान अद्वितीय है। यह रस युद्ध, शौर्य, और पराक्रम की भावना को जगाने वाला माना जाता है। जब हम फिल्में देखते हैं तो भावना में बह कर कभी रोते कभी हंसते तो कभी क्रोधित होने लगते हैं या डर जाते हैं, अर्थात हमारे मनोभाव रचना के रस से प्रभावित होते ही हैं। प्राचीन काल से ही राजाओं की सेनाओं में वीर रस के कवि और गायक साथ चलते थे, जो योद्धाओं को प्रेरित करते थे और उनके शौर्य को अमर बनाने के लिए गाथाएँ रचते थे। आधुनिक समय में भी हरिओम पवार जैसे कवि इस परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। आल्हा गायन की परंपरा, और समकालीन रचनाओं के माध्यम से वीर रस का योगदान हमारे इतिहास का हिस्सा है। ऐतिहासिक संदर्भ देखें तो राजाओं के साथ वीर रस के गायक कवि तथा चारण भाट आदि सेना के हिस्से थे जिनका काम सेना में जोश जगाना था। इतिहास में युद्ध के मैदानों में वीर रस के कवियों की उपस्थिति एक सांस्कृतिक परंपरा रही है। राजपूत शासकों के युग में 'चारण' और 'भाट' योद्धाओं के साथ जाते थे। ये कवि युद्धभूमि में वीरगाथाएँ सुनाकर सैनिकों का मनोबल बढ़ाते थे। उदाहरण के लिए, महाराणा प्रताप के संघर्षों को चारण कवियों ने ऐसी शक्ति दी कि "चेतक घोड़ा" और "भामाशाह का त्याग" आज भी लोकगीतों में गूँजते हैं। मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के समय में भीमा, तुकाराम, और रामदास जैसे संत-कवियों ने धार्मिक और वीर रस के भजनों से सेना को प्रेरित किया। शिवाजी की "गणपति बप्पा मोरया" की उद्‌घोषणा आज भी महाराष्ट्र में जोश भर देती है। इसी प्रकार, सिखों के दशम गुरु, गुरु गोबिंद सिंह ने 'चंडी दी वार' जैसे ग्रंथों में वीर रस को स्थापित किया, जो खालसा सेना के लिए प्रेरणास्रोत बना। गीत और नारे, बुलंद आवाज से सेनाएं मुश्किल कार्य भी एकजुट होकर कर डालती थीं। आल्हा गायन लोक परंपरा में वीर रस का प्रतीक है। उत्तर भारत, विशेषकर बुंदेलखंड में, 'आल्हा' गायन वीर रस की एक जीवंत परंपरा है। यह मौखिक महाकाव्य १२वीं शताब्दी के योद्धाओं आल्हा और ऊदल की वीरगाथा कहता है, जिन्होंने राजा परमाल के लिए लड़ते हुए वीरगति प्राप्त की। यह गायन दशहरे के अवसर पर गाँव-गाँव में होता है, जहाँ गायकों की टोलियाँ नृत्य और संगीत के साथ इन युद्धों का वर्णन करती हैं। आल्हा के पदों में युद्ध के दृश्यों का इतना सजीव चित्रण होता है कि श्रोता रोमांचित हो उठते हैं। उदाहरणार्थ "चढ़ गए अश्व पर, ऊदल सुजान, लिए त्रिशूल हाथ। माहिल पर टूट पड़े, जैसे सिंह नर-नाग पर।" इन पंक्तियों में ऊदल के पराक्रम को शब्दों में उतारा गया है। यह परंपरा न केवल मनोरंजन करती है, बल्कि सामूहिक स्मृति में वीरता के आदर्शों को भी स्थापित करती है। हरिओम पवारः वीर रस की आधुनिक अभिव्यक्ति के प्रतीक कवि हैं। आधुनिक युग में वीर रस के कवियों ने अपनी रचनाओं को समकालीन संदर्भ दिए हैं। उनकी कविताएँ न केवल ऐतिहासिक योद्धाओं, बल्कि आज के सैनिकों और सामाजिक न्याय के लिए लड़ने वालों को समर्पित हैं।

**– विवेक रंजन**

### आज का कार्टून

साभार




# भारत की रणनीतिक विजय है संघर्ष विराम

दस मई 2025 की शाम जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं तो दुनिया ने राहत की सांस ली। कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाइयों ने न केवल सीमा पार आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया था बल्कि युद्ध के बदल गहराने की आशंकाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता पैदा कर दी थी। अलग अलग मीडिया रिपोर्ट्स में संघर्ष विराम के विभिन्न कारण बताए जा रहे हैं लेकिन संघर्ष विराम की यह पहल चाहे पाकिस्तान की रही हो या अमेरिका की मध्यस्थता से हुई हो अथवा भारत की रणनीतिक संतुलन साधने की चतुराई रही हो, एक बात तय है कि इससे भारत के वैश्विक कूटनीतिक कद को नई ऊंचाई मिली है। संघर्ष विराम को भारत की रणनीतिक विजय माना जा रहा है। इस दौरान भारत ने ब्रह्मोस जैसे एडवांस हथियारों के उपयोग के जरिए अपनी सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया। देश ने आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समुदाय का समर्थन हासिल किया और पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफल रहा। इस दौरान चीन के हथियारों की प्रभावशीलता को चुनौती दी जिससे उसकी छवि को झटका लगा। भारत कूटनीति और सैन्य शक्ति का संतुलन साधते हुए संघर्ष को सीमित रखने में भी सफल रहा। 10 मई की सुबह भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के कई सामरिक ठिकानों पर स्कैल्प, हेमर और ब्रह्मोस जैसी मिसाइलों से हमला किया। ब्रह्मोस का उपयोग पहली बार सुखोई-30 जैसे फाइटर जेट से किया गया। इससे पाकिस्तान को स्पष्ट संकेत दिया कि भारत अब पारंपरिक जवाबी हमलों से आगे निकल चुका है। पाकिस्तान को आशंका हुई कि भारत अगला निशाना उसकी परमाणु ठिकानों और आर्मी कमांड सेंटर्स पर साध सकता है। यह डर इतना गहरा था कि पाकिस्तान को अमेरिका की 'हॉटलाइन' पर मदद लेनी पड़ी। अमेरिका ने तुरंत कड़ा रुख अपनाते हुए इस्लामाबाद से संघर्ष रोकने को कहा। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के डायरेक्टर ऑफ़ मिलिट्री ऑपरेशन्स डीजीएमओ के बीच सीधी बातचीत हुई और शाम तक सीजफायर पर सहमति बन गई। एक अन्य महत्वपूर्ण थ्योरी के मुताबिक अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर इस संघर्ष को रोकने की सलाह दी। अमेरिका को खुफिया जानकारी मिली थी कि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहा तनाव परमाणु संघर्ष में तब्दील हो सकता है। वेंस के फोन कॉल के बाद भारत और पाकिस्तान के वरिष्ठ राजनयिकों और सुरक्षा सलाहकारों के बीच कई दौर की बातचीत शुरू हुई। इस थ्योरी से यह संकेत मिलता है कि भारत वैश्विक दबाव को नजरअंदाज नहीं कर रहा था, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि भारत पीछे हटा—बल्कि यह संकेत है कि भारत अपनी स्थिति स्पष्ट कर अपनी सैन्य श्रेष्ठता स्थापित करने के बाद कूटनीतिक समाधान की ओर बढ़ा। संघर्ष विराम में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की भूमिका उजागर होती है। भारत की सख्त आपत्ति के बावजूद आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1 बिलियन डॉलर का लोन जारी किया। भारत ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान इस धन का उपयोग आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने में कर सकता है। कई विश्लेषकों का मानना है कि आईएमएफ द्वारा यह लोन जारी करने की शर्त ही संघर्ष विराम रही हो। अमेरिका आईएमएफ के निर्णयों पर भारी प्रभाव रखता है और यह संभव है कि अमेरिका ने पाकिस्तान को लोन के बदले संघर्ष विराम के लिए राजी किया हो। यह कूटनीति भारत के लिए लाभदायक रही क्योंकि बिना अतिरिक्त सैन्य नुकसान के पाकिस्तान को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। सीजफायर के पीछे एक चौथा दिलचस्प पक्ष चीन से जुड़ा है। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ जिन हथियारों का प्रयोग किया—जेएफ -17, पीएल-15 मिसाइल, एचक्यू -9 डिफेंस सिस्टम—वे सभी चीन से प्राप्त थे। भारत ने अपनी एयर डिफेंस प्रणाली के माध्यम से इन हथियारों को नाकाम किया जिससे चीन के हथियारों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए। चीन को डर था कि उसके हथियारों की असफलता से उसकी वैश्विक हथियार बाज़ार में छवि को गंभीर नुकसान होगा।

**– राजेश जैन**

# भागलपुर को सीएम नीतीश ने दी 208.62 करोड़ की सौगात

## 48 योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास




**महानगर नेटवर्क**

**भागलपुर**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को भ्रमण कार्यक्रम को लेकर भागलपुर पहुंचे। सैंडिस कंपाउंड परिसर में 208 करोड़ 62 लाख 25 हजार रुपए की लागत से 32 योजनाओं का उद्घाटन और 16 योजनाओं का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने किया। इंडोर स्टेडियम में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम के तहत बैडमिंटन प्रतियोगिता भी सीएम ने कुछ देर बैठकर देखा।

### स्टॉल का भी मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

सीएम नीतीश ने खिरीबांध पंचायत के मुखेरिया गांव के मध्य विद्यालय परिसर में डॉ। आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर में लोगों का अभिवादन किया। यहां विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर स्टॉल लगाये गये थे, जिसका सीएम ने निरीक्षण किया। सीएम के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी थे।

### कुल 48 योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

सीएम ने कुल 48 योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। ग्रामीण कार्य विभाग के नवगछिया कार्य प्रमंडल की 12, ग्रामीण कार्य विभाग के भागलपुर कार्य प्रमंडल की छह व कहलगांव कार्य प्रमंडल की चार, ग्रामीण विकास विभाग की पांच, कृषि विभाग की तीन और पंचायती राज विभाग की दो योजनाओं का उद्घाटन किया, जो 45 करोड़ दो लाख 79 हजार की हैं। अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण विभाग व योजना-विकास विभाग की तीन, ग्रामीण विकास विभाग की नौ, लघु जल संसाधन विभाग की तीन और बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड की एक योजना का शिलान्यास सीएम ने किया।

## नीतीश के कार्यक्रम में भागलपुर सांसद अजय मंडल लड़खड़ाकर गिरे

**भागलपुर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को भागलपुर दौरे पर हैं। सीएम नीतीश ने सुबह भागलपुर पहुंचते ही खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के तहत सैंडिस कंपाउंड के इनडोर हॉल में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में शिरकत करने पहुंचे। उनके साथ भागलपुर से जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के सांसद अजय मंडल भी मौजूद रहे। जैसे ही नीतीश और अन्य नेता इनडोर हॉल से बाहर निकले सांसद अजय मंडल लड़खड़ाकर गिर गए। वे उठकर खड़े नहीं हो पाए तो तुरंत एंबुलेंस से उन्हें अस्पताल भेजा गया। सासंद अजय मंडल को सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर उनकी जांच कर रहे हैं। सासंद के गिरने के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें तुरंत संभाला और उठाकर ले गए।

# बिहार के लाल रामबाबू सिंह के शहीद होने की खबर से सीएम नीतीश मर्माहत

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**



बिहार के लाल रामबाबू सिंह जम्मू-कश्मीर बॉर्डर पर पाकिस्तानी सेना द्वारा गोलीबारी में शहीद हो गए। जिसके बाद से उनके पैतृक गांव में शोक की लहर दौड़ गई। 9 मई को उन्हें गोली लगी थी। जिसके बाद वे अस्पताल में इलाजरत थे लेकिन, आज सुबह ही उनका निधन हो गया। जिसके बाद शहीद के परिजनों के बीच कोहराम मच गया। इसके साथ ही रामबाबू सिंह के शहीद होने की खबर मिलते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मर्माहत हो गए।

**मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया दुख**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुख भी व्यक्त किया है। सीएम नीतीश ने कहा कि, रामबाबू सिंह की शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीर सपूत की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा ऐलान भी कर दिया है।

### परिजनों के लिए किया ऐलान

दरअसल, सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि, शहीद जवान रामबाबू सिंह के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से 50 लाख रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। साथ ही शहीद जवान रामबाबू सिंह का राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। बता दें कि, इससे पहले शहीद मो। इम्तियाज के परिजनों को भी 50 लाख रुपये की सम्मान राशि देने का ऐलान किया था।

# शादी की खुशियां मातम में बदली

## सड़क हादसे में 3 की मौत; 6 बाराती घायल




**नालंदा।** नालंदा जिले में दो भीषण सड़क हादसों ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया।बिंद और सारे थाना क्षेत्र में सोमवार रात हुए इन हादसों में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि 6 बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वाले सभी लोग और घायल शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

पहली घटना बिंद थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव के पास हुई, जहां एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को कुचल दिया। मृतकों की पहचान अवधेश कुमार और पुजारी कुमार के रूप में हुई है, जो आपस में चाचा-भतीजा थे। दोनों अमावा गांव से भथियार बारात में शामिल होने जा रहे थे। अलीपुर के पास तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही शादी का जश्न मातम में बदल गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना, सारे थाना क्षेत्र के बेनार गांव के पास हुई, जहां एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़े बारातियों के झुंड को रौंद दिया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई।

# मुस्लिम बनकर 6 साल से मस्जिद में रहा रहा था इनामी बदमाश, पुलिस ने दबोचा




**जमुई।** जमुई से फरार अपराधी पिछले 6 सालों से मुस्लिम बनकर उत्तर प्रदेश के देवरिया में एक मस्जिद में रह रहा था। उसके उपर 50 हजार का इनाम घोषित था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वह देवरिया में छिपा है। यह जानकारी मिलते ही पुलिस वहां पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। अपराधी का नाम नवीन बनेली है। उसके मस्जिद से गिरफ्तार होने की सच्चाई सुनकर सभी हैरान रह गए।

**मस्जिद से गिरफ्तार किया गया आरोपी :** पकड़े गए अपराधी के खिलाफ हत्या, लूट, रंगदारी सहित करीब आधा दर्जन मामले हैं। पुलिस की तरफ से उस पर 50 हजार का इनाम घोषित था। सर्विलांस की मदद से उसके उत्तर प्रदेश के देवरिया में छिपे होने की बात पता चली थी। उसके बाद जमुई पुलिस ने एक स्पेशल टीम बनाई और उत्तर प्रदेश जाकर मस्जिद से उसे गिरफ्तार कर लिया।

**मोहम्मद नियाज नाम से जाना जाता था नवीन :** गिरफ्तारी के बाद जब देवरिया के लोगों को पता चला कि अपराधी का नाम नवीन बनेली है और यह एक हिंदू है तो वहां सभी दंग रह गए। अपराधी ने सिर्फ नाम ही नहीं बदला बल्कि वह पांचों वक्त का नमाजी था। मस्जिद में नाम बदल कर रह रहा था। अपराधी नवीन ने अपना नाम मोहम्मद नियाज रखा हुआ था और पढ़ा लिखा होने की वजह से उसने मस्जिद के हिसाब-किताब से लेकर साफ सफाई, बिजली तक का काम संभालता था। जानकारी मिली है कि नवीन ने यहां लोगों का इतना भरोसा जीत लिया था कि उसे मस्जिद कैंपस में ही रहने के लिए घर भी दे दिया गया था। वहां नवीन बाकी मौलवियों के साथ रहता था। वह रोजाना सुबह उठकर नमाज भी पढ़ता था। हालांकि उसने अपना धर्म परिवर्तन किया या नहीं इसका खुलासा नहीं हो पाया है।

# पटना में बमबाजी से दहला बीएन कॉलेज का छात्रावास

## एक जखमी; बवाल के बाद सड़क जाम

**पटना।** पटना से बड़ी खबर आ रही है। पटना यूनिवर्सिटी के बीएन कॉलेज छात्रावास में जबरदस्त बमबाजी हुई है। बमबाजी से बीएन कॉलेज छात्रावास दहल उठा है। बताया जा रहा है कि यहां आपसी विवाद हुआ था। जिसके बाद छात्रावास में सैकड़ों छात्र घुस गए। इसके बाद लगातार यहां बमबाजी हुई है। इस बमबाजी में एक लड़का जख्मी भी हुआ है। बताया जा रहा है कि लड़के के सिर पर बम लगा है और वो काफी जख्मी हो गया है। इलाज के लिए उसे पीएमसीएच में भर्ती करवाया गया है। बिहार नेशल कॉलेज यानी B.N College के छात्रावास में हुई इस बमबाजी से इलाके के लोग भी सहम गए हैं। अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक, यहां छात्रावास में रहने वाले छात्रों की स्थानीय लोगों से मारपीट हुई थी। इसके बाद अब छात्रावास के अंदर बमबाजी की बात सामने आ रही है। मारपीट का आरोप छात्रावास के छात्रों पर लगा है। कॉलेज कैंपस में बमबाजी के बाद बीएन कॉलेज के छात्रों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया है। मुख्य सड़क को जाम किए जाने की वजह से वहां से आने-जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# बांग्लादेशी झंडा लगी कार से मचा हड़कंप



**सुपौल।** सुपौल में मंगलवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब लोगों ने सड़क पर बांग्लादेशी झंडा लगी एक कार को घूमते देखा। यह ग्रे रंग की कार बेरदह की ओर से आती हुई सिमराही के रेफरल अस्पताल रोड में घुसी। इसके बाद रामनगर रोड होते हुए एनएच-27 की ओर निकल गई। यह वाकया राघोपुर थाना क्षेत्र स्थित नगर पंचायत सिमराही से सामने आया।

**लोगों का बनाया वीडियो आया सामने :** घटना के वक्त कई लोगों ने कार का वीडियो बना लिया, जो अब सामने आया है। कार का नंबर बीआर 50 के 7641 बताया जा रहा है, जिससे साफ है कि यह सुपौल जिले की ही गाड़ी है। इसके बावजूद कार पर विदेशी झंडा कैसे और क्यों लगा, इसे लेकर इलाके में सस्पेंस गहराता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बांग्लादेशी झंडा देखकर वे हैरान रह गए। कई लोगों को शक है कि यह सिर्फ मजाक नहीं, बल्कि इसके पीछे कोई गहरी साजिश हो सकती है। सीमावर्ती इलाका होने के कारण लोग सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

**आधिकारिक सूचना नहीं, लेकिन जांच जारी :** राघोपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई आधिकारिक शिकायत नहीं मिली है। लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को देखते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कार मालिक कौन है और झंडा क्यों लगाया गया।

# बिहार में 4.50 लाख गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द होने का खतरा

## ऐक्शन के मूड में परिवहन विभाग

**पटना।** बिहार में लगभग साढ़े चार लाख वाहनों पर रजिस्ट्रेशन रद्द होने का खतरा मंडरा गया है। इन गाड़ियों के मालिकों ने टैक्स जमा नहीं किया है। सबसे अधिक पटना में वाहन मालिकों पर परिवहन विभाग का टैक्स बकाया है। अब विभाग ने इन गाड़ी मालिकों पर शिकंजा कसने का निर्णय लिया है। ऐसे गाड़ी मालिकों का रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) रद्द किया जा सकता है। सबसे ज्यादा टैक्स डिफॉल्टर राजधानी पटना में हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, बिहार में 4 लाख 51 हजार गाड़ी मालिकों पर टैक्स बकाया है। इनमें सबसे अधिक पटना जिले में 1 लाख 25 हजार से अधिक गाड़ी मालिक हैं। दूसरे स्थान पर मुजफ्फरपुर है, जहां 69 हजार गाड़ी मालिकों पर टैक्स बकाया है।

अन्य जिलों में बेगूसराय में 20 हजार 950, भागलपुर में 22 हजार 143, भोजपुर में 10 हजार 857, सारण में 13 हजार 735, गया में 12 हजार 722, पूर्णिया में 33 हजार 740, रोहतास में 12 हजार 55 तो वैशाली में 10 हजार 201 गाड़ी मालिकों पर टैक्स बकाया है। बाकी जिले में 10 हजार से कम वाहन मालिकों पर टैक्स बकाया है। टैक्स डिफॉल्टर वाहन मालिकों में अधिकतर व्यावसायिक वाहन के संचालक हैं।

# दुर्गा मंदिर में घुस पुजारी को मारी गोली, मर्डर से सनसनी



**बेगूसराय।** अपराधियों ने एक मंदिर में घुस पुजारी की हत्या कर दी है। पुजारी की हत्या किए जाने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। वारदात बेगूसराय जिले की है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि बेगूसराय के लाखो थाना क्षेत्र के पनसल्ला गांव एक दुर्गा माता का मंदिर है। इस मंदिर में 55 साल के शंभू सिंह बतौर पुजारी कार्यरत थे। सोमवार की देर रात मंदिर में घुसकर बदमाशों ने शंभू सिहं को गोली मार दी।

हैरानी की बात है कि पुजारी का मर्डर कर अपराधी चुपचाप दबे पांव निकल गए और किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी है। शंभू सिंह के बारे में बताया जा रहा है कि वो मंदिर में पूजा करते थे और नीचे ही रहते थे। मंगलवार की सुबह जब लोग मंदिर पहुंचे तब पुजारी की हत्या की बात सामने आई। लोगों ने पुलिस को भी इसकी जानकारी दी थी। गलत व्यवहार, पुलिस अफसर भी हुए घायल; डायल 112 की टीम पर अटैक पुजारी शंभू सिंह को किसने और क्यों गोली मारी है? अभी इसका पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस इस मामले में अलग-अलग एंगल से जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि यह दुर्गा मंदिर अभी निर्माणाधीन है। शंभू सिंह यहां रहकर पूजा पाठ किया करते थे।

**व्यापार**

# सेंसेक्स 1282 अंक गिरकर 81,148 पर बंद



**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन की बड़ी बढ़त के बाद दूसरे दिन आज यानी मंगलवार, 13 मई को शेयर बाजार में बड़ी गिरावट रही। सेंसेक्स करीब 1282 अंक (1.55%) गिरकर 81,148 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 346 अंक (1.39%) की गिरावट रही, ये 24,578 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट रही। इंफोसिस, पावर ग्रिड और जोमैटो के शेयर करीब 3.6% नीचे गिरकर बंद हुए। HCL टेक और TCS सहित कुल 5 शेयरों में करीब 3% की तेजी रही। वहीं, सनफार्मा, अडाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, SBI और टेक महिंद्रा में मामूली तेजी रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 35 में गिरावट रही। NSE के IT इंडेक्स में 2.42% की सबसे ज्यादा गिरावट रही। ऑटो, रियल्टी, मेटल और FMCG इंडेक्स 1 फीसदी गिरे। वहीं, मीडिया बैंकिंग और हेल्थकेयर सेक्टर में 1.5% की तेजी देखने को मिली।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 'यूनियन वेलनेस डिपॉजिट' का शुभारंभ

## एक अनूठी 375-दिवसीय खुदरा अवधि जमा योजना

**मुंबई।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में खुदरा ग्राहकों के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन की गई, अपनी नई और नवोन्मेषी अवधि जमा योजना 'यूनियन वेलनेस डिपॉजिट' का शुभारंभ किया गया. यूनियन वेलनेस डिपॉजिट को अवधि जमा उत्पाद के साथ स्वास्थ्य बीमा को सहजता से एकीकृत करके धनर्जन और स्वास्थ्य सुरक्षा दोनों को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है. इसके अतिरिक्त, यह रुपे सेलेक्ट डेबिट कार्ड के माध्यम से कई प्रकार के जीवनशैली लाभ प्रदान करता है. यह योजना 18 से 75 वर्ष की आयु के निवासी व्यक्तियों के लिए व्यक्तिगत या संयुक्त रूप से उपलब्ध है. संयुक्त खातों के लिए, केवल प्राथमिक खाताधारक ही बीमा कवरेज के लिए पात्र होंगे.

इसमें न्यूनतम जमा राशि 10.00 लाख और अधिकतम 3 करोड़ है, जिसमें समय से पहले बंद करने और जमा पर ऋण की सुविधा है. इस योजना की अवधि 375 दिन है और यह 6.75% प्रति वर्ष की आकर्षक ब्याज दर प्रदान करती है, साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए 0.50% अतिरिक्त ब्याज भी प्रदान करती है. इस उत्पाद की एक विशिष्टता 375-दिन के सुपर टॉप-अप स्वास्थ्य बीमा कवर का समावेशन है, जो कैशलेस अस्पताल में भर्ती होने की सुविधा के साथ 5.00 लाख की बीमा राशि प्रदान करता है.

शुभारंभ करते हुए, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुश्री ए. मणिमेखलै ने बताया, "यूनियन वेलनेस डिपॉजिट का शुभारंभ हमारे मूल्यवान ग्राहकों को नवोन्मेषी और प्रीमियम बैंकिंग अनुभव प्रदान करने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# होम क्रेडिट इंडिया ने उज्ज्वल ईएमआई कार्ड से बनाया खरीदारी को और अधिक स्मार्ट

**मुंबई।** अग्रणी कनज्यूमर फाइनैंस कंपनी, होम क्रेडिट इंडिया, उपभोक्तों के लिए फाइनैंसिंग को सरल बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर आगे बढ़ते हुए अपने उज्ज्वल ईएमआई कार्ड के जरिए भारत में क्रेडिट को अधिक सुलभ और समावेशी बना रही है। यह प्री-अप्रूव्ड वर्चुअल ईएमआई कार्ड 75,000 तक की तत्काल क्रेडिट लिमिट प्रदान करता है,जिससे खरीदारी आसान, स्मार्ट और पेपरलेस हो जाती है।

पहली बार ऋणर लेने वालों से लेकर वेतनभोगी प्रोफेशनल्स और स्व-रोज़गार वाले व्यक्तियों तक, ग्राहकों की एक बड़ी तादाद को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया, उज्ज्वल ईएमआई कार्ड कनज्यूमर ड्यूरेबल वस्तुओं की खरीदारी को अधिक किफायती, सुविधाजनक और लचीला बनाता है। ग्राहक इस वर्चुअल कार्ड का उपयोग ऑनलाइन या इन-स्टोर स्मार्टफोन, घरेलू उपकरण, स्वास्थ्य सेवा योजनाओं को खरीदने और लागत को तीन से बारह महीनों तक की आसान ईएमआई में बदलने के लिए कर सकते हैं।

# लिवप्योर ने मेंटनेंस-फ्री वॉटर प्यूरिफायर्स की रेंज पेश की



**मुंबई।** उपभोक्ता हितों के लिए प्रतिबद्ध और भारत के भरोसेमंद ब्रांडों में शामिल लिवप्योर ने वॉटर प्यूरिफायर्स की मेंटनेंस-फ्री सेवा के साथ 'भारत की सबसे बड़ी रेंज' लॉन्च की है। इस नई पहल के साथ कंपनी ने अपने चर्चित टीवी अभियान 'हाथी मत पालो' को भी दोबारा शुरू किया है। यह पहल उपभोक्ताओं की उस सबसे बड़ी चिंता को दूर करने की कोशिश है, जो हर साल वॉटर प्यूरिफायर के रख-रखाव पर औसतन 5,000 रूपए के खर्च को लेकर होती है। यह कैम्पेन आईपीएल समेत कई राष्ट्रीय और क्षेत्रीय टीवी चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। इस पहल के तहत, लिवप्योर ने अपने प्रीमियम वॉटर प्यूरिफायर्स –एल्युरा, एल्युरा प्रीमिया, सेरेनो, इटर्ना और इटर्ना प्रीमिया पर 30 महीने तक इंटीग्रेटेड मेंटनेंस सर्विस देने की घोषणा की है। कंपनी का मकसद ग्राहकों को बिना किसी झंझट के शानदार और भरोसेमंद उपयोग अनुभव देना है। लिवप्योर का मानना है कि इस सेवा से प्यूरिफायर्स ज्यादा लोगों तक पहुंच सकेंगे और भारत में शुद्ध पेयजल को लेकर जागरूकता और पहुंच – दोनों बढ़ेंगी।

# सोना 866 बढ़कर 93,942 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 13 मई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 866 बढ़कर 93,942 पर पहुंच गया है। कल सोने की कीमत 93,076 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव 624 बढ़कर 96,350 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 95,726 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 17,780 रुपए बढ़कर 93,942 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 10,333 रुपए बढ़कर 96,350 रुपए पर पहुंच गया है।

# प्राइमा आर्ट ने की रिटेल विस्तार की घोषणा



**नवी मुंबई।** थाईलैंड स्थित प्राणदा ग्रुप का हिस्सा प्राइमा आर्ट ने नवी मुंबई में अपने रिटेल विस्तार की घोषणा करते हुए वाशी,नेरुल और खारघर के विभिन्न आभूषण शोरूम में अपनी सुंदर 24 कैरेट शुद्ध सोने की शीट पर आधारित भक्ति कला संग्रह श्रृंखला का अनावरण किया। प्राइमा आर्ट की यह श्रृंखला भक्ति और डिजाइन का अद्भुत संगम प्रस्तुत करती है और विभिन्न आध्यात्मिक एवं उपहार संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है।

# 46वीं बार डिविडेंड देने जा रही महारत्न कंपनी



**नई दिल्ली।** महारत्न पीएसयू कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने चौथी तिमाही के नतीजों के साथ-साथ डिविडेंड का भी ऐलान किया है। कंपनी इस बार योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 10 प्रतिशत का डिविडेंड देने का फैसला किया है। बता दें, जनवरी 2003 से अबतक इस कंपनी ने 45 बार निवेशकों को डिविडेंड दिया है। गेल इंडिया लिमिटेड ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि 1 रुपये का फाइनल डिविडेंड योग्य निवेशकों को दिया जाएगा। कंपनी ने अभी डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया है। बता दें, बीते 12 महीने के दौरान कंपनी ने निवेशकों को 3.5 प्रतिशत का डिविडेंड दिया था।

# श्रीराम जनरल इंश्योरेंस का Q4 FY25 में शानदार प्रदर्शन



**मुंबई।** मोटर प्रीमियम में मजबूत ग्रोथ के चलते श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी (SGI) का वित्तीय वर्ष 2024-25 की अंतिम यानी चौथी तिमाही में GWP सालाना आधार पर 25% बढ़ा। यह पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही के 876 करोड़ से बढ़कर 1099 करोड़ हो गया है। सालाना आधार पर देखें तो वित्तीय वर्ष 2024-25 में बीमा कंपनी का GWP 24% बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 के 3036 करोड़ से बढ़कर 3753 करोड़ हो गया। अनिल अग्रवाल, एमडी और सीईओ, श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने कहा, "वित्त वर्ष 2025 में, हमने मोटर सेगमेंट में एक केंद्रित दृष्टिकोण द्वारा संचालित एक मजबूत प्रदर्शन दिया है। हमारे लचीलेपन और चपलता ने हमें प्रमुख मापदंडों में उद्योग से बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम बनाया है। भविष्य को देखते हुए, हम अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने, अपनी डिजिटल क्षमताओं का विस्तार करने और कम सेवा वाले बाजारों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# 69 हजार शिक्षक भर्ती में नहीं मिलेगा EWS को आरक्षण

## पुरानी नियुक्तियां रहेंगी बरकरार

महानगर संवाददाता
प्रयागराज



उत्तर प्रदेश में 69 हजार सहायक अध्यापकों की भर्ती में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को आरक्षण नहीं मिलेगा। हालांकि कोर्ट ने माना है कि सरकार को इस भर्ती प्रक्रिया में ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करना चाहिए था। कोर्ट ने कहा कि अब सभी 69 हजार पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं और चयनित उम्मीदवार वर्षों से काम कर रहे हैं। ऐसे में ईडब्ल्यूएस आरक्षण के तहत नयी सूची बनाकर पहले से नियुक्त अभ्यर्थियों को हटाना व्यावहारिक और न्यायसंगत नहीं होगा। यही नहीं चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति को चुनौती भी नहीं दी गई।

न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा व न्यायमूर्ति पीके गिरि की खंडपीठ ने शिवम पांडेय व अन्य की ओर से दाखिल विशेष अपील को उक्त टिप्पणी के साथ खारिज कर दिया। मामला ऐसे याचियों से जुड़ा है, जिन्होंने एकल पीठ के समक्ष ईडब्ल्यूएस के तहत आरक्षण लागू करने की मांग की थी। इसे एकल पीठ ने खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ याचियों ने खंडपीठ का रुख किया। याचियों ने दावा किया कि वर्ष 2020 में शिक्षक भर्ती विज्ञापन के समय ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू हो चुका था। उन्होंने कहा कि केंद्र की ओर से 103वां संविधान संशोधन 12 जनवरी 2019 को पारित किया गया और राज्य सरकार ने 18 फरवरी 2019 को शासनादेश जारी कर इसे लागू कर दिया था। इसके बावजूद चयन प्रक्रिया में इसका लाभ नहीं दिया गया, जो असंवैधानिक है।

### प्रक्रिया ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू होने से पहले आरंभ हो चुकी थी

राज्य सरकार के अधिवक्ता ने दलील दी कि भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत एक दिसंबर 2018 को उस शासनादेश से हुई थी, जिसमें 69 हजार पदों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। उनके अनुसार, यह प्रक्रिया ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू होने से पहले आरंभ हो चुकी थी, इसलिए इसका लाभ नहीं दिया जा सकता।

# काशी में 1.20 करोड़ की लागत से बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्केटिंग रिंक

महानगर संवाददाता
वाराणसी




नोएडा के बाद पूर्वांचल का पहला फुल पैराबोलिक सिंथेटिक रिंक बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) परिसर में बनेगा। बरेका प्रशासन ने एक करोड़ 20 लाख रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद सिंथेटिक रिंक बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सिविल विभाग टेंडर की प्रक्रिया में जुट गया है। ओलंपिक साइज के सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण बरेका फुटबॉल मैदान के पास होगा। आठ मीटर चौड़ा रिंक फुल पैराबोलिक होगा। इसमें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता होगी। मैदान पर खिलाड़ियों की सुविधा के लिए चेंजिंग रूम के अलावा शौचालय का निर्माण भी होगा। रिंक के चारों ओर ऊंची दीवार बनाई जाएगी। रात में मैच के लिए चार फ्लड लाइट पोल लगाए जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर प्रस्तावित रिंक पर स्केटिंग, हॉकी समेत पांच खेल होंगे।

स्केटिंग संघ के सचिव मोहम्मद इसराइल ने बताया कि इस पर इन-लाइनल हॉकी, रोलर स्केटिंग हॉकी, रोलर डर्बी, इन लाइन फ्री स्टाइल, क्लासिक स्लेम जैसे खेल होंगे। इस पर ओलंपिक में शामिल स्केट बोर्ड का भी प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। अंतरराष्ट्रीय मुकाबले फूल पैराबोलिक रिंक पर होते हैं। रिंक में कर्व (मोड़) का बाहरी हिस्सा ऊंचा और केंद्र की ओर झुका होता है। इससे स्केटिंग करते तेजी से आ रहे खिलाड़ी पर खिंचाव महसूस नहीं होता। वह तेजी से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं। अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से युक्त ओलंपिक साइज का सिंथेटिक रिंक बरेका में बनेगा। इससे वाराणसी के युवा खिलाड़ियों को स्केटिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। -राजेश कुमार

# ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं : वरुण गांधी

## टेरर के खिलाफ जीरो टॉलरेंस भारत की नीति

महानगर संवाददाता
पीलभीत



भारतीय जनता पार्टी के नेता और उत्तर प्रदेश स्थित पीलीभीत से लोकसभा सांसद रहे वरुण गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन और पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस दौरे के बाद अहम प्रतिक्रिया दी है। गांधी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर वरुण गांधी की प्रतिक्रिया में यह भी कहा गया है कि टेरर के खिलाफ जीरो टॉलरेंस भारत की नीति है।

उन्होंने लिखा ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद के विरुद्ध शून्य-सहनशीलता नीति को संपूर्ण विश्व में हमेशा-हमेशा के लिए स्थापित कर दिया है। हमारे वीर सपूतों ने आतंक की फैक्ट्री बन चुके पाकिस्तान में नौ आतंकी लॉन्चपैड नष्ट किए, कई वांछित आतंकवादी मार गिराये और पाकिस्तान के भीतर घुस कर हमने यह स्पष्ट किया कि अब आतंकी और उनके संरक्षक दोनों की जवाबदेही हर हाल में तय होगी। बीजेपी नेता ने लिखा भारत की वायुशक्ति ने पाक की रक्षा प्रणाली को ध्वस्त किया, बिना किसी संसाधन की क्षति, त्रि-सेना समन्वय और आकाशतीर प्रणाली की भूमिका ने हमारी सैन्य तैयारी को वैश्विक मान्यता दिलाई। स्वदेशी हथियार प्रणालियों की सटीकता और क्षमता ने भारत को वैश्विक शक्ति-संतुलन में एक मजबूत फोर्स के रूप में स्थापित किया। पूर्व सांसद ने लिखा कि दुनिया भर से भारत के आत्मरक्षा के अधिकार को समर्थन मिला। आपरेशन सिंदूर के बाद से अब वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान के आतंकी संगठन और वहाँ की सरकार एक ही पैमाने से देखे जाएँगे. पाकिस्तान का प्रवक्ता बना वैश्विक मीडिया का एक समूह कितना भी झूठ फैला ले, सच चीख कर पाकिस्तान की बर्बादी की गवाही दे रहा है।

# चाचा ने बेटे संग मिलकर किया भतीजे का अपहरण और कत्ल, गिरफ्तार



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में पारिवारिक रंजिश के चलते 16 वर्षीय किशोर की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले में मुठभेड़ के बाद आरोपी चाचा और उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के पैरों में गोली लगी है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

एसपी (ग्रामीण) विनय कुमार सिंह ने बताया, बढ़ापुर थाना क्षेत्र के अल्हेदादपुर कोपा गांव निवासी किशोर चांद 7 मई की शाम को लापता हो गया था। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद उसकी मां सलमा ने बालापुर थाने में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच के दौरान इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें चांद को उसके चाचा जुल्फिकार और चचेरे भाई रिहान के साथ एक गाड़ी में जाते देखा गया।

11 मई को चांद की लाश धामपुर और शेरकोट मार्ग के किनारे बहने वाली नहर में तैरती मिली। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने जुल्फिकार और रिहान की तलाश तेज कर दी। मंगलवार सुबह इस्लामाबाद चौराहे पर चेकिंग के दौरान तेज रफ्तार इकोस्पोर्ट गाड़ी को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन उसमें सवार लोगों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से दोनों आरोपी घायल हो गए। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक 315 बोर का देशी तमंचा और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए।

# धान खरीद घोटाला : एसआईटी जांच में होश उड़ाने वाला खुलासा

## जिले से लेकर पीसीएफ मुख्यालय तक के अफसर नपेंगे

महानगर संवाददाता
लखनऊ



प्रादेशिक कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड में धान खरीद घोटाले के तार जिलों से लेकर प्रदेश मुख्यालय तक जुड़े हैं। एसआईटी जांच में इसके भी सुबूत मिले हैं। मामले की जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) को सौंपे जाने के बाद अमित चौधरी से जुड़े अफसर भी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। इसी तरह तत्कालीन एसडीएम, एडीएम और लेखपाल पर भी गाज गिर सकती है, क्योंकि उस वक्त किसान सत्यापन का कार्य इन्हीं के जिम्मे था। वर्ष 2023-24 में धान खरीद घोटाले की जड़ें काफी गहरी हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बस्ती के जिला प्रबंधक रहते अमित चौधरी को पहले सिद्धार्थनगर का चार्ज दिया गया। फिर सिद्धार्थनगर में नियमित करके बस्ती का चार्ज थमा दिया गया। वह सिद्धार्थनगर ही नहीं बस्ती, संत कबीरनगर सहित अन्य जिलों में भी धान खरीद में चल रहे खेल को संचालित करता रहा। मामला सदन में उठने के बाद जांच शुरू हुई।

धान बिक्री के संबंध में किसान के ऑनलाइन आवेदन पर लेखपाल रिपोर्ट लगाता है। पांच हेक्टेयर से कम भूमि वालों का सत्यापन एसडीएम और इससे अधिक भूमि वाले किसानों का सत्यापन एडीएम करते हैं। ऐसे में ईओडब्ल्यू की जांच के दायरे में लेखपाल, एसडीएम और एडीएम भी आएंगे। धान खरीद में पीसीएफ के अधिकारियों के साथ ही क्रय केंद्र प्रभारियों और ढुलाई में लगे ठेकेदारों की भी मिलीभगत रही। बिना धान खरीदे ही ढुलाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए गए है। जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि ढुलाई में 10 ठेकेदार काम कर रहे थे। इसमें से दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई और वे जेल में हैं। इसी तरह 37 क्रय केंद्रों में से छह केंद्र प्रभारियों को भी जेल भेजा जा चुका है।

### कई किसानों ने 63 बार धान बेचा

सूत्रों के मुताबिक एसआईटी की जांच में जिला प्रबंधक के साथ ही अकाउंटेंट परमानंद उपाध्याय, छह क्रय केंद्र प्रभारी, धान ढुलाई में लगे ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जांच के दौरान पता चला कि 37 क्रय केंद्र पर धान खरीद में घालमेल किया गया। जांच में लगी पुलिस ने करीब 4200 किसानों के खातों की पड़ताल की है। इसमें पता चला कि कई किसानों ने 63 बार धान बेचा है। इनके खाते एक ही हैं, लेकिन ओटीपी के लिहाज से मोबाइल नंबर बदल-बदल कर प्रयोग किया गया है।



# गल्ला मंडी में कैमिकल गोदाम में आग, दो झुलसे

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर के कलक्टरगंज क्षेत्र में गल्ला मंडी के पास मंगलवार को एक कैमिकल गोदाम में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की लपटें और घना धुआं कई किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गोदाम में सैकड़ों कैमिकल ड्रम मौजूद थे, जिसके कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। रह-रहकर गोदाम से ब्लास्ट की आवाजें सुनाई दीं, जिसने स्थिति को और गंभीर बना दिया। इस दौरान हादसे में दो लोगों के आग से झुलसे की खबरें है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कुछ अवैध गोदाम बनाए गए हैं, जहां सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता। इस घटना ने इन गोदामों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं सूचना मिलते ही दमकल विभाग की आधा दर्जन से अधिक फायर टेंडर मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए यातायात डायवर्ट कर दिया। फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या कैमिकल रिएक्शन की आशंका जताई जा रही है। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। स्थानीय व्यापारी के मुताबिक यह बहुत डरावना था। धुआं इतना घना था कि सांस लेना मुश्किल हो गया। प्रशासन को ऐसे गोदामों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और सुरक्षित रहने की अपील की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग का धुआं करीब डेढ़ किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था और एकदम से धमाका हुआ, जिसके बाद आग का गोला और धुएं का गुबार ऊपर की ओर बढ़ा। बता दें कि इस क्षेत्र में गल्ला, किराना, सौंफ मार्केट, मूंगफली बाजार हैं। करीब आधा-पौन घंटा बाद दमकल पहुंचने के बाद अब कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

# अब आक्रांताओं की नहीं, बल्कि रक्षकों की पूजा होगी : सुभासपा

महानगर संवाददाता
लखनऊ



उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में सतरिख थाना क्षेत्र स्थित सैयद सालार साहू गाजी की मजार पर हर साल लगने वाला मेला इस बार आयोजित नहीं होगा। बाराबंकी पुलिस के अनुसार, 14 मई से 18 मई तक प्रस्तावित इस मेले को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजार की प्रबंधन कमेटी ने रद्द करने का निर्णय लिया है। जिला प्रशासन ने भी इस फैसले पर सहमति जताते हुए आयोजन की अनुमति नहीं दी है।

प्रबंधन कमेटी और प्रशासन ने बाराबंकी के साथ-साथ लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सुलतानपुर, अमेठी, गोंडा, हरदोई, उन्नाव, सीतापुर, बहराइच जैसे जिलों से आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस बार मेला में शामिल होने न आएं। यह निर्णय स्थानीय स्तर पर कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए लिया गया है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रवक्ता पीयूष मिश्रा ने इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे राष्ट्रहित में बताया। उन्होंने कहा, "अब आक्रांताओं की नहीं, बल्कि रक्षकों की पूजा होगी।" मिश्रा ने सैयद सालार गाजी को विदेशी आक्रांता करार देते हुए कहा कि भारत जैसे देश में, जो प्रभु श्रीराम, श्रीकृष्ण और सम्राट अशोक की भूमि है, ऐसे लोगों के नाम पर आयोजन करना संस्कृति का अपमान है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि कोई आयोजन होना चाहिए, तो वह चक्रवर्ती सम्राट महाराजा सुहेलदेव के नाम पर हो, जिन्होंने गाजी जैसे लुटेरे को परास्त कर देश से बाहर खदेड़ दिया था।

# छात्रा से छेड़खानी पर शिक्षक गिरफ्तार

**अमरोहा।** दसवीं की छात्रा से छेड़खानी और उत्पीड़न करने वाले शिक्षक विवेक चीमा को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। उधर, पुलिस ने छात्रा का मेडिकल व कोर्ट में बयान भी दर्ज कराए हैं। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की दो बेटी क्षेत्र के ही एक इंटर कॉलेज में पढ़ती हैं। किसान की कक्षा दस में पढ़ने वाली 15 वर्षीय बेटी को करीब दो माह से कॉलेज का ही संविदा शिक्षक विवेक चीमा परेशान कर रहा था। आरोपी अन्य छात्राओं से भी छेड़खानी करता था। किसान की बेटी व अन्य दो छात्राओं ने शिक्षक की शिकायत कक्षा अध्यापिका से की, जिस पर उन्होंने छात्राओं के साथ जाकर प्रधानाचार्य को मामले के बारे में बताया था।

# कानपुर चिड़ियाघर अगले कुछ दिनों तक बंद, इंफेक्शन फैलने का खतरा




**कानपुर।** यूपी का कानपुर चिड़ियाघर अब कुछ दिन बंद रहेगा। बर्ड फ्लू का खतरा मंडराने के कारण जू प्रशासन ने ऐसा कदम उठाया है। दरअसल बीमार शेर पटौदी से इंफेक्शन फैलने का खतरा बढ़ा है। इससे पहले गोरखपुर चिड़ियाघर में बाघिन की बर्ड फ्लू से मौत हो गई थी। जिसके बाद अन्य जानवरों को भी इंफ्केशन का डर फैल गया है। वहीं, अब चिड़ियाघर को खाली कराया जा रहा है।

कानपुर चिड़ियाघर में लाए गए शेर पटौदी में ब्लड, लीवर और पैंक्रियाज में इंफेक्शन पाया गया है। फिलहाल उसकी ब्लड रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। उसे ड्रिप के ज़रिए पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। वह पानी पी रहा है और रविवार से अब तक करीब 1 किलो मांस खाया है। गौरतलब है कि इससे पहले गोरखपुर चिड़ियाघर में एक बाघिन की मौत बर्ड फ्लू के कारण हो चुकी है। ऐसे में कानपुर चिड़ियाघर प्रशासन कोई रिस्क नहीं लेना चाहता। शेर को बर्ड फ्लू का खतरा मानते हुए प्रशासन ने एहतियातन चिड़ियाघर को खाली कराना शुरू कर दिया है। परिसर के अन्य जानवरों में भी संक्रमण फैलने की आशंका जताई जा रही है। चिड़ियाघर प्रबंधन ने कहा है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# जिम्मेदारों की अनदेखी का शिकार मुगलकालीन शाही पुल जर्जर



**सुल्तानपुर।** जिले की सबसे बड़ी नगर पंचायत दोस्तपुर में स्थित मुगलकालीन शाही पुल जर्जर हो चुका है। सुल्तानपुर और अंबेडकरनगर जिलों की सीमा पर मझुई नदी पर बना यह पुल दोनों जिलों के जिम्मेदारों की अनदेखी का शिकार है। अब दुर्घटना का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

कस्बे के पूर्व चेयरमैन मिथिलेश मिश्रा के अनुसार, लखौरी ईंटों से निर्मित यह पुल 500 वर्ष से भी अधिक पुराना है। पुल के दोनों तरफ राहगीरों के रुकने के लिए आठ-आठ कोठरियां बनी हुई हैं। इन तक पहुंचने के लिए सीढ़ियां भी हैं। यह ऐतिहासिक पुल प्रयागराज, टांडा, बस्ती, गोरखपुर और अयोध्या जैसे महत्वपूर्ण शहरों के लिए बसों का एकमात्र मार्ग है।

इसके अतिरिक्त, कादीपुर विधानसभा क्षेत्र के लोग भी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक पहुंचने के लिए इसी पुल का इस्तेमाल करते हैं। पुल पर लगे फारसी शिलालेख के अनुसार, इसकी मरम्मत मुगल तालुकेदार अली आगा खां ने 1270 हिजरी में कराई थी। दुर्भाग्यवश, इसके बाद से इस ऐतिहासिक धरोहर की कोई मरम्मत नहीं हुई है। पुल की सड़क पूरी तरह से उबड़-खाबड़ और गड्ढों से भरी हुई है।

# यूपी में बनने लगा इफको नैनो लिक्विड DAP

## आंवला और फूलपुर प्लांट में उत्पादन शुरू

महानगर संवाददाता
लखनऊ



किसानों की सबसे बड़ी सहकारी संस्था इफको ने उत्तर प्रदेश के अपने दो कारखानों में नैनो तरल डीएपी का व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर दिया है। इफको के प्रबंध निदेशक डॉक्टर उदय शंकर अवस्थी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया कि इफको के आंवला (बरेली) और फूलपुर (प्रयागराज) प्लांट प्रतिदिन 2-2 लाख नैनो लिक्विड डीएपी के बोतल पैक करने की क्षमता से लैस हैं। 500 एमएल की एक बोतल के बदले पहले किसानों को एक बोरी डीएपी खरीदना होता था जिसका दाम तो ज्यादा था ही, उसे बाजार से खेत तक ले जाना भी एक अलग खर्च था।

एमडी यूएस अवस्थी ने कहा है कि इन दो प्लांट में उत्पादन चालू होने के बाद इफको की प्रतिदिन उत्पादन क्षमता बढ़कर 9.50 लाख बोतल हो गई है। उत्पादन में इस वृद्धि से देश में नैनो डीएपी लिक्विड की आपूर्ति बढ़ेगी और यह हमारे किसानों को आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। आंवला और फूलपुर को लेकर अब इफको के पांच प्लांट में नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का उत्पादन हो रहा है। नैनो डीएपी लिक्विड पारंपरिक डीएपी से बेहतर विकल्प है क्योंकि नैनो डीएपी में 100 नैनोमीटर से छोटे आकार के कण होते हैं, जो इसे अधिक प्रभावी बनाते हैं। दाम कम होने की वजह से किसानों के बीच नैनो डीएपी की लोकप्रियता बढ़ रही है।

इफको ने जून 2021 में दुनिया के सामने पहली बार नैनो लिक्विड यूरिया पेश किया था जिसे कृषि क्षेत्र में एक क्रांतिकारी खोज माना गया है। कई किलोग्राम यूरिया या डीएपी की जगह अब किसान के पास आधा लीटर का एक बोतल खरीदकर उतना ही फायदा पाने का विकल्प है। इफको ने 2023 में नैनो डीएपी पेश किया। एमडी अवस्थी ने कहा था कि 2017 से ही इफको के वैज्ञानिक इस खोज में लगे थे और इस अनुसंधान पर कंपनी ने 2000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

# मौत बनकर दौड़ा डंपर, तीन की मौत

महानगर संवाददाता
उन्नाव



जिले के हसनगंज थाना क्षेत्र अजगैन मोहान मार्ग स्थित फरहदपुर गांव के पास मंगलवार सुबह डंपर की टक्कर लगने से बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार महिला अपने देवर के साथ बेटी की दवा लेकर फरहदपुर अस्पताल से लौट रही थी। महिला व उसका देवर और मासूम की मौत के बाद चालक डंपर छोड़कर मौके से भाग निकला। ओहरापुर कौड़िया गांव की रहने वाली 30 साल की रंगीता अपनी ढाई वर्षीय बेटी आकृति की दवा लेने के लिए 24 साल के देवर गौरव के संग बाइक से फरहदपुर सेवा अस्पताल आई थी। आकृति की तबियत खराब थी। दवा लेकर तीनों जैसे ही घर लौटने के लिए निकले, तभी मोहान की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने सामने से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची हसनगंज व अजगैन पुलिस ने तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रंगीता की मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पति अंकित, सास राजेश्वरी, ससुर बंशीलाल रावत और बड़ी बेटी अनन्या का रो-रोकर बेहाल हो उठी। एक साथ घर के तीन सदस्यों की मौत से पूरा गांव शोक में डूब गया है।

# बहन की शादी से चार दिन पहले दो भाइयों ने की खुदकुशी

## मां ने बताई बेटों की सुसाइड करने की चौंकाने वाली वजह

महानगर संवाददाता
गोरखपुर



गोरखपुर के गोला इलाके के लकुड़ी गांव में बहन की शादी से चार दिन पहले दो सगे भाइयों ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पहले छोटे भाई फिर रात में बड़े भाई ने फंदा लगाया। एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत से इलाके में भी हड़कंप मच गया। मृतकों की पहचान लकुड़ी गांव निवासी सत्यम (18) और संदीप (25) के रूप में हुई। पुलिस ने सोमवार को दोनों भाइयों के शव का पोस्टमार्टम करवाकर देर रात परिजनों को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि सत्यम का एक लड़की से प्रेम संबंध था। लड़की के घरवालों ने सत्यम को डांट दिया, जिसके बाद उसने आहत होकर आत्मघाती कदम उठा लिया। उधर, बड़ा भाई संदीप सत्यम की मौत के सदमे को बर्दाश्त नहीं कर सका और उसने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के मुताबिक, रामगोविंद की छोटी बेटी रिया की शादी 15 मई को होनी थी। उधर, बेटे सत्यम की प्रेमिका के परिजनों की डांट से नाराज होकर उसने रविवार अपराह्न करीब तीन बजे घर के एक कमरे की कुंडी में फंदा लगाकर जान दे दी।

इसके बाद देर रात कमरे की उसी कुंडी में फंदा लगाकर सत्यम के बड़े भाई संदीप ने भी खुदकुशी कर ली। परिजनों का कहना है कि संदीप मानसिक रोगी था। वह छोटे भाई की मौत का दुख बर्दाश्त नहीं कर सका। घटना के समय घर पर सत्यम और संदीप की मां कमलावती, बड़ी बहन संगीता व छोटी बहन रिया मौजूद थी। पिता चेन्नई में नौकरी करते हैं। उन्हें सूचना दे दी गई है। गोला थाना प्रभारी अंजुल चतुर्वेदी ने बताया कि दो भाइयों ने 24 घंटे के अंदर ही फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। इसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

# बांग्लादेशियों और रोहिंग्या के सत्यापन के लिए बंगाल जाएगी वाराणसी पुलिस

**वाराणसी।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद काशी में अवैध तरीके से रहने वाले बांग्लादेशियों और रोहिंग्या के लिए पुलिस और लोकल इंटेलिजेंस यूनिट के स्तर से एक बार फिर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। अभियान के दौरान 249 ऐसे लोग मिले हैं, जिनके आधार कार्ड पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के हैं। इनके सत्यापन में पश्चिम बंगाल के पुलिस-प्रशासन से सहयोग न मिलने के कारण अब कमिश्नरेट की पुलिस और एलआईयू खुद बीरभूम जाएगी। पुलिस और एलआईयू की संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बांग्लादेशी और रोहिंग्या पश्चिम बंगाल के रास्ते ट्रेन से आसानी से काशी आ जाते हैं। काशी में पश्चिम बंगाल के मूल निवासियों की अच्छी-खासी संख्या होने के कारण बांग्लादेशी और रोहिंग्या भी खुद को बांग्ला भाषी बताते हुए यहां रहने लगते हैं। इनमें से ज्यादातर कूड़ा बीनने, पैडल रिक्शा चलाने, मजदूरी और अन्य छोटे-मोटे काम करते हैं। स्थानीय पुलिस और एलआईयू की लापरवाही और अनदेखी से मौजूदा समय में शहर का ऐसा कोई थाना क्षेत्र नहीं बचा है, जहां खुद को बांग्ला भाषी बताने वाले न रहते हों। खुद को बांग्ला भाषी बताने वाले सुरक्षा व्यवस्था के लिए से एक गंभीर चुनौती हैं।

# फौजी पति को पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर टुकड़ों में काटा

महानगर संवाददाता
बलिया



जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। रिटायर्ड फौजी देवेंद्र कुमार की पत्नी माया देवी और उनके प्रेमी अनिल यादव ने मिलकर क्रूर हत्या कर दी। हत्यारों ने मृतक के शरीर को 6 टुकड़ों में काटा और उसका सिर घाघरा नदी में बहा दिया। बलिया पुलिस ने 10 मई 2025 को हुई इस घटना के बाद मुठभेड़ में मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शव के 5 टुकड़े बरामद किए गए हैं, जबकि कटे हुए सिर की तलाश जारी है।

बलिया के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह के अनुसार, खेजुरी थाना क्षेत्र के खड़सड़ा हरिपुर निवासी माया देवी ने अपने प्रेमी अनिल यादव और एक अन्य सहयोगी के साथ मिलकर इस जघन्य हत्या को अंजाम दिया। जांच में पता चला कि हत्या का कारण माया और अनिल का अवैध संबंध था। माया ने अनिल को अपने पति द्वारा दी गई चोटें दिखाईं, जिससे गुस्साए अनिल ने देवेंद्र की हत्या की साजिश रची।

हत्यारों ने पहले देवेंद्र को जहर देकर मार डाला, फिर उनके शरीर को 6 टुकड़ों (हाथ, पैर, धड़ और सिर) में काटा। दोनों हाथ और पैर सिकंदरपुर के एक बगीचे में, धड़ एक कुएं में और सिर घाघरा नदी में फेंक दिया गया। माया ने 10 मई को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें दावा किया कि उनका पति बक्सर (बिहार) गया और वापस नहीं लौटा। लेकिन पुलिस को शक तब हुआ जब देवेंद्र का मोबाइल फोन कहीं मूव नहीं हुआ।


पुलिस को सिकंदरपुर क्षेत्र में दो हाथ और दो पैर मिलने के बाद जांच तेज हुई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान अनिल यादव और उसके सहयोगी को रोकने की कोशिश की। दोनों ने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी और भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में अनिल घायल हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# ये तो क्लियर कट भारत की जीत है : टॉम कूपर

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान के खोखले और झूठे दावों पर ऑस्ट्रेलियन मिलिट्री एक्सपर्ट टॉम कूपर ने शहबाज शरीफ सरकार को आईना दिखाया है। उन्होंने 3-4 दिन चली कार्रवाई को न सिर्फ भारत की जीत बताया, बल्कि यह भी कहा कि पाकिस्तान का सीजफायर के लिए गुहार लगाना कोई हैरानी वाली बात नहीं है। क्योंकि उसको इतना नुकसान हो चुका था कि वह बुरी तरह घबरा गया। टॉम कूपर दुनिया के सबसे सम्मानित युद्ध इतिहासकारों में से हैं। वह विश्लेषक, लेखक और मध्य पूर्व से दक्षिण एशिया तक के हवाई युद्धों के एक्सपर्ट हैं। 6 और 7 मई की दरमियानी रात को पाक में आतंकी ठिकानों को बर्बाद किए जाने के बाद पाकिस्तान ने भारत के कई शहरों के सैन्य ठिकानों पर हमले की नाकाम कोशिश की। भारत ने भी उसकी इस कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब दिया। एक हफ्ते चले इस घटनाक्रम पर टॉम कूपर ने एक




ब्लॉग लिखा है। टॉम कूपर ने बता दिया कि भारतीय सेना के सामने पाक आर्मी टिक नहीं सकी। टॉम कूपर ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर जिस तरह तबाही मचाई, वो पाक की हार को दिखाता है। इसी वजह से वह सीजफायर के लिए अमेरिका के पास गुहार लगाने पहुंच गया था। उन्होंने भारत के अभियान को क्लियर कट जीत बताया है। टॉम कूपर ने एक ब्लॉग में लिखा, 'साफ-साफ कहूं जैसा हमेशा करता हूं। जब एक पक्ष दूसरे के परमाणु हथियार भंडारण पर बम बरसा रहा हो और दूसरा कुछ भी करने की हालत में न हो तो मेरे हिसाब से यह साफ-साफ जीत है। इस्लामाबाद की तरफ से सीजफायर के लिए गुहार लगाना, कोई हैरानी की बात नहीं है।'

टॉम कूपर ने साफ-साफ लिखा कि भारत इस कार्रवाई में पाकिस्तान से कहीं ऊपर था और भारत की सीधे तौर पर जीत हुई। टॉम कूपर के अनुसार ऑपरेशन सिंदूर में कम से कम पांच मुख्य आतंकी मारे गए और 140 अन्य आतंकवादियों का सफाया हुआ. पाकिस्तान की सरकार ने चुप्पी साध ली, लेकिन आईएसआई ने इन आतंकियों को शहीद बताकर पाक सेना के अफसरों के साथ राजकीय सम्मान दिया, जो ये बताने के लिए काफी है कि आतंकियों का सेना के साथ सीधा संबंध है. टॉम कूपर ने लिखा कि भारत की पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने की कार्रवाई पूरी तरह सफल रही और पाकिस्तान फेल हो गया।

## तमिलनाडु: पोलाची दुष्कर्म कांड में नौ लोगों को उम्रकैद

**50 से ज्यादा महिलाओं के साथ हुआ था दुष्कर्म**

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीति में भूचाल पैदा करने वाले पोलाची दुष्कर्म कांड में मंगलवार को कोयंबटूर की महिला कोर्ट ने सभी नौ आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जज आर नंदिनी देवी ने दोषियों को गवाही देने वाली आठ महिलाओं को कुल 85 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। दोषी ठहराए गए नौ लोगों ने 2016 से 2018 के दौरान 50 से अधिक महिलाओं को अपना शिकार बनाया, जिनमें अधिकतर कॉलेज की छात्राएं थीं। दोषियों ने पीड़ित महिलाओं का वीडियो बनाया और उन्हें ब्लैकमेल कर उनके साथ कई बार दुष्कर्म, सामूहिक दुष्कर्म और उनका शोषण किया। हालांकि, इनमें से केवल आठ महिलाओं ने ही आरोपियों के खिलाफ गवाही दी। वर्ष 2019 में सबरीराजन, थिरुनावुकारसु, टी वसंत कुमार, एम सतीश, आर मणि, पी बाबू, एच पॉल, अरुलानंथम और अरुण कुमार को गिरफ्तार किया था, तब से ही सभी सलेम सेंट्रल जेल में बंद हैं। सजा सुनाए जाने के दौरान ये लोग कोर्ट में मौजूद थे।

## सच्चा सशक्तीकरण मदद से होता है, मुफ्त चीजें बांटने से नहीं : उपराष्ट्रपति


महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को रेवड़ी योजनाओं को लेकर सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि सच्चा सशक्तीकरण मदद से होता है, मुफ्त चीजें और खैरात बांटने से नहीं। जब महिलाएं आगे आती हैं तो संतुलित आर्थिक विकास और सामाजिक वृद्धि होती है।

मेघालय के स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को मुफ्त चीजें देकर उसकी जेब भरना, सच्चा सशक्तीकरण नहीं है। सच्चा सशक्तीकरण वह है कि आप उस व्यक्ति का हाथ थाम लें ताकि वह व्यक्ति स्वयं सशक्त बन जाए। इससे खुशी मिलती है, संतुष्टि मिलती है, आपको आंतरिक शक्ति मिलती है और आपको अपने परिवार पर गर्व भी होता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत का पूर्वोत्तर हमारा गहना है। 1990 के दशक में केंद्र सरकार की लुक ईस्ट नीति थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस नीति को एक अतिरिक्त आयाम दिया है - लुक ईस्ट से एक्ट ईस्ट। यह कार्रवाई भी बहुत प्रभावी ढंग से हुई है। मेघालय में पर्यटन, खनन, आईटी और सेवाओं के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

उन्होंने आर्थिक विकास और महिला सशक्तीकरण



में राज्य की उपलब्धियों की सराहना की तथा इसका श्रेय केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर दूरदर्शी नेतृत्व को दिया। उन्होंने कहा कि यह दूरदर्शी नेतृत्व है जो अधिकारियों को सही दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। मेघालय की आर्थिक प्रगति की सराहना करते हुए धनखड़ ने कहा कि किसी राज्य की अर्थव्यवस्था सकल राज्य घरेलू उत्पाद से निर्धारित होती है। इसमें मेघालय में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस दौरान मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा भी उपस्थित थे।

## पीएम मोदी के आदमपुर दौरे के बाद ओवैसी ने पाक को दी चुनौती

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे, जहां उन्होंने वायुसेना के लड़ाकों और अधिकारियों से मुलाकात की और उनका हौसला अफजाई भी किया। बता दें कि, प्रधानमंत्री मोदी की आदमपुर यात्रा भारत और पाकिस्तान के बीच कई दिनों तक चले भीषण संघर्ष के बाद हुई। 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पड़ोसी देश में आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच जमकर सैन्य संघर्ष हुआ। भारत और पाकिस्तान ने 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई। वहीं पीएम मोदी के इस दौर के बाद एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करके पाकिस्तानी प्रधानमंत्री और सेना प्रमुख पर तंज कसा है। अपने

**रहीम यार खान एयरबेस पर विमान उतारे पाकिस्तान**



एक्स हैंडल पर असदुद्दीन ओवैसी ने लिखा- क्या एस. शरीफ और ए. मुनीर अपने पट्टे पर लिए गए चीनी विमान को रहीम यार खान एयरबेस पर उतार पाएंगे?

आदमपुर एयरबेस पहुंचने के बाद सिर्फ वायु योद्धाओं का हौसला ही नहीं बढ़ाया, बल्कि पड़ोसी मुल्क को सख्त संदेश भी दिया। उन्होंने यहां सिर्फ सेना के जवानों से बात ही नहीं की, बल्कि इसके जरिए पड़ोसी मुल्क के प्रोपेगैंडा को भी ध्वस्त कर दिया।

## 24 घंटे के भीतर भारत छोड़ दो

**पाकिस्तान हाई कमीशन में तैनात अफसर को आदेश**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में कार्यरत एक पाकिस्तानी अधिकारी के खिलाफ बड़ा ऐक्शन लिया गया है। भारत सरकार ने उसे 'पर्सोना नॉन ग्राटा' (अवांछनीय व्यक्ति) घोषित कर दिया है। वह ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाया गया जो उसकी आधिकारिक स्थिति के विरुद्ध थीं। इस अधिकारी को 24 घंटे के भीतर भारत छोड़ने का आदेश जारी हुआ है। इस संबंध में पाकिस्तान उच्चायोग के चार्ज डी'अफेयर्स को मंगलवार को कूटनीतिक पत्र जारी किया गया। भारत की ओर से पाकिस्तान के अधिकारी के खिलाफ यह ऐक्शन ऐसे समय लिया गया जब दोनों देशों में तनाव चरम पर है।

## सुप्रीम कोर्ट ने खत्म की वकीलों की अंक-आधारित मूल्यांकन प्रणाली

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वकीलों को 'वरिष्ठ वकील' का दर्जा देने के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं और अब तक चली आ रही अंक-आधारित मूल्यांकन प्रणाली को खत्म कर दिया है। जस्टिस अभय एस. ओका, उज्जल भुयां और एस.वी.एन. भट्टी की बेंच ने कहा कि पिछले साढ़े सात वर्षों का अनुभव यह दिखाता है कि अंकों के आधार पर वकीलों की योग्यता और अनुभव का मूल्यांकन तर्कसंगत और वस्तुनिष्ठ तरीके से करना संभव नहीं है। कोर्ट ने सभी हाई कोर्ट को निर्देश दिया कि वे अपने नियमों में चार महीने के अंदर बदलाव करें और उन्हें नए दिशानिर्देश के अनुसार बनाएं। अब से वरिष्ठ वकील की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट की पूर्ण कोर्ट से तय होगी। आवेदन करने वाले सभी पात्र उम्मीदवारों की जानकारी स्थायी सचिवालय द्वारा एकत्र की जाएगी और पूर्ण कोर्ट के सामने रखी जाएगी। अगर पूर्ण कोर्ट में सर्वसम्मति नहीं बनती, तो गोपनीय मतदान के माध्यम से निर्णय लिया जा सकता है। वरिष्ठ वकील के लिए वकालत का न्यूनतम 10 साल का अनुभव जरूरी रहेगा। कोर्ट ने यह भी कहा, वकीलों द्वारा आवेदन देने की प्रक्रिया जारी रहेगी और अगर कोई योग्य उम्मीदवार हो, तो बिना आवेदन के भी उसे वरिष्ठ दर्जा दिया जा सकता है। किसी जज को व्यक्तिगत रूप से किसी का नाम प्रस्तावित करने का अधिकार नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि हर साल कम से कम एक बार यह प्रक्रिया होनी चाहिए। जब तक सभी हाई कोर्ट अपने नियम नहीं बदलते।

नई प्रक्रिया लागू नहीं की जाएगी और नए आवेदन नहीं लिए जाएंगे।

## बठिंडा आर्मी कैंट का टेलर पाकिस्तान भेज रहा था सेना की जानकारी, गिरफ्तार

महानगर नेटवर्क

बठिंडा

भारत-पाकिस्तान के बीच पैदा हुए तनाव के बीच देश के गद्दार भी पकड़े जा रहे हैं। पंजाब के बठिंडा में दुश्मन देश के लिए काम कर रहा दर्जी पकड़ा गया है। हैरानी की बात यह है कि गद्दार दर्जी बठिंडा में सैन्य छावनी में टेलर का काम कर रहा था और वहां से सेना से जुड़ी जानकारी दुश्मनों तक पहुंचा रहा था। आरोपी को थाना कैंट पुलिस ने आरोपी को सैन्य छावनी की जासूसी करने और सेना से जुड़ी जानकारियां पाकिस्तानी इंटेलिजेंस आप्रेटिव के नंबरों पर भेजने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रकीब पुत्र इकबाल निवासी गांव दुसनी हरिद्वार (उत्तराखंड) के तौर पर हुई। आरोपी पिछले कुछ सालों से बठिंडा सैन्य छावनी के अंदर टेलर का काम करता था। सेना और पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन



बरामद करके फोरेसिंक जांच के लिए भेज दिए हैं। उसके मोबाइल फोन से संदिग्ध सैन्य दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि पकड़े गए आरोपित के खिलाफ थाना कैंट पुलिस ने एक सेना अधिकारी की शिकायत पर केस दर्ज किया है। सूत्र बताते हैं कि पकड़े गए आरोपी रकीब से एसएसपी समेत अन्य जांच एजेंसियों के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। ताकि पता लगाया जा सके कि उक्त आरोपित पाकिस्तानी की किस एजेंसी के साथ संपर्क में था और कैसे आया। वह कितने समय से उनके साथ संपर्क में था और अब तक वह कौन-कौन सी जानकारी उन्हें भेजा चुका है।

मामला देश की सुरक्षा से जुड़े होने के चलते पुलिस और सेना के अधिकारी किसी भी तरह की ज्यादर जानकारी देने से बच रहे हैं। हालांकि मामले की पुष्टि करते हुए एसएसपी अमनीत कौंडल ने बताया कि सेना ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस के हवाले किया है। जिसपर सैन्य छावनी की जासूसी करने का शक है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही। पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है कि आरोपी जासूस है या फिर हनी ट्रैप का मामला तो नहीं है। बताते चलें कि बीती 29 अप्रैल को भी बठिंडा सैन्य छावनी में एक मोची का काम करने वाले आरोपित सुनील कुमार निवासी बेअंत नगर बठिंडा को जासूसी करने के आरोप में बठिंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जब मामले की जांच की गई, तो मामला हनी ट्रैप निकला।

**पेज एक का शेष**

## आतंकी हमले का जवाब अपनी शर्तों पर देंगे...

हमारे ड्रोन्स, हमारी मिसाइलों के बारे में सोचकर तो पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी। कौशल दिखलाया चालों में उड़ गया भयानक भालों में निर्भीक गया वह ढालों में सरपट दौड़ा करवालों में... यह पंक्तियां महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक पर लिखी गई हैं। ये आज के आधुनिक भारत के हथियारों पर भी फिट बैठती हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि आप सभी अपने लक्ष्यों पर बिल्कुल खरे उतरे हैं। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और उनके एयरबेस ही तबाह नहीं हुए, बल्कि उनके नापाक इरादे और उनके दुस्साहस, दोनों ही हार हुई। साथियो! ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए दुश्मन ने इस एयरबेस के साथ-साथ हमारे अनेक एयरबेस पर हमला करने की कई बार कोशिश की, बार-बार हमें टारगेट किया, लेकिन पाकिस्तान के नापाक इरादे हर बार नाकाम हो गए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के ड्रोन, उसके एयरक्राफ्ट, मिसाइल हमारे सशक्त एयर डिफेंस के सामने ढेर हो गए। मैं भारतीय वायु सेना के हर वायु योद्धा की सराहना करता हूं। देश के सभी एयरबेस से जुड़ी लीडरशिप, एयर वॉरियर की हृदय से सराहना करता हूं। आपने वाकई बहुत शानदार काम किया। साथियो! आतंक के विरुद्ध भारत की लक्ष्मण रेखा अब एकदम स्पष्ट है। अब फिर कोई आतंकी हमला हुआ तो भारत जवाब देगा और पक्का जवाब देगा। यह हमने सर्जिकल स्ट्राइक के समय देखा, एयर स्ट्राइक के समय देखा और अब ऑपरेशन सिंदूर भारत का न्यू नॉर्मल है। पीएम मोदी ने कहा कि जैसा मैंने कल भी कहा था कि भारत ने अब तीन सूत्र तय कर दिए हैं। पहला- भारत पर आतंकी हमला हुआ तो हम अपने तरीके से, अपनी शर्तों पर, अपने समय पर जवाब देंगे। दूसरा- कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा। तीसरा- हम आतंक के सरपरस्तों की सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। दुनिया भी भारत के इस नए रूप को, इस नई व्यवस्था को समझते हुए ही आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने सिर्फ सैन्य कार्रवाई को स्थगित किया है। अगर पाकिस्तान ने फिर से अगर आतंकी गतिविधि या सैन्य दुस्साहस दिखाया तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। यह जवाब अपनी शर्तों, अपने तरीके से देंगे और इस निर्णय की आधारशिला और इसके पीछे छिपा है विश्वास, आप सबका धैर्य, शौर्य, साहस और सजगता। यह जुनून और जज्बा ऐसे ही बरकरार रखना है। हमें लगातार मुस्तैद रहना है, हमें तैयार रहना है। हमें दुश्मन को याद दिलाते रहना है कि यह नया भारत है। यह भारत शांति चाहता है, लेकिन अगर मानवता पर हमला होता तो यह भारत दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी अच्छी तरह जानता है।

## पहले PoK खाली करे पाकिस्तान...

**सिंधु जल संधि को सस्पेंड रखा गया है - MEA**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ₹पिछले दिनों आपने देखा कि सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) के निर्णय के बाद सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया गया है। मैं आपको थोड़ा पीछे ले जाना चाहूंगा। सिंधु जल संधि सद्भावना और मित्रता की भावना से संपन्न हुई थी, जैसा कि संधि की प्रस्तावना में दर्ज है। हालांकि, पाकिस्तान ने कई दशकों से सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देकर इन सिद्धांतों को स्थगित रखा है। 23 अप्रैल के सीसीएस निर्णय के अनुसार, भारत संधि को तब तक स्थगित रखेगा जब तक कि पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से समाप्त नहीं कर देता।₹ विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान हारने पर भी जश्न मनाता है। भारत ने अमेरिकी को सीधा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कश्मीर पर दूसरे देश की मध्यस्थता मंजूर नहीं है। सीजफायर को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत हुई।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that my client Mr. Vishal Gupta is intending to sell Flat No. B/8, Building no.45, Shri Hari Krishna Kripa CHS., Manish Nagar, Andheri (W), Mumbai 400053. The said flat is in the name of his late mother Smt. Poonam Gupta who passed away on 15.03.2025. My client Mr. Vishal Gupta has applied to the society to transfer the said flat in his name. Hence, this Public Notice is being given before the flat is transferred in his name by the society. Any/all person/s having or claiming any right, title, claim or interest in respect or objection of whatsoever nature in respect of the said Flat No. B/8, Building no.45, Shri Hari Krishna Kripa CHS. or any part thereof whether by way of sale, ownership, transfer, exchange, charge, encumbrance, assignment, gift, tenancy, sub-tenancy, lease, sub-lease, possession, covenant, license, lien, inheritance, mortgage, possession, pledge, charge, trust, maintenance, donation, easement, lis pendens or under any decree, Order or Award passed by any Court, Tribunal (Revenue or Arbitral) or Authority or otherwise howsoever or otherwise however are hereby requested to make the same known in writing to the undersigned at his below mentioned address within a period of 14 days from the date of the instance Notice of his/her/their such claim, if any, alongwith all supporting documents duly certified in that regard, failing which the rights and title with respect to the said Flat No. B/8, Building no.45, Shri Hari Krishna Kripa CHS., Manish Nagar, Andheri West, shall be deemed to be clear undisputed and unencumbered and the claim(s), if any, of such person / entity shall be treated as waived and/or not binding on my client and/or abandoned and my client shall proceed with the sale of the said Flat No. B/8, Building no.45, Shri Hari Krishna Kripa CHS., as mentioned above.

Mumbai
Dated : 13.05.2025

Anees S. Kazi
Advocate
3, Silva Dwell, 447, Pitamber Lane,
Near Canara Bank, Off. S. B. Cross
Road, Mahim (W), Mumbai 400016

मृतक प्रतिवादी के विधिक प्रतिनिधि को सम्मन
(आदेश २२ का नियम ४)

मुकद्दमा नं. C.O.14/017 (04/2007) सन................

न्यायालय श्रीमान न्यायाधिश महो. पारिवारीक न्यायालय प्रतापगढ़

श्री. मुकेश कुमार ...............वादी

बनाम

शरदचन्द खासगीवाल वगैरा ................प्रतिवादी

वाद बाबद

प्रेषिती:— अरूण पिता शरदचन्द खासगीवाल वगैरा (जैन) नि. A/५०१ प्रथमेश एवेन्यु, दत्त मंदिररोड, संगीत सिनेमा, मलाड (पूर्व), मुम्बई, (महा) —४०००९७.

श्री. मुकेश कुमार वादी इस न्यायालय में ता. २२.८.०६ को शरदचन्द वगैरा को प्रतिवादी के विरूद्ध एक वाद संस्थीत किया था। प्रतिवादी की अब मृत्यु हो चुकी है और उक्त वादी ने यह अभिकथन करते हुए इस न्यायालय में आवेदन किया है कि आप उक्त शरदचन्द मृतक प्रतिनिधि के विधिक प्रतिनिधि है और इच्छा प्रकट की है कि आपको उनके बदले में प्रतिवादी बनाया जाय।

आपको सम्मन दिया जाता है कि आप उक्त बाद में प्रतिरक्षा करने के लिए तारीख २२.०५.२०२५ को बजे ७.०० पूर्वान्ह इस न्यायालय में हाजिर हो और यदि आप ऊपर बताई गई तारीख २२.५.२०२५ को उपसंजात नहीं होगें तो बाद की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख ०२—०५—२०२५ को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया।

मुहर

आज्ञा से
हस्ताक्षर
वरिष्ठ मुन्सरिम
पारिवारिक न्यायालय प्रतापगढ़ (राज)

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**(जल अभियंता विभाग)**

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्र. | **2025_ एमसीजीएम_1178690** |
| संगठन का नाम | **बृहन्मुंबई महानगरपालिका** |
| विषय | **एईओसी (टीएम) विभाग के अंतर्गत पवई स्थित 20 यूनिट मनपा कर्मचारी क्वार्टर के विद्युतीकरण का कार्य.** |
| जांच शुल्क | **(रु.3,630/- प्लस जीएसटी @ 18%) को महाटेंडर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना होगा.** |
| ई-निविदा लागत (अनुमानित लागत) | **रु.21,65,536.00 (18% जीएसटी सहित)** |
| बोली सुरक्षा जमाराशि / ईएमडी | **रु.21,700.00, महाटेंडर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना होगा.** |
| निविदा जारी करने तथा बिक्री की आरंभ तिथि | **दिनांक 14.05.2025, समय: प्रातः 11:00 बजे से** |
| निविदा बिक्री अंतिम तिथि एवं समय | **दिनांक 21.05.2025, समय: सायं 16:00 बजे तक** |
| लिफाफा ए, बी और लिफाफा सी जमा करना (ऑनलाइन) | **दिनांक 21.05.2025, समय: सायं 16:00 बजे तक** |
| लिफाफा ए का खुलना | **दिनांक 22.05.2025, समय: सायं 16:00 बजे के बाद** |
| लिफाफा बी का खुलना | **दिनांक 22.05.2025, समय: सायं 16:05 बजे के बाद** |
| लिफाफा सी का खुलना | **दिनांक 27.05.2025, समय: अपराह्न 15:00 बजे के बाद** |
| संपर्क पता ---- | कार्यालय - उप जल अभियंता (रख-रखाव), मनपा जलकार्य यार्ड, एल.बी.एस. मार्ग, घाटकोपर (प.), मुंबई – 400086. |
| बोली खोलने का स्थान | **ई.ई.(एचडब्ल्यू) डब्ल्यूडब्ल्यू के कार्यालय में ऑनलाइन.** |

**उक्त निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय है.**

मनपा के पास बिना कोई कारण दर्शाए उपरोक्त विषय हेतु प्राप्त किसी भी अथवा सभी आवेदन को निरस्त करने अथवा किसी भी आवेदन को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है.

**हस्ता./-**
**कार्यकारी अभियंता**
**(हेड वर्क्स) जल कार्य**

पीआरओ/392/विज्ञा./2025-26

**कहीं भी पानी जमा ना होने दें, मच्छरों को आमंत्रित ना करें.**

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**(जल अभियंता विभाग)**

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा नीचे दर्शाए गए कार्य हेतु प्रतिशत दर आधारित तीन लिफाफा प्रणाली में लाइन में सक्रिय फर्मों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं.

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्र. | **2025_एमसीजीएम_1178794-1** (प्रतिशत दर पद्धति पर) |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | **एईडब्ल्यूडब्ल्यू (मेन्टे.) डब्ल्यूएस/एन-II डिविजन अंतर्गत शिवशाही एवं दिंडोशी तथा आरे एएसटी क्र. 5बी व 13 पम्पिंग स्टेशनों पर पम्प सेटों का संचालन एवं गैर-समग्र अनुरक्षण कार्य.** |
| निविदा शुल्क (ऑनलाइन) | **रु. 21,417/- (रु. 18,150 + 18% जीएसटी)** |
| ई-निविदा लागत (अनुमानित लागत) | **रु. 1,53,36,096.00 (जीएसटी सहित)** |
| बोली सुरक्षा जमाराशि / ईएमडी | **रु. 1,53,400/-** (निविदाकार को संपूर्ण ईएमडी राशि महाराष्ट्र शासन के यूआरएल https://mahatenders.gov.in पर पेमेंट गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करनी होगी. निविदा के साथ लिफाफा 'ए' में ईएमडी का स्कैन किया हुआ ऑनलाइन भुगतान प्रमाणपत्र अपलोड करना आवश्यक है.) |
| कार्य अवधि | **24 माह** (मानसून अवधि सहित) |
| निविदा जारी करने और बिक्री की तिथि व समय | 14.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | 26.05.2025 को सायं 16:00 बजे तक |
| लिफाफा ए, बी एवं सी का ऑनलाइन जमा व बोली सुरक्षा जमाराशि की स्वीकृति | 26.05.2025 को सायं 16:00 बजे तक |
| पूर्व-बोली बैठक | लागू नहीं |
| लिफाफा ए का खुलना | 28.05.2025 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद |
| लिफाफा बी का खुलना | 30.05.2025 को अपराह्न 15:10 बजे के बाद |
| लिफाफा सी और फोल्डर सी (वाणिज्य लिफाफा) का खुलना | 06.06.2025 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद |
| वेबसाइट | https://portal.mcgm.gov.in<br>https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क का पता | सहायक अभियंता जलकार्य (रख-रखाव) पश्चिम उपनगर/उत्तर, मनपा मार्केट इमारत, पावनधाम मंदिर के सामने, महावीर नगर, हार्मनी टॉवर के पास, बोरीवली (प.), मुंबई – 400092 |
| बोली खोलने का स्थान | सहायक अभियंता जलकार्य (रख-रखाव) पश्चिम उपनगर/उत्तर का कार्यालय, मनपा मार्केट इमारत, पावनधाम मंदिर के सामने, महावीर नगर, हार्मनी टॉवर के पास, बोरीवली (प.), मुंबई – 400092 |

**यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है.**

मनपा के पास बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विषय हेतु प्राप्त किसी भी अथवा सभी आवेदन को निरस्त करने अथवा किसी भी आवेदन को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है.

**हस्ता./-**
**उप जल अभियंता (रखरखाव)**

पीआरओ/406/विज्ञा./2025-26

**कहीं भी पानी जमा ना होने दें, मच्छरों को आमंत्रित ना करें.**

# वृषभ संक्रांति के दिन इन चीजों का करें दान



हिंदू धर्म में वृषभ संक्रांति का बहुत अधिक महत्व होता है। यह एक महत्वपूर्ण पर्व है जो सूर्य के मेष राशि से वृषभ राशि में गोचर करने पर मनाया जाता है। यह ज्येष्ठ माह की शुरुआत का प्रतीक है। इस महीने की 15 तारीख को सूर्यदेव वृषभ राशि में गोचर में करेंगे। इस गोचर से वृषभ संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। 'वृषभ' का अर्थ बैल होता है और इसे भगवान शिव के वाहन नंदी से जोड़ा जाता है। इसलिए इस दिन गायों की पूजा का भी महत्व है। वृषभ संक्रांति का दिन दान और पुण्य कार्यों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। सूर्य इस दिन अपनी चाल बदलते हैं, इसलिए उनकी पूजा और आराधना विशेष फलदायी होती है। पितरों का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भी इस दिन दान और तर्पण किया जाता है।

**वृषभ संक्रांति की पूजा विधि और अनुष्ठान**

सुबह जल्दी उठकर पवित्र स्नान करें। यदि संभव हो तो किसी पवित्र नदी में स्नान करना उत्तम माना जाता है। सूर्य देव को जल अर्पित करें। तांबे के बर्तन में जल, लाल चंदन और लाल फूल डालकर सूर्य मंत्रों का जाप करते हुए अर्घ्य दें। भगवान विष्णु की पूजा करें, क्योंकि वृषभ भगवान शिव से संबंधित है और इस दिन विष्णु की पूजा शुभ मानी जाती है। पितृ तर्पण करें और अपने पूर्वजों को याद करें और अपनी क्षमतानुसार दान करें। इस दिन गेहूं, लाल वस्त्र, लाल फूल, गुड़, घी और तांबे के बर्तन दान करना विशेष रूप से शुभ माना जाता है। जरूरतमंदों को भोजन और जल दान करना भी पुण्य का कार्य है। कुछ लोग इस दिन व्रत भी रखते हैं और गौशाला में जाकर गायों की सेवा करना और उन्हें चारा खिलाना भी शुभ माना जाता है।

**इन चीजों का करें दान**

**गेहूं:** गेहूं का दान करना समृद्धि से जुड़ा हुआ है और यह जीवन में स्थिरता प्राप्त करने में मदद कर सकता है।

**लाल वस्त्र:** लाल रंग सूर्य से संबंधित है। लाल वस्त्रों का दान करने से सूर्य देव प्रसन्न होते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**लाल फूल:** लाल वस्त्रों की तरह, लाल फूल अर्पित करना और दान करना सूर्य का सम्मान करने का एक तरीका है।

**गुड़:** गुड़ को शुद्ध माना जाता है और इसका दान करने से जीवन में मिठास और सौभाग्य आता है।

**घी:** घी का उपयोग कई पवित्र अनुष्ठानों में किया जाता है और इसका दान करना शुभ माना जाता है।

**तांबे के बर्तन:** तांबा सूर्य से जुड़ी धातु है। तांबे के बर्तन दान करना लाभकारी हो सकता है।

**जरूरतमंदों को भोजन:** गरीबों और ब्राह्मणों को भोजन कराना इस दिन अत्यंत पुण्य का कार्य माना जाता है और इससे पूर्वजों का आशीर्वाद मिलता है।

**जल:** जल का दान करना या जरूरतमंदों को पानी पिलाना, खासकर जब गर्मी शुरू हो रही हो, एक पुण्य कार्य है। आप गंगाजल को सामान्य पानी में मिलाकर भी दान कर सकते हैं।

**धन:** जरूरतमंदों या धर्मार्थ कार्यों के लिए धन का दान करना हमेशा एक अच्छा कार्य है।

# हेयर ट्रीटमेंट के बाद ऐसे करें बालों की केयर



हम सभी अपने बालों को स्मूथ, सिल्की और शाइनी बनाना चाहते हैं और इसके लिए पार्लर जाकर हेयर ट्रीटमेंट करवाना हमें काफी अच्छा लगता है। हेयर ट्रीटमेंट यकीनन आपके बालों को और भी अधिक खूबसूरत बनाता है, लेकिन कुछ वक्त बाद बाल रूखे और बेजान नज़र आने लगते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हेयर ट्रीटमेंट के बाद हम बालों की सही तरह से केयर नहीं करते हैं।इसलिए, हमेशा यह सलाह दी जाती है कि केमिकल हेयर ट्रीटमेंट के बाद बालों की अतिरिक्त केयर करनी चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप हेयर ट्रीटमेंट के बाद अपने बालों को पैम्पर कर सकते हैं-

**हीट स्टाइलिंग टूल्स से बचें**

हेयर ट्रीटमेंट के बाद बाल काफी कमजोर हो जाते हैं और ऐसे में उन्हें नरिशमेंट की जरूरत होती है। लेकिन अक्सर यह देखा जाता है कि हेयर ट्रीटमेंट के बाद लोग हीट स्टाइलिंग (हीट स्टाइलिंग से खराब हुए बालों को ऐसे करें ठीक) टूल्स जैसे फ्लैट आयरन और कर्लिंग आयरन आदि का इस्तेमाल करने लग जाते हैं। लेकिन इस तरह के टूल्स से निकलने वाली गर्मी बालों को और भी ज्यादा डैमेज कर सकती हैं। इसलिए, जहां तक संभव हो, आपको इनका इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। अगर आपको उनका उपयोग करना ही है, तो पहले हीट प्रोटेक्टेंट को जरूर लगाएं।

**गर्म पानी का ना करें इस्तेमाल**

अगर आपने हेयर ट्रीटमेंट करवाया है तो ऐसे में बालों की केयर (रोजाना इस तरह करें बालों की केयर) करने के लिए आपको पानी के तापमान का भी ध्यान रखना चाहिए। कोशिश करें कि आप अपने बालों को धोने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल ना करें। इससे बाल रूखे हो जाते हैं और वे बेजान हो जाते हैं। इसलिए, अपने बालों को नॉर्मल पानी से धोने की कोशिश करें।

**सही प्रोडक्ट्स का करें इस्तेमाल**

हेयर ट्रीटमेंट करवाने के बाद यह बेहद जरूरी होता है कि आप अपने हेयर प्रोडक्ट्स पर भी थोड़ा ध्यान दें। आजकल मार्केट में ऐसे कई प्रोडक्ट्स होते हैं, जो खासतौर से केमिकल हेयर ट्रीटमेंट के लिए बनाए जाते हैं। जब आप इन हेयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं तो इससे बाल लंबे समय तक ऐसे ही बने रहते हैं।

**बालों को धूप से करें प्रोटेक्ट**

यूवी किरणें बालों के कलर को फीका कर सकती हैं और बालों को कमजोर कर सकती हैं। हेयर ट्रीटमेंट के बाद बाल यूवी किरणों के प्रति और भी ज्यादा सेंसेटिव हो जाते हैं। बाल लंबे समय तक सूरज की रोशनी के संपर्क में ना आएं। अगर बाहर जाना पड़ता है तो ऐसे में आप अपने सिर को कवर करें या फिर यूवी-प्रोटेक्टिव प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें।

# प्रदूषण के असर को बेअसर करने के लिए डाइट में शामिल करें ये चीजें

बढ़ते प्रदूषण के स्तर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की चिंता भी बढ़ गई है। प्रदूषण के कारण हवा सांस लेने लायक नहीं रह जाती है। वातावरण में घुली जहरीली हवा फेफड़े, दिल और शरीर के अन्य अंगों पर बुरा असर डालती है।

**काली मिर्च-**

काली मिर्च को 'मसालों का राजा' के रूप में जाना जाता है। काली मिर्च के पाउडर के साथ शहद मिलाकर खाने से प्रदूषण की वजह से सीने में जमा कफ में आराम मिल सकता है।

**अदरक-**

बदलते मौसम में अदरक का सेवन मौसमी संक्रमण से बचाने के साथ इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाए रखता हैं। अदरक को आप चाय या शहद के साथ इस्तेमाल कर सकते हैं।

**गुड़-**

खाने के बाद गुड़ का सेवन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह पाचन में मदद करके शरीर का मेटाबॉलिज्म ठीक रखता है। आयुर्वेद के मुताबिक फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों में गुड़ का इस्तेमाल बेहद फायदेमंद होता है। यह सांस से जुड़ी समस्याओं की रोकथाम करता है। गुड़ का रोजाना इस्तेमाल करने से ब्रोंकाइटिस और अस्थमा जैसी सांस से जुड़ी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है। गुड़ में मौजूद आयरन खून में ऑक्सीजन की सप्लाई को सुचारू बनाए रखने में मदद करता है। जिससे प्रदूषण से बचाव हो सकता है।

**संतरा-**

संतरा को विटामिन सी का अच्छा सोर्स माना जाता है। यह फल प्रदूषण से बचाने में मदद कर सकता है। संतरे का सेवन करने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है, जो प्रदूषण से होने वाले खतरे से बचाने में मदद कर सकती है।

**नट्स-**

सेहत के लिए बादाम, पिस्ता, अखरोट जैसे नट्स का सेवन फायदेमंद माना जाता है। ये सभी चीजें विटामिन ई का अच्छा स्त्रोत मानी जाती हैं। विटामिन ई प्रदूषण से बचाव करता है।

**हल्दी-**

हल्दी में मौजूद एंटी-इंफ्लामेटरी गुण और करक्यूमिन फेफड़ों को प्रदूषकों के जहरीले प्रभाव से



# नए घर में गृह प्रवेश करते समय वास्तु के इन नियमों को जरूर करें फॉलो

**ना हो बचा हुआ सामान**

अगर आपके नए घर का काम पूरा हो गया है तो यह अवश्य सुनिश्चित करें कि गृह प्रवेश के दौरान वहां पर पुराना या बचा हुआ सामान इधर-उधर फैला ना हो। अगर आपके नए घर का काम अभी बचा हुआ है तो ऐसे में आप उसे दक्षिण या पश्चिम दिशा में रख सकते हैं। इसके अलावा, उस सामान को स्टोर में या फिर छत पर भी रखा जा सकता है।

**कपड़ों पर दें ध्यान**

जब आप गृह प्रवेश कर रहे हैं तो आपको यह भी ध्यान रखना चाहिए कि आप किस रंग के कपड़े पहन रहे हैं। चाहे पुरुष हो या महिला, पीले या लाल रंग के कपड़े पहनकर गृह प्रवेश करना काफी अच्छा माना जाता है। कोशिश करें कि आप काले रंग के कपड़े पहनकर कभी भी गृह प्रवेश ना करें।

**उत्तर-पूर्व में रखें जल**

जब आप घर में गृह प्रवेश करते हैं तो घर में आते ही आपको सबसे पहले उत्तर-पूर्व दिशा में जल रखना चाहिए। साथ ही, यह कोशिश करें कि आप वहां पर सबसे पहले जल का ही सेवन करें। कुछ लोग गृह प्रवेश के बाद घर में पार्टी देते हैं और उस दौरान शराब आदि का सेवन करते हैं। लेकिन गृह प्रवेश के बाद व्यसन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। अगर संभव हो तो उस दिन तामसिक भोजन से भी बचें। हमेशा यह सलाह दी जाती है कि नए घर में सबसे पहले कुछ मीठा बनाएं और उसमें केसर जरूर डालें। इससे वहां पर मौजूद लोगों को तुरंत पॉजिटिविटी मिलती है।

**बनाएं पूजा स्थान**


जब आपने गृह प्रवेश कर लिया है तो आपको यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि आप वहां पर सबसे पहले पूजा स्थान बनाएं। कोशिश करें कि आप अगले ही दिन से नियमित रूप से पूजा-पाठ कर सकें। आप चाहें तो घर की बाकी सेटिंग्स को बाद में अरेंज कर सकती हैं, लेकिन अपने पूजा स्थान को पहले सेटल करें। जिससे आपके पूजा का नियम टूटे नहीं।

**खोल दें खिड़की दरवाजे**

जब आप गृह प्रवेश करते हैं तो उसके तुरंत बाद घर के खिड़की दरवाजे खोल दें, फिर चाहे वे किसी भी दिशा में हों। दरअसल, नए घर में पेंट से लेकर केमिकल्स की काफी महक होती है। ऐसे में खिड़की आदि खोलने से ना केवल घर में हवा पास होती है, बल्कि नेचुरल वाइब्रेशन भी ट्रैवल करती है।



# प्लेन परदों को डेकोरेट करने के तरीके



**लगाएं पॉम-पॉम**

अगर आपको ऐसा लग रहा है कि आपके प्लेन परदे बहुत बोरिंग लग रहे हैं तो ऐसे में उसे एक इंटरस्टिंग लुक देने का सबसे अच्छा तरीका पॉम-पॉम का इस्तेमाल करना है। आपको मार्केट में आसानी से कलरफुल पॉम-पॉम मिल जाएंगी। इन्हें आप अपने परदों के कॉर्नर पर स्टिच कर सकती हैं।

**दें बो टाई बैक लुक**

यह एक सिंपल तरीका है, लेकिन इससे प्लेन परदे देखने में बेहद ही क्लासी लगता है। इसके लिए आप परदे से मैचिंग या फिर कंट्रास्टिंग फैब्रिक का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आप परदे को बांधें और उसे बांधते समय एक बिग बो लुक दें। जब आप इस तरह से परदे को टाई बैक करती हैं तो इससे आपका पूरा कमरा ही बेहद एलीगेंट लुक देता है।

**बीड्स का करें इस्तेमाल**

अगर आप अपने प्लेन परदों को बिना किसी अतिरिक्त मेहनत के बेहद ही खूबसूरत लुक देना चाहती हैं तो ऐसे में बीड्स या क्रिस्टल स्ट्रिंग का इस्तेमाल करना अच्छा आइडिया हो सकता है। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि आप पहले इस स्ट्रिंग को रॉड पर हैंग करें। इसके बाद आप अपने प्लेन परदे को हैंग करें। आखिरी में आप एक दूसरी स्ट्रिंग को हैंग करें। यह देखने में बेहद ही ब्यूटीफुल नजर आएगी।

**प्रिंटेड फैब्रिक का करें इस्तेमाल**

अगर आपको ऐसा लग रहा है कि आपका प्लेन परदा देखने में काफी बोरिंग लग रहा है तो ऐसे में आप प्रिंटेड फैब्रिक का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप सादे परदों पर प्रिंटेड फैब्रिक ओवरले लगाएं। आपको इसे अपने प्लेन परदे के साथ स्टिच करने की जरूरत नहीं है। लेकिन फिर भी इससे आपके परदे को एक पैटर्न लुक मिलता है।

# मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है गुस्सा



गुस्सा हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। गुस्सा सेहत के लिए, रिश्तों के लिए, आस-पास के लोगों के लिए, किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता है। कुछ लोगों को छोटी-छोटी बात पर गुस्सा आ जाता है, जो कि गलत है। कई बार तनाव, कोई उलझन गुस्से का कारण बन सकती है। वहीं, कई लोग गुस्से और चिड़चिड़ेपन को अपनी आदत बना लेते हैं। आपको बता दें कि अगर आप हर छोटी बात पर गुस्सा करते हैं, तो आपकी सेहत खराब हो सकती है।

गुस्से को दूर करने के लिए बहुत सारी चीजें जरूरी हैं, जिनमें चीजों को मन में न दबाना, बोलने से पहले सोचना और किसी भी बात पर तुरंत प्रतिक्रिया न देना शामिल है। इसके अलावा, गुस्से को शांत करने के लिए आप इस मुद्रा की मदद ले सकते हैं।

**गुस्से को कंट्रोल करने के लिए मुष्टी मुद्रा**


सबसे पहले सुखासन में बैठ जाएं। फिर अपने हाथों की हथेलियों से मुट्ठी बनाएं। अंगूठा ऊपर की ओर रखें। उंगलियों और अंगूठे को ऐसे मोड़े कि आपका अंगूठा ऊपर से आपकी रिंग फिंगर को छुए। अपनी आंखें बंद करें और गहरी सांस लें। इसे दिन में 3 बार 15 मिनट के लिए करें।

**मुष्टी मुद्रा के फायदे**

इससे स्ट्रेस और एंग्यायटी कम होती है व दिमाग को आराम मिलता है।

अगर आप इमोशनली परेशान महसूस कर रहे हैं, तो इस जरूर करें। यह शरीर में ऊर्जा को बढ़ाती है। आपके फोकस और मेंटल क्लियरटी को भी बढ़ाती है।

कई तरह के दर्द में भी राहत मिलती है। मुष्टी मुद्रा करते वक्त सावधानियां इस मुद्रा को करते वक्त आपको दिमाग को शांत करना चाहिए। सभी नेगेटिव इमोशन्स को छोड़कर पॉजिटिविटी पर फोकस करें और अपनी भावनाओं को साफ रखें।



# सुबह की चाय या कॉफी को इन आदतों से बनाएं हेल्दी

**पहले पानी पिएं**

खाली पेट सुबह के वक्त पानी पीना बहुत जरूरी है। इसके काफी सारे फायदे है। अगर आप सुबह उठते ही चाय-कॉफी पीते हैं तो कोशिश करें कि कम से कम चाय के पहले एक गिलास पानी पी लें। ये शरीर को डिहाइड्रेट होने से बचाएगा और शरीर के टॉक्सिंस भी आसानी से निकलेंगे। कुछ दिन की आदत के बाद ही आपको पानी पीने की मात्रा बढ़ जाएगी।

**आर्टीफिशियल स्वीटनर को कहें ना**

सुबह की शुरुआत चाय-कॉफी से करते हैं तो उसके साथ स्वीटनर ना लें। आर्टीफिशियल स्वीटनर मोटापा, डायबिटीज जैसी बीमारियों को बढ़ाता है। इसलिए, शुगर फ्री चाय-कॉफी पिएं या इसकी मात्रा पर कंट्रोल करें।

**चीनी की मात्रा नियंत्रित करें**

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक महिलाओं रोजाना केवल छह चम्मच चीनी लेनी चाहिए। चाय-कॉफी को शुगर फ्री बनाने के लिए हर दिन थोड़ी मात्रा में चीनी कम करें। ऐसा करने से धीरे-धीरे हैबिट बनेगी और चीनी लेना बंद कर पाएंगे।

**दालचीनी या कुछ मसाले मिक्स करें**

अगर आप चाय-कॉफी नहीं छोड़ पा रहे हैं तो इसमे कुछ मसाले मिलाएं। जैसे दालचीनी, हल्दी, जायफल, लौंग। एक चुटकी इन मसालों का पाउडर आपकी कॉफी को हेल्दी बनाएगा और कई सारी बीमारियों से बचाने में मदद करेगा। दालचीनी को कॉफी या चाय में मिलाकर पीने से इंसुलिन और ब्लड शुगर रेगुलेट होता है।

**चाय-कॉफी के साथ लें हेल्दी स्नैक्स**

चाय और कॉफी के साथ कभी भी बिस्कुट, रस्क, नमकीन, मठरी जैसी अनहेल्दी चीजों को ना खाएं। इसकी बजाय नट्स, पंपकिन सीड्स, अखरोट खाएं। ये आपको हेल्दी रखने में मदद करेंगे।

# रोज सुबह बिस्तर में ही करें ये एक्सरसाइज

हेल्दी रहने के लिए सुबह समय पर जागना और रात को समय पर सोना जरूरी है। इसके साथ ही दिन की शुरुआत आप किस तरह से कर रहे हैं, इसका भी आपकी फिटनेस पर असर होता है। अक्सर लोग फिटनेस पर तब ध्यान देते हैं, जब इसके खराब होने की वजह से सेहत से जुड़ी परेशानियां होने लगती हैं। फिट रहने, मोटापा कम करने और बीमारियों से बचाव करने के लिए एक्सरसाइज करना जरूरी है। लेकिन ज्यादातर लोग अपने बिज़ी शिड्यूल की वजह से एक्सरसाइज के लिए टाइम नहीं निकाल पाते हैं।

**एक्सरसाइज 1**

सबसे पहले बिस्तर पर बैठ जाएं।

पालती मार कर बैठ जाएं।

दोनों पैरों को इसी पोजिशन में एक-दूसरे से थोड़ा दूर करें।

तकिये को वर्टिकल पोजिशन में अपने आगे रखें।

दोनों हाथों को सामने की तरफ रखते हुए, तकिए की ओर झुकें।

फिर वापिस पुरानी पोजिशन में आ जाएं। ऐसा 5-7 बार करें।

**क्या होंगे फायदे?**

इससे रीढ़ की हड्डी को मजबूती मिलती है।

पेट की मांसपेशियों को आराम मिलता है।

**एक्सरसाइज 2**

बिस्तर पर बैठ जाएं।

पैरों को आगे की तरफ फैलाएं।

अपने हाथों को घुटनों पर रखें।

अब धीरे-धीरे अपने तलवों को तरफ झुकें। फिर पुरानी पोजिशन में वापिस आ जाएं। ऐसा 5-7 बार करें।

**क्या होंगे फायदे?**

इससे पेट की चर्बी कम होगी। गर्दन, कंधे और पीठ का लचीलापन बढ़ेगा।

इमोशनल बैलेंस बढ़ता है। पेट की मांसपेशियों पर दबाव बढ़ेगा।

पेट आसानी से साफ होगा।



# लिविंग रूम को रि-अरेंज करते समय फॉलो करें ये टिप्स



**बनाएं एक नया फोकस प्वॉइंट**

फोकस प्वॉइंट वह होता है, जिस पर हर किसी की नजर सबसे पहले पड़ती है। आपके लिविंग रूम में भी कोई ना कोई फोकस प्वॉइंट जरूर होगा। जब आप अपने लिविंग एरिया को रि-अरेंज कर रही हैं तो इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने फोकस प्वॉइंट को चेंज करने की कोशिश करें। मसलन, अगर कोई आर्टवर्क या फिर फर्नीचर पीस फोकस प्वॉइंट है तो अब आप

**फर्नीचर को करें मूव**

जब आप लिविंग एरिया को रि-अरेंज कर रही हैं तो इस दौरान फर्नीचर को मूव करना यकीनन अच्छा विचार है। फर्नीचर को मूव करने से पहले से यह देखें कि आप उसे किस तरह नए तरीके से अरेंज कर पाएंगी। जब आप ऐसा करती हैं तो इससे फर्नीचर को मूव करते समय आपको परेशानी नहीं होगी। हमेशा पहले अपने माइंड में लेआउट बनाएं और उसके बाद ही फर्नीचर को मूव करें। हालांकि, अगर आप फर्नीचर को मूव नहीं करना चाहती हैं तो आप डिफरेंट कलर के फैब्रिक का इस्तेमाल करें। इससे भी लिविंग रूम में चेंज आता है।

**लाइट सेटिंग पर दें ध्यान**

लिविंग रूम को रि-अरेंज करने का मतलब सिर्फ सामान को इधर-उधर करना ही नहीं होता है, बल्कि आपको हर छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देना चाहिए। मसलन, आपको लिविंग एरिया की लाइट सेटिंग पर फोकस करें। लिविंग एरिया की सेटिंग कुछ ऐसी हो, जिससे वहां पर नेचुरल लाइटिंग को मैक्सिमाइज किया जा सके। जब आप ऐसा करते हैं तो इससे लिविंग एरिया देखने में बेहद खूबसूरत लगता है।

**वॉल आर्ट को करें रिअरेंज**

लिविंग रूम को रि-अरेंज करते हुए आपको वॉल आर्ट में भी बदलाव करना चाहिए। आप वॉल आर्ट की प्लेसमेंट वॉल को चेंज करें या फिर आप अपनी खुद की बनाई कोई आर्ट हैंग कर सकती हैं।

# IPL नए शेड्यूल का ऐलान, फाइनल तीन जून को

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL 2025) के बचे हुए 17 मैचों के लिए नए शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। जिसके तहत 17 मई से लीग मैच शुरू होगा और फाइनल मैच 3 जून को खेला जाएगा। इससे पहले फाइनल मैच 25 मई को खेला जाना था। लेकिन भारत पाकिस्तान तनाव के कारण आईपीएल को एक हफ्ते के लिए स्थगित करना पड़ा था। बीसीसीआई ने सोमवार को आईपीएल 2025 सत्र के शेष 17 मैचों के कार्यक्रम की घोषणा कर दी। 28 मई, 31 मई और दो जून को कोई मुकाबला नहीं खेला जाएगा।

**17 मैच IPL के बाकी हैं | 6 शहरों में खेले जाएंगे मैच**

| दिनांक | दिन | समय | बनाम | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 17-मई-25 | शनिवार | 7:30 PM | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु Vs कोलकाता नाइट राइडर्स | बंगलुरू |
| 18-मई-25 | रविवार | 3:30 PM | राजस्थान रॉयल्स Vs पंजाब किंग्स | जयपुर |
| 18-मई-25 | रविवार | 7:30 PM | दिल्ली कैपिटल्स Vs गुजरात टाइटंस | दिल्ली |
| 19-मई-25 | सोमवार | 7:30 PM | लखनऊ सुपर जायंट्स Vs सनराइजर्स हैदराबाद | लखनऊ |
| 20-मई-25 | मंगलवार | 7:30 PM | चेन्नई सुपर किंग्स Vs राजस्थान रॉयल्स | दिल्ली |
| 21-मई-25 | बुधवार | 7:30 PM | मुंबई इंडियंस Vs दिल्ली कैपिटल्स | मुंबई |
| 22-मई-25 | गुरुवार | 7:30 PM | गुजरात टाइटन्स Vs लखनऊ सुपरजाएंटस | अहमदाबाद |
| 23-मई-25 | शुक्रवार | 7:30 PM | रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर Vs हैदराबाद | बंगलुरू |
| 24-मई-25 | शनिवार | 7:30 PM | पंजाब किंग्स Vs दिल्ली कैपिटल्स | जयपुर |
| 25-मई-25 | रविवार | 3:30 PM | गुजरात टाइटन्स Vs चेन्नई सुपर किंग्स | अहमदाबाद |
| 25-मई-25 | रविवार | 7:30 PM | सनराइजर्स हैदराबाद Vs कोलकाता नाइट राइडर्स | दिल्ली |
| 26-मई-25 | सोमवार | 7:30 PM | पंजाब किंग्स Vs मुंबई इंडियंस | जयपुर |
| 27-मई-25 | मंगलवार | 7:30 PM | लखनऊ सुपर जाएंट्स Vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरू | लखनऊ |
| 29-मई-25 | गुरुवार | शाम 7:30 PM | क्वालिफायर 1 | तय होना बाकी |
| 30-मई-25 | शुक्रवार | शाम 7:30 PM | एलिमिनेटर | तय होना बाकी |
| 01-जून-25 | रविवार | शाम 7:30 PM | क्वालिफायर 2 | तय होना बाकी |
| 03-जून-25 | मंगलवार | शाम 7:30 PM | फाइनल | तय होना बाकी |

## इन्हीं शहरों में खेले जाएंगे मैच

आईपीएल 2025 के नए शेड्यूल के तहत अब सिर्फ 6 शहरों- बेंगलुरु, जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, मुंबई और अहमदाबाद के स्टेडियम में ही आईपीएल के मैच खेले जाएंगे। इससे पहले 13 शहरों- बेंगलुरु, जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, चेन्नई, धर्मशाला, कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई, अहमदाबाद, मुल्लानपुर, विशाखापत्तनम और गुवाहाटी में मैच होते हुए देखे गए।

## 5 शहरों में मैच बैन क्यों?

अब सवाल ये है कि बीसीसीआई ने इन 5 शहरों- धर्मशाला, चेन्नई, मुल्लानपुर, कोलकाता और हैदराबाद में आईपीएल के मैच न कराने का फैसला क्यों लिया। जिसका जवाब ये है कि ये शहर बॉर्डर के पास हैं, जबकि नए शेड्यूल में उन्हीं 6 शहरों को चुना गया है, जो भारत के अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर से काफी दूर हैं और जो किसी भी पड़ोसी देश की सीमा से सटे नहीं है। बता दें कि चेन्नई, मुल्लानपुर, कोलकाता भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे शहर हैं। इसके अलावा चेन्नई और हैदराबाद में मैच न कराने की एक वजह यह भी हो सकती है कि यहां की टीमें IPL 2025 के प्लेऑफ से बाहर हो गई है। हैदराबाद के 11 मैच के बाद केवल 7 पॉइंट्स हैं जबकि चेन्नई के 12 मैचों में सिर्फ 6 अंक ही हैं। रही विशाखापत्तनम और गुवाहाटी स्टेडियम की बात तो ये वैसे भी ज्यादा महत्व नहीं रखते हैं, क्योंकि यहां ज्यादा मैच नहीं हुए। धर्मशाला भी भारत के अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर से ज्यादा दूर नहीं, जिसके चलते BCCI ने यहां आगे मुकाबले नहीं कराने का फैसला किया। लेकिन ये मुल्लानपुर के बाद पंजाब किंग्स का दूसरा होम ग्राउंड है और ये वही स्टेडियम है जहां भारत-पाकिस्तान तनाव के चलते आनन-फानन में पंजाब और दिल्ली के मैच को रद्द कर दिया गया था।

## PSL 17 से, फाइनल 25 मई को




पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मंगलवार को घोषणा की कि पाकिस्तान सुपर लीग 2025 17 मई को फिर से शुरू होगा जबकि फाइनल 25 मई को खेला जाएगा। नकवी ने लिखा, 'PSL वहीं से शुरुआत की है, जहां से इसे छोड़ा गया था। 6 टीमें, 0 डर। 17 मई से शुरू होने वाले 8 रोमांचक मैचों के लिए तैयार हो जाइए, जो 25 मई को होने वाले ग्रैंड फाइनल तक पहुंचेंगे। सभी टीमों को शुभकामनाएं!' पिछले हफ़्ते भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सीमा-पार तनाव के बाद टूर्नामेंट को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था। इस बीच संशोधित कार्यक्रम और स्थानों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। उम्मीद है कि टूर्नामेंट के शेष आठ मैच पाकिस्तान में खेले जाएंगे, क्योंकि फ्रैंचाइजी जल्द से जल्द सीजन को समाप्त करने के लिए उत्सुक हैं। रिपोर्ट के अनुसार PSL ने आगामी मैचों के लिए संभावित तिथियों और स्थानों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को फ्रैंचाइजी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता एक प्रमुख चिंता बनी हुई है, क्योंकि कई विदेशी प्लेयर्स के वापस लौटने की संभावना नहीं है। यह असमान उपलब्धता टीम के संतुलन को प्रभावित कर सकती है, क्योंकि कुछ फ्रैंचाइजी अपने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की वापसी के बारे में दूसरों की तुलना में अधिक आश्वस्त दिखाई देती हैं। इस मुद्दे को हल करने के लिए PCB अंतराल को भरने के लिए प्रतिस्थापन ड्राफ्ट आयोजित करने पर विचार कर रहा है। इसके अतिरिक्त, यह विकास पुष्टि करता है कि बांग्लादेश का पाकिस्तान दौरा अपने मूल रूप से नियोजित कार्यक्रम का पालन नहीं करेगा। PSL फाइनल उसी दिन निर्धारित किया गया है जिस दिन बांग्लादेश को फैसलाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ पहला टी20 मैच खेलना था।

**सुनील गावस्कर ने कहा**

# वनडे विश्व कप 2027 में नहीं खेलेंगे रोहित-विराट!



**मुंबई।** भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपने वनडे करियर को आगे बढ़ाने के लिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को लगता है कि वे लंबे समय तक खेल सकते हैं, लेकिन उन्हें 2027 विश्व कप में दोनों के खेलने की उम्मीद नहीं है। रोहित और विराट ने भारत के कैरेबियाई सरजमीं पर 2024 टी20 विश्व कप जीतने के बाद सबसे छोटे प्रारूप को अलविदा कह दिया था अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केवल वनडे में ही सक्रिय रहेंगे। रोहित 50 ओवर के खेल में तीन दोहरे शतकों के साथ सबसे महान बल्लेबाजों में से एक हैं जबकि कोहली ने वनडे प्रारूप में 51 शतक लगाए हैं। दोनों ही इस प्रारूप में काफी सफल हैं। फिर भी महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर को नहीं लगता कि रोहित और विराट के लिए 2027 विश्व कप में खेलना व्यावहारिक रूप से संभव है। गावस्कर ने कहा कि यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि चयनकर्ताओं को लगता है कि वे टीम में कितना योगदान दे सकते हैं। गावस्कर ने कहा, 'वे खेल के इस प्रारूप में बहुत बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं।




# ICC ने ठोका चमारी अटापट्टू पर जुर्माना




**कोलंबो।** श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना हाल ही में श्रीलंका में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला के ग्रुप चरण के अंतिम मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के साथ 32वें ओवर में उस समय हुई, जब एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने के बाद अटापट्टू ने अपना चश्मा उतारकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके कई टुकड़े हो गए। यह आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन है और अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट से जुड़े उपकरणों का दुरुपयोग और मैदान के उपकरणों के फेंकने से संबंधित है। इस अपराध के लिए अटापट्टू पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जर्माना लगाया गया। इसके अलावा 24 महीने की अवधि में पहले अपराध के तहत अटापट्टू पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। मैदानी अंपायर अन्ना हैरिस और डेडुनू डी सिल्वा, तीसरे अंपायर लिंडन हैनिबल और चौथे अंपायर निमाली परेरा ने अटापट्टू पर आरोप लगाए थे। अटापट्टू ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इस लिये इस पर और सुनवाई की आवश्यकता नहीं है।

**दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ**

# WTC फाइनल के लिए टीम की घोषणा की




**नई दिल्ली।** जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2025 फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है जिसका नेतृत्व टेम्बा बावुमा करेंगे। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम को तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी की वापसी से और मजबूती मिली है जो कमर की चोट के कारण घरेलू गर्मियों के मैचों में नहीं खेल पाए थे। तेज गेंदबाज, जो अब पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं, 2025 की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के लिए सफेद गेंद वाले क्रिकेट में खेल चुके हैं और वैश्विक टी20 लीग में भी खेल चुके हैं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने WTC फाइनल के लिए टीम की घोषणा की थी। टेम्बा बावुमा 11 जून को लॉर्ड्स में शुरू होने वाले अपने पहले WTC फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की कमान संभालेंगे। टोनी डी जोरजी, रयान रिकेल्टन और एडेन मार्करम शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी विकल्प हैं, जबकि उभरते हुए सितारे ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम और बावुमा मध्य क्रम में मज़बूती से खेलेंगे। काइल वेरिन स्टंप के पीछे और निचले क्रम में शानदार प्रदर्शन करेंगे और ऑलराउंडर वियाम मुल्डर और मार्को जेनसन भी बल्ले से योगदान दे सकते हैं।

मुल्डर और जेनसन के साथ तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा, एनगिडी, डेन पैटरसन और कॉर्बिन बॉश तेज गेंदबाजी लाइनअप को तैयार करेंगे। ट्वीकर केशव महाराज सेनुरन मुथुसामी के साथ स्पिन संसाधनों का चेहरा होंगे। प्रोटियाज ने अपने भरोसेमंद कोर पर काफी हद तक भरोसा बनाए रखा है, पाकिस्तान का सामना करने वाली 16 खिलाड़ियों की टीम में केवल दो बदलाव किए हैं। युवा खिलाड़ी क्वेना मफाका वापसी करने वाले एनगिडी की कीमत पर बाहर हैं, जबकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्ज़के भी बाहर हैं। दक्षिण अफ्रीका 69.44 के अंक प्रतिशत के साथ लीग चरण में शीर्ष पर रहा। उन्होंने घर पर दबदबा बनाया, पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला जीत हासिल की जबकि भारत के खिलाफ ड्रॉ रहा। वेस्टइंडीज और बांग्लादेश पर जीत के साथ उनका विदेशी फॉर्म भी उतना ही प्रभावशाली रहा। उन्हें एकमात्र झटका न्यूजीलैंड में लगा, जहां वे अपने पसंदीदा सितारों में से कई को खो चुके थे। 12 में से आठ मैच जीतकर और एक ड्रॉ करके, प्रोटियाज ने अपने पहले ICC विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

**दक्षिण अफ्रीका की टीम**

टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी ज़ोरज़ी, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, मार्को जेनसन, कागिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, काइल वेरिन, डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन, सेनुरन मुथुसामी, डेन पैटरसन।

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के IPL में खेलने पर संशय




**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में लौटने के खिलाड़ियों के 'व्यक्तिगत फैसले' का सम्मान करेगा हालांकि IPL की बहाली की तारीखें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल (WTC) फाइनल की तैयारियों से टकरा रही है। BCCI ने सोमवार को फैसला किया कि IPL का यह सत्र 17 मई से छह स्थानों पर बहाल होगा जबकि फाइनल तीन जून को खेला जाएगा। इससे ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट क्रिकेटरों के सामने दुविधा पैदा हो गई है क्योंकि 11 जून से दोनों टीमों के बीच लॉर्डस पर डब्ल्यूटीसी फाइनल होना है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, 'IPL के शनिवार से फिर शुरू होने के ऐलान के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तय किया है कि इसके लिए भारत लौटने या नहीं लौटने के खिलाड़ियों के व्यक्तिगत फैसले का वह सम्मान करेगा।'

**कोहली के संन्यास के बाद बोले पुजारा**

# नंबर 4 के लिए सही खिलाड़ी खोजने की जरूरत



**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाजी क्रम की रीढ़ की हड्डी रहे चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि नंबर चार की बल्लेबाजी की स्थिति महत्वपूर्ण है और यही वह स्थान है जहां आप अपना शीर्ष बल्लेबाज चाहते हैं। पुजारा का मानना है कि भारतीय टीम को उस स्थान के लिए सही खिलाड़ी का पता लगाने के लिए कुछ सीरीज की जरूरत है, क्योंकि विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भारत के सामने एक सवाल खड़ा हो गया है कि उनका अगला नंबर 4 कौन होगा। कोहली ने सचिन तेंदुलकर के संन्यास के बाद से 115 टेस्ट मैचों में से 99 में नंबर 4 पर बल्लेबाजी की है। पुजारा ने मंगलवार को ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से कहा, 'हमें यह पता लगाने के लिए कुछ सीरीज की जरूरत होगी कि नंबर 4 पर बल्लेबाजी के लिए कौन सबसे उपयुक्त है, क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण स्थान है। आपको नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज की जरूरत होती है। इस समय, मुझे लगता है कि यह अभी भी एक ऐसा स्थान है जहां टीम प्रबंधन को यह पता लगाना होगा कि नंबर 4 पर सबसे उपयुक्त खिलाड़ी कौन है।' उन्होंने कहा, 'बहुत सारे खिलाड़ी हैं जो प्लेइंग इलेवन में अपनी जगह बना रहे हैं, इस स्तर पर किसी के पास सुरक्षित स्थान नहीं है।

# भारतीय खिलाड़ियों का फज्जा पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में जलवा



**19 पदक जीते**

**दुबई।** भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने यहां छठे फज्जा पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में एक स्वर्ण, चार रजत और 14 कांस्य सहित कुल 19 पदक जीते। शिवराजन सोलाईमलाई और सुदर्शन सरवनकुमार मुथुसामी की जोड़ी ने चैंपियनशिप में एकमात्र स्वर्ण पदक जीता। इस जोड़ी को पुरुष युगल एसएच6 फाइनल में अपने शीर्ष वरीय प्रतिद्वंद्वियों हांगकांग के चू मान काई और वोंग चुनयिम से वॉकओवर मिला। अनुभवी उमेश विक्रम कुमार ने अपने स्टैंडिंग लोअर एसएल3 एकल और पुरुष युगल फाइनल में से दो में रजत पदक जीता, जबकि हार्दिक मक्कड़ और रूथिक रघुपति की जोड़ी पुरुष युगल स्टैंडिंग अपर एसयू5 फाइनल में शीर्ष वरीय मलेशियाई चीह लाइक होउ और मुहम्मद फरीज अनवार से हार गई। टोक्यो पैरालिंपिक चैंपियन कृष्णा नागर ने सेमीफाइनल में ब्राजील के विटोर टैवरेस से हारने के बाद कांस्य पदक जीता।

# पाकिस्तान के नए हेड कोच बने माइक हेसन




**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर माइक हेसन पाकिस्तान की व्हाइट-बॉल टीम के नए हेड कोच बन गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को हेसन की नियुक्ति का ऐलान किया। हेसन का रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से कनेक्शन रहा। वह आईपीएल में आरसीबी के हेड कोच रह चुके हैं। 50 वर्षीय हेसन फिलहाल पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के मौजूदा चैंपियन इस्लामाबाद यूनाइटेड के साथ हैं। वह पीएसएल 2025 खत्म होने के अगले दिन (26 मई) टीम के साथ जड़ेंगे। हेसन ने आकिब जावेद को रिप्लेस किया है, जो पांच महीने तक पाकिस्तान के अंतरिम हेड कोच रहे। उन्होंने गैरी कर्स्टन के दो साल के अचानक इस्तीफा देने के बाद पदभार संभाला था। कर्स्टन का दो साल का कॉन्ट्रैक्ट था लेकिन वह छह महीने में ही पाकिस्तान टीम से अलग हो गए। जावेद को हाई परफॉरमेंस का निदेशक नियुक्त किया गया है। पीसीबी ने हेसन के कॉन्ट्रैक्ट की अवधि का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया लेकिन ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के मुताबिक, उनके साथ दो साल की डील की गई है।

# गंभीर और देवराज ने भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम में बनाई जगह




**देहरादून।** उत्तराखंड के क्रिकेट खिलाड़ी गंभीर सिंह चौहान और देवराज पाल भले ही अपनी आंखों से देख नहीं पाते, लेकिन अपने हुनर के दम पर समय-समय पर प्रदेश व देश का नाम रोशन करते आ रहे हैं। एक बार फिर दोनों खिलाड़ियों का चयन भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम में अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए हुआ है। बंगलूरू में दक्षिण अफ्रीका के साथ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला सोमवार से शुरू हो गई है, जो 16 मई तक चलेगी। इसमें दोनों खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे। इससे पहले भी दोनों खिलाड़ियों का चयन ब्लाइंड क्रिकेट की नागेश ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में किया जा चुका है। यह पहला मौका था जब भारतीय टीम में उत्तराखंड के दो खिलाड़ी एक साथ देश के लिए खेले। दोनों खिलाड़ी देवराज और गंभीर राजपुर रोड स्थित राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान (एनआईईपीवीडी) के छात्र हैं। इनके कोच नरेश सिंह नयाल ने बताया कि देवराज बी-1 श्रेणी के खिलाड़ी हैं, जिन्हें बिल्कुल भी नहीं दिखता। वह अपनी तेज गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के लिए जाने जाते हैं। उनकी खासियत है कि वह फिट हैं और बहुत तेजी के साथ बाल तक पहुंचते हैं। जबकि गंभीर बी-2 श्रेणी के खिलाड़ी हैं और अपने हरफनमौला अंदाज के लिए जाने जाते हैं। तेज बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी के लिए उनका चयन टीम में हुआ है।

# कार्लो एंसेलोटी 100 साल बाद ब्राजील फुटबॉल टीम के पहले विदेशी कोच बने




**ब्राजील।** रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी ब्राजील फुटबॉल टीम की कमान संभालने के लिए ला लीगा के दिग्गजों को छोड़ देंगे। सीबीएफ ने सोमवार को इस बारे में घोषणा की। इटली से आने वाले 65 वर्षीय कार्लो एंसेलोटी लगभग 100 वर्षों में ब्राजील के पहले विदेशी कोच बनेंगे और 26 मई से अपनी भूमिका में काम करना शुरू करेंगे, जो कि मौजूदा स्पेनिश लीग सीजन के समापन के बाद होगा। सीबीएफ के अध्यक्ष एडनाल्डो रोड्रिग्स ने इस कदम की तारीफ करते हुए कहा कि यह ब्राजील के फुटबॉल के लिए एक परिवर्तनकारी कदम है। रोड्रिग्स ने घोषणा की, 'कार्लो एंसेलोटी को ब्राजील का कोच बनाना एक रणनीतिक कदम से कहीं बढ़कर है। यह दुनिया को यह संदेश देता है कि हम पोडियम के शीर्ष पर लौटने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। वह इतिहास के सबसे महान कोच हैं और अब वह ग्रह पर सबसे महान राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करेंगे। साथ मिलकर हम ब्राजील के फुटबॉल के नए गौरवशाली अध्याय लिखेंगे'। ब्राजील के साथ उनका पहला असाइनमेंट विश्व कप क्वालीफायर होगा, जहां वे 5 जून को इक्वाडोर और 10 जून को पैराग्वे के खिलाफ खेलेंगे। रियल मैड्रिड के साथ उनका कॉन्ट्रैक्ट 2026 तक चलने वाला था, लेकिन दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से अनुबंध समाप्त कर दिया है। वह डोरिवल जूनियर की जगह लेंगे, जिन्हें 14 महीने के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद मार्च में बर्खास्त कर दिया गया था। एंसेलोटी ने अपनी टीमों को यूरोप की सभी शीर्ष पांच लीगों में पहुंचाने के लिए एक प्रभावशाली करियर का दावा किया है। उन्होंने 2003-04 में एसी मिलान के साथ एसी मिलान को खिताब दिलाया। उन्होंने जुलाई 2009 में चेल्सी के साथ शानदार कोचिंग कौशल दिखाते हुए जीत हासिल की। उन्होंने पेरिस सेंट-जर्मेन को लीग 1 खिताब भी दिलाया।

# घुड़सवार अनुष अग्रवाल का ड्रेसर्टेज ग्रां प्री में शानदार प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए होल्टकैम्पर ड्रेसर्टेज ग्रां प्री में 69.44 प्रतिशत का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर हासिल किया। अनुष ने एशियाई खेलों में दो पदक जीते थे। यह उनके नए घोड़े एट्रो के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन था। यह उनकी साथ में दूसरी ही ग्रां प्री थी। 2022 हांग्झोउ एशियाई खेलों में टीम स्वर्ण और व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले अनुष ने कहा, 'मुझे हमारे प्रदर्शन पर गर्व है। एट्रो और मैंने कम समय में एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखा है। इसके पीछे कई महीनों की कड़ी मेहनत रही है। हालांकि अब भी सुधार की गुंजाइश है, लेकिन यह सत्र की एक मजबूत शुरुआत है और मैं यहां से आगे बढ़ने के लिए उत्साहित हूं।' यह जोड़ी अब इस सप्ताह के अंत में बेल्जियम के लियर में प्रतिस्पर्धा करेगी।



# 'हर वर्दी के पीछे एक मां होती है'

**भारत-पाक संघर्ष पर आलिया भट्ट ने लिखा भावुक नोट**

**आलिया ने भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक लंबा-चौड़ा नोट साझा किया। अभिनेत्री ने मदर्स डे के अवसर पर हीरो (सैनिकों) को पालने और उस गर्व को बनाए रखने के लिए उनकी माताओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस पोस्ट में अभिनेत्री ने अपनी मनोदशा के बारे में भी साझा किया। अभिनेत्री ने संघर्ष के दौरान अपने आस-पास महसूस होने वाले तनाव के बारे में भी बताया।**

### सैनिकों के प्रति व्यक्त किया सम्मान

आलिया भट्ट ने मंगलवार की सुबह इंस्टाग्राम पर एक मार्मिक संदेश साझा किया। इस पोस्ट में आलिया ने भारत-पाकिस्तान के बीच चले संघर्ष के दौरान महसूस किए गए तनाव के बारे में बात की। अभिनेत्री भावनात्मक दुख महसूस करती हैं, क्योंकि सैनिक खतरनाक परिस्थितियों में तैनात हैं,जबकि नागरिक सुरक्षित रूप से घर पर हैं, आलिया ने उनके समर्पण के लिए सम्मान व्यक्त किया।

### आलिया ने पोस्ट में क्या लिखा?

आलिया भट्ट ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'पिछली कुछ रातें अलग-अलग तरह की रही हैं। जब कोई राष्ट्र अपनी सांसें थामे रहता है, तो हवा में एक तरह की शांति होती है। पिछले कुछ दिनों में हमने उस शांति को महसूस किया है, जिसमें शांत चिंता और तनाव रहा। यह हर बातचीत के पीछे, हर समाचार के पीछे, हर खाने की मेज पर गूंजती रही।हमें यह महसूस हुआ है कि कहीं बाहर पहाड़ों में, हमारे सैनिक जाग रहे हैं, सतर्क हैं और खतरे में हैं।

### सैनिकों की माताओं के प्रति सम्मान

आलिया भट्ट ने सैनिकों की माताओं के प्रति भी अपना सम्मान प्रकट किया। अभिनेत्री ने कहा कि हर वर्दी के पीछे एक मां खड़ी होती है, जो रातों की नींद हराम करती है, यह जानते हुए कि उसका बच्चा आराम नहीं, बल्कि खतरे और अनिश्चितता का सामना कर रहा है। अभिनेत्री ने कहा, 'हर वर्दी के पीछे एक मां होती है जो सोई नहीं होती। एक मां जो जानती है कि उसका बच्चा लोरियों की रात नहीं, बल्कि अनिश्चितता की रात का सामना कर रहा है। तनाव की रात। एक ऐसी खामोशी जो एक पल में टूट सकती है।'

# 'तुम्हारी वजह से विराट ने...'

**अवनीत कौर की फोटो देख भड़के फैंस, इस कारण ठहराया जिम्मेदार**

**23 साल की उम्र में अवनीत कौर सोशल मीडिया पर किसी न किसी कारण से चर्चा में बनी ही रहती हैं। कभी उनके कम उम्र में बोल्ड लुक की बातें होती हैं, तो कभी राघव शर्मा के साथ उनके अफेयर के चर्चे होते हैं। हालांकि, बीते कुछ दिनों से अलादीन: नाम तो सुना होगा की 'यास्मीन' भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं।**

कुछ दिनों पहले अवनीत कौर के फैन पेज के एक पोस्ट पर विराट कोहली का लाइक दिख रहा था, जिस पर क्रिकेटर ने सफाई देते हुए इसे इंस्टाग्राम का एल्गोरिदम की मिस्टेक बताई थी। ये मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि विराट ने बीते सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया, जिसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस को दी। इस बीच जहां सोशल मीडिया पर फैंस उनके रिटायरमेंट से नाखुश नजर आ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ अवनीत कौर ट्रोल्स के निशाने पर आ गई हैं। उनकी कुछ फोटोज देखकर फैंस उन्हें विराट का नाम लेकर खरी-खोटी सुना रहे हैं। अवनीत कौर को घूमने का कितना शौक है, इस बात का अंदाजा आप उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम पर मौजूद तस्वीरों से लगा सकते हैं। इस वक्त अवनीत कौर लंदन में हैं, जहां से उन्होंने अपनी फोटो की एक पूरी सीरीज शेयर की। व्हाइट शर्ट और लैपर्ड प्रिंटेड स्ट्रॉकिन्स में अवनीर बला की खूबसूरत लग रही हैं और कुछ फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रह रहे हैं।वहीं दूसरी तरफ कुछ उन्हें विराट कोहली के टेस्ट से रिटायरमेंट को लेकर निशाना भी बना रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ₹आपकी वजह से विराट कोहली ने रिटायरमेंट ले लिया है₹। दूसरे यूजर ने लिखा, ₹तुम्हारी वजह से विराट को आखिरकार रिटायरमेंट लेना ही पड़ गया₹। एक और अन्य यूजर ने लिखा, दीदी प्लीज आप विराट भाई को वापिस से टेस्ट मैच खेलने के लिए बोलो।



# सोनू निगम ने

**आपत्तिजनक टिप्पणी पर शिकायत रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय का किया रुख**

**बॉलीवुड गायक सोनू निगम ने कर्नाटक उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की है। गायक पर शहर में हाल ही में आयोजित एक संगीत समारोह के दौरान कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने और कन्नड़ समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है।**

न्यायमूर्ति शिवशंकर अमरन्नावर की अवकाश पीठ ने मंगलवार को मामले की सुनवाई की और इसे 15 मई को आगे की सुनवाई के लिए स्थगित कर दिया। कन्नड़ समर्थक संगठन कर्नाटक रक्षण वेदिके की ओर से दर्ज की गई शिकायत के आधार पर अवलाहल्ली थाने में शिकायत दर्ज की गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि निगम ने दर्शकों की ओर से कन्नड़ गाने गाने की मांग को पहलगाम आतंकवादी हमले के बराबर बताया, जिससे कन्नड़ लोगों को असहिष्णु और हिंसक के रूप में चित्रित किया गया।गायक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351(2) (आपराधिक धमकी), धारा 352(1) (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान), और धारा 353 (जनता में गुमराह करने वाले बयान) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गायक ने अपनी याचिका में दो मई और तीन मई को दर्ज की गई शिकायत को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने मामले की आगे जांच पर रोक लगाने की अंतरिम राहत भी मांगी है। बाद में सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो बयान में उन्होंने सफाई दी कि उनके बयान को गलत समझा गया है।



# वाणी कपूर ने दर्शकों से मिले प्यार पर जतायी कृतज्ञता

**बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने फिल्म रेड 2 को दर्शकों से मिले जबरदस्त प्यार और फिल्म की सफलता पर खुशी और कृतज्ञता जतायी है। फिल्म 'रेड 2' ने भारतीय बाजार में 125 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है।राज कुमार गुप्ता निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन, वाणी कपूर और रितेश देशमुख जैसे शानदार कलाकार नजर आ रहे हैं। अजय देवगन के साथ मुख्य भूमिका निभा रहीं वाणी कपूर ने दर्शकों से मिले जबरदस्त प्यार और फिल्म की सफलता पर खुशी और कृतज्ञता जताई है।**

वाणी कपूर ने कहा, "मैं दिल से आभारी हूं कि रेड 2 को ब्लॉकबस्टर के रूप में सराहा जा रहा है। इस तरह की लोकप्रिय फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना मेरे लिए एक सौभाग्य की बात है। मेरे अभिनय को जो सराहना मिल रही है, उससे मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। एक कलाकार के तौर पर मैं हमेशा अलग-अलग शैलियों में काम करने और हर प्रोजेक्ट से सीखने की कोशिश करती हूं। दर्शकों से मिला यह प्यार और प्रतिक्रिया बेहद उत्साहवर्धक और संतोषजनक है। 'रेड 2' की पूरी टीम को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। हमें देशभर से जो प्यार और समर्थन मिल रहा है, वह वाकई बहुत खास है।"



# कार्तिक आर्यन ने अनुराग बसु की शेड्यूल को किया पूरा

**बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने फिल्मकार अनुराग बसु की अनटाइटल्ड इंटेंस म्यूजिकल लव स्टोरी का लंबा शेड्यूल पूरा कर लिया है। कार्तिक आर्यन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग का एक बड़ा हिस्सा सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जो प्रशंसित फिल्म निर्माता अनुराग बसु द्वारा निर्देशित एक संगीतमय प्रेम कहानी है। अपने समर्पण और बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाने वाले कार्तिक ने प्रशंसकों के साथ अपडेट साझा करने के लिए इंस्टाग्राम स्टोरीज का सहारा लिया, जिसमें उन्होंने कैप्शन के साथ एक बिहाइंड द सीन तस्वीर पोस्ट की कर कैप्शन में लिखा,"एक लंबे शेड्यूल का आखिरी दिन "।**

हालांकि फिल्म की कहानी के बारे में अधिक कुछ नहीं बताया गया है, लेकिन प्रोजेक्ट से जुड़े सूत्रों का कहना है कि कार्तिक और अनुराग बसु के बीच यह सहयोग अभिनेता द्वारा पहले किए गए किसी भी काम से अलग है। मौजूदा शेड्यूल,जो कई हफ्तो तक चला, जिस्में कई स्थानों पर गहन फिल्मांकन शामिल था। प्रशंसक पहले से ही फिल्म के शीर्षक, संगीत लाइनअप के बारे में अधिक जानकारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसे निर्माताओं ने अभी तक गुप्त रखा है।

इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करने के साथ ही, कार्तिक आर्यन प्रोडक्शन के अगले चरण के लिए तैयार हो गए हैं क्योंकि इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक बनने जा रही इस फिल्म को लेकर उत्सुकता बनी हुई है। इसके साथ ही उनके पास दो और बड़े प्रोजेक्ट तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी और नागजिला है।





# स्टार प्लस के शो 'जादू तेरी नज़र' में अदिति शर्मा की होगी एंट्री

स्टार प्लस के सुपरनैचुरल शो 'जादू तेरी नज़रः डायन का मौसम' में अभिनेत्री अदिति शर्मा, की एंट्री हो रही है। अदिति इस शो में एक रहस्यमय और आकर्षक भूमिका निभाती नज़र आएंगी। अपने किरदार पर बात करते हुए अदिति शर्मा ने कहा, मेरा किरदार उस वक्त एंट्री करता है, जब सब कुछ ठीक लग रहा होता है ,लेकिन असल में ऐसा होता नहीं है। विहान से शादी सिर्फ एक ट्विस्ट नहीं है, ये तो तूफान की शुरुआत है। वो एक तरफ नरम और प्यारी है, तो दूसरी तरफ रहस्यों से घिरी हुई है। उसका हर कदम एक मकसद के साथ होता है, उसकी हर खामोशी एक तूफान छुपाए हुए है। दर्शक यही सोचते रहेंगे , वो मरहम है या तबाही? मुझे 'जादू तेरी नज़रः डायन का मौसम' में इस पेचीदगी को पर्दे पर लाने में बहुत मज़ा आ रहा है। असली खेल तो अब शुरू हुआ है। 'जादू तेरी नज़रः डायन का मौसम' रात 7:40 बजे, सिर्फ स्टार प्लस पर प्रसारित होता है।

# एडल्ट इंडस्ट्री से आकर बॉलीवुड में छाईं सनी लियोनी

**एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस सनी लियोनी 13 मई को अपना 44वां जन्मदिन मना रही हैं। इस खास मौके पर सनी लियोनी के तमाम चाहने वाले फैंस अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस को बर्थडे विश कर रहे हैं। सनी लियोनी एक जमाने में एडल्ट इंडस्ट्री में काम करती थीं लेकिन फिर उन्होंने इंडियन सिनेमा की तरफ कदम बढ़ाया है और काफी नाम कमाया है। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली सनी लियोनी अक्सर अपने बोल्ड फोटोज शेयर कर फैंस का ध्यान खींचती हैं। यहां पर उनके कुछ फोटोज आप देख सकते हैं।**

सनी लियोनी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर उनकी बोल्ड फोटोज की भरमार है। सनी लियोनी आए दिन फोटोशूट करवाती हैं और इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। सनी लियोनी कभी समंदर किनारे तो कभी पूल के साइड में कातिलाना पोज देती नजर आती हैं। सनी लियोनी का ये अंदाज देखकर उनके तमाम चाहने वाले फैंस घायल हो जाते हैं। सनी लियोनी की रिवीलिंग ड्रेस उनके फैंस का ध्यान खींचती हैं। सनी लियोनी कभी मोनोकिनी तो कभी बिकिनी पहनकर अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर लोगों का दीवाना बनाती हैं। सनी लियोनी की सोशल मीडिया पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। जिसके चलते सनी लियोनी के फोटोज और वीडियोज शेयर होते हीसोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो जाते हैं। सनी लियोनी के तमाम चाहने वाले फैंस उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। वहीं, सनी लियोनी भी उनको निराश नहीं करती हैं और अपने बोल्ड फोटोशूट की झलक उन्हें दिखाती रहती हैं।




सनी लियोनी एक समय एडस्ट इंडस्ट्री में काम करती थीं। इसके बाद सनी लियोनी इंडियन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में आईं तो उनकी बोल्ड फोटोज और वीडियोज पर ट्रोलिंग भी होती है।

# 'ना कजरे की धार' वाली एक्ट्रेस अब इंडस्ट्री से है दूर

**1994 में आई फिल्म अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी स्टारर फिल्म 'मोहरा' तो शायद अपने देखी हो। फिल्म के सभी गाने सुपरहिट हुए थे लेकिन एक गाना जो आज भी याद किया जाता है वो है ना कजरे की धार। इस गाने में सुनील शेट्टी संग एक्ट्रेस पूनम झावर शामिल थी। आज पूनम का लुक पूरी तरह बदल गया है। सादगी से सबका दिल जीतने वाली एक्ट्रेस अब काफी बोल्ड अवतार में दिखती हैं। चलिए जानते हैं। एक्ट्रेस पूनम झावर ने अपने करियर में और कई फिल्मों में काम किया हैं, लेकिन लोग उनकी असली पहचान इसी फिल्म से हुई। इस फिल्म से एक्ट्रेस रातोंरात फेमस हो गई थीं। पूनम ने हिंदी फिल्मों के अलावा साउथ की फिल्मों में भी काम किया है। लेकिन अब पूनम का लुक काफी बदल गया है। एक्ट्रेस अपनी फिल्मों से ज्यादा अपने बोल्ड फोटोशूट को लेकर चर्चा में रही हैं।**

एक्ट्रेस की अब की तस्वीरों को वीडियोज देखकर आप उन्हें पहचान ही नहीं पाएंगे। उनका लुक पूरी तरह बदल गया है। इंस्टाग्राम पर लगातार एक्टिव पूनम अपनी काफी बोल्ड फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। फिल्म मोहरा में पूनम झावर ने सुनील शेट्टी की वाइफ का रोल निभाया था। दोनों पर फिल्माया गाना 'ना कजरे की धार, ना मोतियों का हार।' में पूनम झावर की खूबसूरती और इंडियन लुक के लोग दीवाने हो गए थे। मोहरा फिल्म के बाद भी एक्ट्रेस कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, दीवाना हूं मैं तेरा, आंच, द ब्लैक एंड व्हाइट फैक्ट, ओ माय गॉड और आर राजकुमार जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। बता दें कि एक्ट्रेस पूनम झावर बॉलीवुड में आने से पहले एक कामयाब मॉडल रह चुकी हैं। वो कई विज्ञापनों में काम कर चुकी हैं। आज वो सोशल मीडिया पर खूब फोटोज शेयर करती हैं।



**बोल्ड ग्लैमरस लुक देख पहचानना मुश्किल**

